# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 09 दिसम्बर 2023 | वर्ष – 68 | अंक – 29 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ न्याय मिलने में देरी का... ■ पांच राज्यों में चुनाव ... 04
■ इजरायल ने हमास के गढ़ पर किया हमला.. ■ रिपब्लिकन ने सीनेट में यूक्रेन के लिए ... 09
■ मॉनेटरी पॉलिसी के ऐलान के बाद सेंसेक्स... ■ विदेश मुद्रा भंडार चार माह में पहली बार ... 11
■ खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे... ■ भारत ने अफगानिस्तान को.. 10

## तीन राज्यों में मुख्यमंत्रियों के चयन की गाड़ी आगे बढ़ी

# पर्यवेक्षक नियुक्त हुए, मप्र में खट्टर, राजस्थान में राजनाथ और छग में अर्जुन मुंडा लेंगे विधायक दलों की बैठक

### मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 10-11 को होगी विधायकों से रायशुमारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की बड़ी जीत के बाद अब निगाहें मुख्यमंत्री के चयन पर टिकी हुई हैं। जितनी बेसब्री से जनता को इसका इंतजार है उससे ज्यादा बेचैनी भाजपा के भीतर भी है। तरह-तरह के कयास लगाये जाने के बीच अब भाजपा हाई कमान ने यह लगभग साफ कर दिया है कि आगामी 10-11 दिसम्बर तक कोई फैसला सार्वजनिक किया जा सकता है।

पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है और सूत्रों के मुताबिक मप्र तथा छग में 10-11 दिसम्बर को विधायक दलों की बैठक होगी। इन बैठकों में विधायकों की मंशा जानने के बाद पर्यवेक्षक अपने-अपने प्रदेशों की रिपोर्ट भाजपा हाईकमान को सौंपेंगे। उम्मीद की जा रही है कि



इसके तुरन्त बाद मुख्यमंत्रियों की ताजपोशी का ऐलान कर दिया जायेगा।

भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधायक दल के नेता के चयन के लिए तीन-तीन पर्यवेक्षकों के नाम का ऐलान कर दिया है। राजस्थान के लिए भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और राज्यसभा सांसद सरोज पांडे के नाम का ऐलान किया गया है। भाजपा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव आशा लाकड़ा को मध्य प्रदेश के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ में विधायक दल का नेता चुनने के लिए केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, असम के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम के नाम का ऐलान किया गया है।

### नए चेहरों के कयासों के बीच लोकसभा चुनाव तक पुराने चेहरों कर चर्चा

भाजपा के भीतर और बाहर इस बात को लेकर लगातार संभावनाएं जताई जा रही हैं कि पार्टी इस बार मप्र-छत्तीसगढ़ और राजस्थान में अपने पुराने सीएम चेहरों को नजरअंदाज कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि इस बार भाजपा तीनों ही राज्यों ने नए चेहरों पर दांव लगा सकती है। वहीं यह भी चर्चा है कि आगामी लोकसभा चुनाव तक पुराने चेहरों को ही जवाबदारी दी जा सकती है।



पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले पर हुई कार्रवाई

# महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता खत्म

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में शुक्रवार को सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

इससे पहले सदन में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट पर चर्चा के बाद उसे मंजूरी दी गई, जिसमें मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी।


हालांकि महुआ मोइत्रा को निष्कासित करने के लिए सदन में वोटिंग शुरू होते ही विपक्ष ने बॉयकॉट कर दिया। वोटिंग के बाद लोकसभा स्पीकर ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ निष्कासन प्रस्ताव पास कर दिया। इसके बाद लोकसभा को 11 दिसम्बर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा से निष्कासन के बाद महुआ मोइत्रा ने कहा कि

### विपक्ष ने जताया विरोध, वोटिंग का किया बहिष्कार

लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने मुझे झुकाने के लिए बनाई गई अपनी रिपोर्ट में हर नियम तोड़ दिया। कैश या गिफ्ट कोई सबूत ही नहीं मिला। एथिक्स कमेटी ने भी जड़ तक पहुंचे बिना मेरे खिलाफ रिपोर्ट बनाई और कंगारू कोर्ट ने बिना सबूत के मुझे सजा दी।

### उद्योगपति कांग्रेस सांसद के ठिकानों से 220 करोड़ रूपये जब्त होने पर बोले प्रधानमंत्री-

# पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है



**नई दिल्ली।** झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर से करोड़ों रुपए की जब्ती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी टिप्पणी की है। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स पोस्ट में एक खबर साझा किया और मुस्कुराते हुए लिखा, देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें, जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने अपने इस ट्वीट के साथ ही कांग्रेस नेताओं को भी निशाने पर लिया।

उल्लेखनीय है कि-ओडिशा स्थित डिस्टिलरी समूह पर आयकर विभाग की छापेमारी के लगातार कार्रवाई में 156 बैग कैश की जब्ती की गई है, जिसकी कुल कीमत 20 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इससे अब तक छापेमारी के दौरान बरामद की गई कुल रकम 220 करोड़ रुपये हो गई है। यह छापेमारी बोलांगीर जिले में स्थित सुदापाड़ा में हुई। **इन ठिकानों पर हुई छापेमारी-** छापेमारी संबलपुर, बोलांगीर, टिटिलागढ़, बौध, सुंदरगढ़, राउरकेला और भुवनेश्वर सहित कई स्थानों पर की गई। लक्षित डिस्टिलरी समूह ने अभी तक चल रही छापेमारी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह ओडिशा में अब तक की सबसे बड़ी जब्ती बताई जा रही है। नोटों को ट्रक में भरकर ले जाया गया।





सार संक्षेप

### भूकंप के झटकों से कांपे गुजरात,कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र

#### 3.9 रही तीव्रता

**नई दिल्ली।** भूगर्भीय हलचल रुक-रूककर चल रही है। शुक्रवार को देश के चार राज्यों गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में भूकम्प के झटकों से लोगों में दहशत फैल गई। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.9 रही। एएनआई के अनुसार, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने जानकारी देते हुए बताया कि, गुजरात के कच्छ में सुबह 9 बजे रिक्टर पैमाने पर 3.9 तीव्रता का भूकंप आया है। गुजरात के कच्छ जिले के रापर कस्बे के पास शुक्रवार सुबह 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र पृथ्वी की सतह से 19.5 किलोमीटर गहराई में था।अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का असर राजकोट में भी महसूस किया गया और किसी प्रकार के नुकसान की कोई जानकारी अभी तक नहीं मिली है। तमिलनाडु में शुक्रवार सुबह 3.2 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किए गए। महाराष्ट्र की सीमा से सटे उत्तरी कर्नाटक के विजयपुरा जिले के कुछ हिस्सों में शुक्रवार सुबह 3.0 तीव्रता का भूकंप आया।

### उप्र : मऊ में दीवार ढहने से मासूम सहित तीन महिलाओं की मौत

**मऊ।** यूपी के मऊ जिले में शुक्रवार की शाम बड़ा हादसा हो गया। घोसी नगर में अस्करी स्कूल के पास पुरानी दीवार ढहने से वैवाहिक रस्म निभाने गई एक मासूम सहित तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन महिलाएं घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल व आजमगढ़ भेजा गया है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** मुख्यमंत्रियों के चयन में की गाड़ी एक कदम और आगे बढ़ी।

**चुहिया- हां प्रिये-**सबको इंतजार है, मोदी के पिटारे से क्या निकलेगा ?

# महाराष्ट्र: मोमबत्ती फैक्ट्री में आग से छह महिलाएं जिन्दा जलीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पिंपरी चिंचवड़ शहर के तलावड़े इलाके में एक मोमबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने की घटना सामने आई है। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई।

महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त शेखर सिंह ने यह जानकारी दी है। हादसे में आठ लोग घायल हुए हैं जिन्हें पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। फैक्ट्री में मोमबत्तियां बनाई जाती हैं जिनका इस्तेमाल आम तौर पर जन्मदिन समारोह के लिए किया जाता है। हालांकि इसके कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। फैक्ट्री में आग भड़कने के बाद भारी भगदड़ और कोहराम मच गया। जब तक फायर बिग्रेड ने काबू पाया जब तक 6 की जान जा चुकी थी।

## रुला गए दुनिया को हंसाने वाले जूनियर महमूद





**मुम्बई।** जूनियर महमूद के नाम से मशहूर दिग्गज अभिनेता नईम सैय्यद का पेट के कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद शुक्रवार को मुंबई के खार स्थित उनके घर पर निधन हो गया। उन्होंने महज 67 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

अभिनेता के परिवार ने एक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। जूनियर महमूद के परिवार में उनकी पत्नी लता और दो बेटे हैं। जूनियर महमूद हाल ही में अपने सह-कलाकारों जीतेंद्र और सचिन पिलगांवकर से मिलने की अपनी आखिरी इच्छा को लेकर खबरों में थे, जिन्होंने उनकी इच्छा पूरी भी की। इससे पहले उनकी हालत के बारे में पता चलते ही जॉनी लीवर उनसे मिलने पहुंचे।

### लालदुहोमा ने ली मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ



**आइजोल, (एजेंसियां)।** जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने शुक्रवार को मिजोरम के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने राजधानी आइजोल में राजभवन परिसर में लालदुहोमा और अन्य मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले गत बुधवार को ही लालदुहोमा ने राज्यपाल से मिलकर सरकार गठन का दावा पेश कर दिया था। जेडपीएम ने राज्य की 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल कर एमएनएफ और कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। पूर्व आईपीएस लालदुहोमा ने जोराम नेशनलिस्ट पार्टी नाम से एक दल बनाया, जिसके जरिए वे राज्य की राजनीति में सक्रिय हुए।

**मिजोरम के पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं लालदुहोमा** -वहीं दूसरी ओर, राज्य के पांच अन्य छोटे दलों के साथ लालदुहोमा की पार्टी ने गठबंधन कर लिया। जिसके बाद वह गठबंधन राजनीतिक पार्टी में तब्दील हो गया, जो 2017 में जेडपीएम पार्टी के नाम से अस्तित्व में आया। मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी जेडपीएम के अध्यक्ष लालदुहोमा मिजोरम के एक पूर्व आईपीएस अधिकारी हैं।









# देश-विदेश

## राज्यसभा में 70 से अधिक निजी विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को 70 से अधिक निजी विधेयक पेश किए गए। उच्च सदन में शुक्रवार का दिन सदस्यों के निजी विधेयकों के लिए निर्धारित रहता है। आज सदन में विभिन्न दलों के सदस्यों ने 70 से अधिक अलग अलग विधेयक पेश किये जिनमें वक्फ बोर्डों को निरस्त करने से संबंधित निजी विधेयक 'वक्फ निरस्त विधेयक 2022' भी शामिल है। भारतीय जनता पार्टी के हरनाथ सिंह यादव ने यह विधेयक पेश किया। सदन में कुछ सदस्यों ने इसका विरोध किया लेकिन इस प्रस्ताव को 32 के मुकाबले 53 मतों से अस्वीकार कर दिया गया। सभापति जगदीप धनखड़ ने सभी निजी विधेयक पेश किये जाने के बाद कहा कि आज विधेयक पेश करने में काफी समय लगा है इसलिए कार्यवाही का समय सवा पांच बजे तक बढाया जा रहा है।

## उत्तराखंड की तकदीर बदल देगा निवेश : मोदी

### प्रदेश में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं विद्यमान

अमर नाथ तिवारी



**देहरादून, देशबन्धु।** प्रदेश राजधानी के एफआरआई में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा की उत्तराखंड में निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। जो उत्तराखंड की तकदीर बदलकर रख देगा। पर्यटन से लेकर कई अन्य दूसरे क्षेत्र ऐसे हैं, जिनमें निवेश समृद्धि लेकर आएगा। इसमें कल्चर, नेचर, एडवेंचर स्पोर्ट्स और योग आदि क्षेत्र शामिल हैं। मोदी ने कहा कि देश भर के उद्योगपतियों को यह समझना होगा की अपने देश में निवेश से भारत के लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा और चहुंओर समृद्धि होगी, हमें परिस्थितियों को अवसरों में बदलना पड़ेगा तभी हम सफलता के नित नए कीर्तिमान स्थापित करते जाएंगे।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बेहद खूबसूरत दर्शनीय स्थल हैं, जो दुनिया के किसी भी देश के पर्यटक स्थलों से कमतर नहीं हैं। ऐसे में उत्तराखंड डेस्टिनेशन वेडिंग का एक हब बन सकता है। शादियों पर बेशुमार धन खर्च करने वालों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह परिवार की कम से कम एक शादी उत्तराखंड में करेंगे तो राज्य डेस्टिनेशन वेडिंग का केंद्र बन जाएगा। विदेश में शादियों के स्थान पर देश में विवाह को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों में आकांक्षी भारत का निर्माण हुआ है। बड़ी आबादी नए अवसरों से स्वयं को निरंतर जोड़ रही है और देश की प्रगति में योगदान दे रही है। विगत 5 वर्षों में 13.5 करोड लोग गरीबी से बाहर आए हैं और उन्होंने अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के मध्य वर्ग को अपनी क्षमताओं का आकलन करना होगा और उस पर विशऔर उस पर विश्वास जताना होगा तभी एक नया और शक्तिशाली भारत विश्व के पटल पर उभरेगा। उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों में स्थापित करने से राज्य व यहां के निवासियों को आर्थिक रूप में काफी मदद मिलेगी। उत्तराखंड के कई उत्पाद ऐसे हैं जिनमें लोकल से ग्लोबल बनने की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इस दिशा में सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र हर संभव मदद प्रदान करेगा ताकि उत्तराखंड उन्नति के नए सोपान स्थापित कर सके।

## भारत के पहले सूर्य मिशन पर इसरो की बड़ी उपलब्धि

# आदित्य मिशन ने खींची सूर्य की पहली फुल डिस्क तस्वीरें

- टेलीस्कोप ने 11 फिल्टर का किया इस्तेमाल
- सात जनवरी तक लैंग्रेज पॉइंट पर पहुंच सकता है




**बेंगलुरु, (एजेंसियां)।** भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 में लगे पेलोड सूट सोलर अल्ट्रॉवायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (सूट) ने सूर्य की फुल डिस्क तस्वीरें खींची हैं। इन तस्वीरों को कैद करने के लिए पेलोड ने कुल 11 फिल्टर का इस्तेमाल किया है। तस्वीरों की डीटेलिंग शेयर करते हुए इसरो ने लिखा है-सूट ने जो तस्वीरें खींची हैं, उनमें सनस्पॉट, ब्लैक स्पॉट, सूर्य का शांत क्षेत्र नजर आ रहा है। इन्हें इसरो ने शुक्रवार को आधिकारिक हैंडल एक्स पर शेयर किया है। इसरो ने लिखा है- सोलर अल्ट्रॉवायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप पेलोड ने अल्ट्रवॉयलेट वेवलेंथ्स के पास सूर्य की फुल डिस्क इमेज कैप्चर की हैं। इनमें 200 से 400 नैनो मीटर तक की वेवलेंथ में सूर्य की पहली फुल-डिस्क रिप्रजेंटेशन शामिल है। तस्वीरें सूर्य के फोटोस्फीयर और क्रोमोस्फीयर के क्रिटिकल डीटेल्स दिखा रही हैं। सूर्य के वायुमंडल की स्टडी के लिए 2 सितम्बर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस स्टेशन से पोलर सैटेलाइट व्हीकल (पीएसएलवी-सी 57) के जरिए आदित्य एल1 मिशन को लॉन्च किया गया था।

**तस्वीरों से मिलेगा फायदा** -सूट के जरिए भेजी गई तस्वीरों की स्टडी से वैज्ञानिकों को मैग्नेटिक सोलर एटमॉस्फीयर की डायनैमिक कपलिंग की स्टडी में मदद मिलेगी। इससे पृथ्वी की जलवायु पर सोलर रेडिएशन के असर को रोकने में भी मदद मिलेगी। इसके पहले इसरो ने 7 सितम्बर 2023 को आदित्य-एल-1 पर लगे कैमरे से ली गई सेल्फी के साथ पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें शेयर की थीं। आदित्य ने 4 सितम्बर को ये फोटो खींची थीं। फोटो में आदित्य पर लगे 2 इंस्ट्रूमेंट वीईएलसी और सूट भी दिखाई दे रहे थे।

**लैगरेंज पॉइंट-1 (एल-1) क्या है-** लैगरेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में रू नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रिफ्यूगल फोर्स बन जाती है। ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जेक्ट को रखा जाता है तो वह आसानी उस पॉइंट के चारों तरफ चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैगरेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है।


**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड**
मुख्यालय, भोपाल

क्र./परिवहन/निविदा/243975/2023/NIT No./1237 भोपाल, दि. : 08.12.2023

**परिवहन एवं गोदाम स्तर पर हम्माली कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

01- कारपोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling, Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से शेष रहे जिलों/रैकपाईन्ट/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-
01- HLRT (खाद्यान्न) रैकपाईन्ट (पांचवी निविदा)
02- LRT (सामान्य) रैकपाईन्ट (चतुर्थ निविदा)
03- Cluster (Unified)-(lrt-Gen and hlrt-food for Seoni, Mandla and Balaghat) एक्जायी (द्वितीय निविदा)
03- LRT रबी एवं खरीफ उपार्जन (चौदहवीं निविदा)
निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 (9:00 am - 10:00 pm Mon to Sat) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

एवं

02- कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के हम्माली कार्यों हेतु ऑनलाइन म.प्र. शासन के MPTENDRS पोर्टल पर शेष रहे जिलों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-
❖ गोदाम स्तर पर हम्माली कार्य (आठवीं)
निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। सहयोग एवं स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर 0120-4001002 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/112708/2023 **महाप्रबंधक (परिवहन)**


## कपड़े उतार परेड कराई

**गाजा ।** गाजा से कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं जिनमें कई फिलिस्तीनी घुटनों के बल नंगी परेड करते दिख रहे हैं। इनके बारे में इजरायल द्वारा दावा किया गया है कि यह लोग हमास से जुड़े आतंकी हैं।

इन सभी को बीच सड़क पर बिना कपड़ों के बैठाया गया है। इन्हें घुटनों के बल चलाया जा रहा है। एक अन्य तस्वीर में सैकड़ों की संख्या में लोग रेत पर बैठे हैं। इनके भी शरीर पर कोई कपड़ा नहीं है। यह लोग सिर्फ अंडरवियर पहने हुए हैं। इजरायली सेना ने इन लोगों को ऐसा करने पर मजबूर किया। इसे 7 अक्टूबर को हुए हमले के बदले के तौर पर भी देखा जा रहा है। एक चश्मदीद के मुताबिक सेना के आदेश का तुरंत पालन नहीं करने पर सात लोगों को गोली भी मार दी गई।

### इजरायल का दावा हमास आतंकियों को सिखवाया सबक


**Jabalpur Smart City Limited (JSCL)**
Manas Bhavan Wright Town, Jabalpur, MP-482001, www jscljabalpur.org
Contact: admin@jscljabalpur.org, ceojscl@mpurban.gov.in Mob, 7611136800
Ref. JSCL/2023/1415/ADM/66 Date- 07.12.2023
Notice Inviting Tender (2 Call)
Jabalpur Smart City Limited invites proposal for "Selection of Concessionaire for Operation and Maintenance of NMT Corridor from Bhatkhande Sangeet Vidhyalaya to Old Bus Stand (NMT Phase-1) and Old Bus Stand to Jyoti Talkies (NMT Phase-1), at Jabalpur" from eligible firms having experience of similar type of work. Interested bidder may obtain the detail RFP document from www.mptenders.gov.in (Jabalpur smart city ltd) and www.jscljabalpur.org.
**Chief Executive Officer**
**Jabalpur Smart City Limited**

**न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
प्रकरण क्रमांक/1265/अ-6/23-24
**आम इश्तहार**
आम और खास को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कुलदीप कौर सिंह गुरविंदर मिसी 519 ईसाई मोहल्ला गोरखपुर के द्वारा के आधार पर स्वयं का नाम मौजा पुरवा प.ह.नं. 07 खसरा नं. 151, 152, 155, 156, 157, 159, 160, 161 प्लाट नं. 116 रकवा 132.32 हे. भूमि पर शासकीय रिकार्ड में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज सहित न्यायालय में प्रस्तुत किया है।
अत: उक्त उपरोक्त का नाम दर्ज करने में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आम इश्तहार जारी होने के 15 दिवस के भीतर ही आपत्ति स्वीकार की जावेगी।
आज दिनांक 14/08/2023 को पदमुद्रा से इश्तहार जारी किया जाता है।
र.नं. 1711
**तहसीलदार गोरखपुर**
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर**

**Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalay, Jabalpur**
**COLLEGE OF AGRICULTURE, TIKAMGARH**
**WALK-IN-INTERVIEW**
Eligible candidates may appear for "Walk-In-Interview" for the post of Research Associate (RA), Senior Research Fellow (SRF) and Lab Worker (LW) on contractual basis with the original documents and two sets of application form (with self attested photographs and photocopies of documents) on dated 20 December, 2023 (11.00 AM onwards) under the project entitled "RKVY funded Agroforestry based project entitled "Developing and establishing hi-tech plant tissue culture laboratory for supplying quality planting materials of different forest based plants to local farmers for livelihood enhancement with diffusion of research" at College of Agriculture, Tikamgarh.
Details and format for application can be obtained from http://www.jnkvv.org
Place of Interview: Office of The Dean, JNKVV, College of Agriculture, Tikamgarh,
**IPRO/PBG/2023/60** **DEEN**


निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**इंडियन बैंक Indian Bank**
**इलाहाबाद ALLAHABAD**

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)**
(Under Rule-8(1) of Security Interest (Enforcement) Rules- 2002)

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेटेस एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम- 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शाई राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया।
उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम के नियम- 8 और 9 के साथ पठित उक्त एक्ट के द्वारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।
विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार और सामान्य रूप से जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस सम्पत्ति से संबंधित कोई लेन-देन नहीं करें और निम्नलिखित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिए इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगा।

| क्र. | शाखा का नाम | ऋणी एवं बंधककर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना का दिनांक | कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसएस आईएफ सतना | **ऋणी- मेसर्स खण्डेलवाल ब्रदर्श (प्रोपराइटर श्री अंकुर खण्डेलवाल),** हनुमान चौक के पास, खण्डेलवाल सदन, सतना (म.प्र.)- 485001 **प्रोपराइटर/ऋणी- 2. श्री अंकुर खण्डेलवाल पिता श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल,** पताः 1- गोविंदम अपार्टमेन्ट के बाजू में, भरूत नगर, सतना (म.प्र.)- 485001 पताः 2- सेकेण्ड फ्लोर, खण्डेलवाल सदन, चौक बाजार, सतना (म.प्र.)- 485001 **जमानतदार/बंधककर्ता- 3. श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल पिता श्री चन्द्र भान खण्डेलवाल,** हनुमान चौक के पास, खण्डेलवाल सदन, सतना (म.प्र.)- 485001 **जमानतदार- 4. श्रीमति किरण खण्डेलवाल पत्नि श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल,** हनुमान चौक के पास, खण्डेलवाल सदन, सतना (म.प्र.)- 485001 | म्युनिसिपल मकान सम्पत्ति स्वामी- श्री कृष्ण कुमार खण्डेलवाल, खसरा नं. 984/1/सी-6, फ्लैट नं. सी-6 थर्ड फ्लोर स्थित ''गोविंदम'' बिल्डिंग निर्मित अराजी नं. 80/2/2/1, 80/2/2/2, 80/2/2/3, 80/2/2/4, 80/2/25, 80/2/2/6 (सुपर बिल्ड अप एरिया 1315 वर्गफुट जिसकी ऊँचाई 10 फुट), मौजा- कोलगांव, वार्ड नं. 07/06, प.ह.नं.- 83/52 सतना, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (म.प्र.)। चतुर्सीमाः उत्तर- खुला एरिया, दक्षिण- फ्लैट नं. सी-5, पूर्व- कॉमन पैसेज, पश्चिम- खुला एरिया (रजिस्ट्र्ड सेल डीड नं. 417 दिनांक 11.06.2014, जिल्द नं. 7699, पेज नं. 27 से 35 रजिस्ट्र्ड सब रजिस्ट्रार सतना) | 05/09/2023 | 06/12/2023 | रू. 33,99,918/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 2 | टीकमगढ़ | **ऋणी- जागीर स्व. श्री मिथलेश कुमार दीक्षित प्रतिनिधित्व विधिक उत्तराधिकारी (अ) श्रीमति रामप्यारी दीक्षित (पत्नि) (ज्ञात) (ब) श्री अमित दीक्षित (पुत्र) (ज्ञात),** ग्राम- छिंदारी, वार्ड नं. 23, हेड पोस्ट ऑफिस के पीछे, तहसील- खरगापुर, जिला- टीकमगढ़ (म.प्र.)- 472115 **जमानतदार- श्री राजा राम विश्वकर्मा पिता श्री रामदयाल यादव,** मऊ चुंगी, नया बस स्टैण्ड रोड, टीकमगढ़ (म.प्र.)- 472115 **जमानतदार- श्रीमति रामप्यारी दीक्षित,** ग्राम- छिंदारी, वार्ड नं. 23, हेड पोस्ट ऑफिस के पीछे, तहसील- खरगापुर, जिला- टीकमगढ़ (म.प्र.)- 472115 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि स्थित खसरा नं. 548, एरिया- 0.018 एकड़ या 2000 वर्गफुट (पूर्व- पश्चिम- 50, उत्तर- दक्षिण- 40), प्लाट नं. 514 जुज, स्थित मौजा टीकमगढ़ किला, प.ह.नं.- 10, आर.आई. सर्किल- टीकमगढ़, ब्लॉक- टीकमगढ़, तहसील- टीकमगढ़, जिला- टीकमगढ़ (म.प्र.), जो कि श्री मिथलेश कुमार दीक्षित पिता श्री शोभा राम दीक्षित रजिस्ट्र्ड है। चतुर्सीमाः उत्तर- अनीस खरे का प्लाट, दक्षिण- 12 फुट की गली, पूर्व- 15 फुट की गली, पश्चिम- नापित की भूमि। | 04/09/2023 | 05/12/2023 | रू. 21,58,957.28 + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 3 | रीवा मेन | **ऋणी- 1. श्री धर्मेन्द्र कुमार सोनी पिता श्री मथुरा प्रसाद सोनी,** वार्ड नं.- 21, धोबिया टंकी के पास, कटरा मोहल्ला, रीवा **सह-ऋणी/बंधककर्ता- 2. श्रीमति कुंती देवी सोनी पत्नि श्री मथुरा प्रसाद सोनी,** वार्ड नं.- 21, धोबिया टंकी के पास, कटरा मोहल्ला, रीवा **जमानतदार- 3. श्री बीरेन्द्र कुमार सोनी पिता श्री मथुरा प्रसाद सोनी,** वार्ड नं.- 21, धोबिया टंकी के पास, कटरा मोहल्ला, रीवा **जमानतदार- 4. श्रीमति रानी सोनी पत्नि श्री धर्मेन्द्र कुमार सोनी,** वार्ड नं.- 21, धोबिया टंकी के पास, कटरा मोहल्ला, रीवा | सम्पत्ति के सभी भू-भाग भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी श्रीमति कुंती देवी सोनी पत्नि श्री मथुरा प्रसाद सोनी, स्थित खसरा नं. 189/1/4/41, ग्राम जोरी 290, पटवारी हल्का जोरी, आर.आई. सर्किल रीवा, तहसील हुजूर, जिला रीवा (म.प्र.), एरिया 1650 वर्गफुट, निर्मित एरिया 1650 वर्गफुट में से। चतुर्सीमाः उत्तर- पंडित जी का प्लाट, दक्षिण- विनीता तिवारी का प्लाट, पूर्व- 20 फुट चौड़ी रोड, पश्चिम- नाला। | 06/10/2023 | 06/12/2023 | रू. 15,51,273/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |

**दिनांकः 09/12/2023, स्थान- सतना** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**

In The Court Of XII Additional District and Session Judge, District Court, Jabalpur
Presiding Officer: **रवींद्र प्रताप सिंह चुंडावत**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**
(MJC/0000768/2022)
मोहम्मद रकीब ...वादी
**Vs**
श्रीमती छाया पटेल ...प्रतिवादी
**Process Id**-/ 2023
पेशी दि.:-07/02/2024
प्रेषिती-
**(1) गोपाल प्रसाद पटेल पिता पूरनलाल पटेल पता- 1321 20 एन पंडा की मढ़िया गढ़ा वार्ड जिला जबलपुर मध्यप्रदेश**
**(2) मुन्ना राजपूत पता- मकान नम्बर 1274 मदन महल जबलपुर मध्यप्रदेश**
यह कि प्रार्थी मोहम्मद रकीब ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 13 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 25 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
**टिप्पणी** - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 13 व्यवहार प्रक्रिया संहिता की छायाप्रति संलग्र है।
**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
**(रवीन्द्र प्रताप सिंह चुण्डावत)**
**जिला न्यायाधीश (द्वादश)**
र.नं. 1709 **जबलपुर (म.प्र.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1296/अ-6/2021-22
जबलपुर, दिनांक-28/11/23
**आम इश्तहार**
एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम लमती प.ह.नं. 17/25 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका सुरेन्द्र कुमार दुबे पति/पिता तीरथ प्रसाद दुबे जाति सामान्य निवासी आनंदकुंज गढ़ा के द्वारा ग्राम लमती बंदोबस्त नंबर 642 प.ह.नं. 17/25 में स्थित भूमि खसरा नंबर 30/1, 30/23, 30/24 रकवा क्रमशः 172 व.फु. अविभाजित हिस्सा व.फु./हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 1154 दिनांक 16/06/2015 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 12/12/23 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-28/11/2023
पेशी दिनांक-12/12/2023
**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर**
र.नं. 1710

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं (आर्मी नं- JC-732251K रैंक - SUB) लोमन सिंह सोनबोइर उम्र 52 वर्ष पुत्र स्वर्गीय ढाल सिंह सोनबोइर निवासी ग्राम झलमला पोस्ट झलमला थाना बालोद जिला बालोद छ ग है तथा मैं COD जबलपुर में कार्यरत हूँ। मेरे बेटे का नाम (DOMENDRA) मेरे सेवा रिकॉर्ड में गलत दर्ज हैं जबकि मेरे बेटे का नाम (DOMENDAR SINGH SONBOER) मेरे बेटे के शिक्षा प्रमाण पत्र, पैन कार्ड और आधार कार्ड में दर्ज है जो सही और सत्य है, इसलिए मैं अपने बेटे का नाम पंजीकरण कराना चाहता हूं मैं अपने सर्विस रिकॉर्ड में अपने पुत्र का नाम. (DOMENDRA) के स्थान पर नाम (DOMENDAR SINGH SONBOER) संशोधित एवं पंजीकृत करना चाहता हूँ.
जबलपुर
दिनांक 18/09/2023
भवदीय,
(आर्मी नं- JC-732251K रैंक-SUB) लोमन सिंह सोनबोइर सी-ओ-डी.
जबलपुर (म.प्र.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर जिला-जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1352/अ-6/2021-22
जबलपुर, दिनांक-28/11/23
**आम इश्तहार**
एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम लमती प.ह.नं. 17/25 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका कला सामान्य पति/पिता सुरेश कुमार सराफ जाति सराफ निवासी जबलपुर के द्वारा ग्राम लमती बंदोबस्त नंबर 642 प.ह.नं. 17/25 में स्थित भूमि खसरा नंबर 30/1, 30/23, 30/24 रकवा क्रमशः 2500 व.फु./हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 1470 दिनांक 28/09/2001 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 12/12/23 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-28/11/2023
पेशी दिनांक-12/12/2023
**अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर**
र.नं. 1710

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**// निविदा सूचना //**
निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-501 08/12/2023 | संभाग क्रं. 02 कछपुरा कमला नेहरू वार्ड के अंतर्गत सुरेश पटैल से राकेश पटैल के घर एवं गजानंद मंदिर द्वार तक सीमेंट सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | दो माह 4.21 लाख | 2000 4212 | 27/12/2023 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-नरसिंहपुर (म.प्र.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )**
प्रकाशन क्र. 78/2023-24 दिनांक-05/12/2023
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों में निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

| सं. क्र. | निविदा सूचना क्रं./दिनांक | ई- निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | ऑन लाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 238/ 04.12.2023 | 2023_ PHED_ 317896_1 | Conducting yield test for 08 Hrs. of Tubewells in various villages of Block Narsinghpur & Gotegaon under Narsinghpur Division. (75 Nos. job) (1st Call) | 7.70 | 15400.00 | 2000.00 | 20.12.2023 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2. | 239/ 04.12.2023 | 2023_ PHED_ 317899_1 | Conducting yield test for 08 Hrs. of Tubewells in various villages of Block Kareli & Chawarpatha under Narsinghpur Division. (75 Nos. job) (1st Call) | 7.70 | 15400.00 | 2000.00 | 20.12.2023 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 3. | 240/ 04.12.2023 | 2023_ PHED_ 317900_1 | Conducting yield test for 08 Hrs. of Tubewells in various villages of Block Chichli & Saikheda under Narsinghpur Division. (75 Nos. job) (1st Call) | 7.70 | 15400.00 | 2000.00 | 20.12.2023 | 90 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-21365/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। **कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड - नरसिंहपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

## भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की : ममता

**कोलकाता।** महुआ मोइत्रा की लोकसभा सदस्यता समाप्त किये जाने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया जताते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने कहा है कि-महुआ को बोलने का मौका भी नहीं दिया गया यह किसी भी रूप में न्याय नहीं। वह परिस्थितियों की शिकार हैं। भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। जनता भाजपा को जवाब देगी। तृणमूल कांग्रेस इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी।



राघौगढ़ की आभार सभा में पहुंचे मुख्यमंत्री, बोले-

# कांग्रेस ईवीएम ने नहीं अहंकार ने हराया



### बहनों से बोले- तुम्हारी जिंदगी में कभी अंधेरा नहीं होने दूंगा

**गुना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को राघौगढ़ में धन्यवाद सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी हीरेन्द्र का हाथ उठाते हुए कहा कि हीरेन्द्र हारे नहीं हैं उन्हें जनता ने 91 हजार से अधिक वोट दिए हैं। यह हारे नहीं हैं यह तो जीते हैं। आपने जो प्यार, दुलार और विश्वास बंटी बना पर जताया है, वह आपको विश्वास दिलाता है कि यह विश्वास मैं कभी आपका टूटने नहीं दूंगा।

मुख्यमंत्री पूर्व सीएम दिग्विजय के गृह नगर राघौगढ़ में आभार सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ईवीएम ने नहीं बल्कि उनके अहंकार ने हराया है। उन्होंने कहा कि दिग्विजय जी एवं कमलनाथ जी हर बार ईव्हीएम को दोष देते हैं, यदि ऐसा होता है तो हम बंटी को दो-चार हजार वोटों से पीछे क्यों रहने देते। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बंटी बना की तरफ मुखातिब होते हुए कहा कि बंटी तुम तो राघौगढ़ देखोंगे ही हम भी यहां से चुनाव लड़ चुके हैं, हम भी राघौगढ़ देखेंगे, दोनों मिलकर राघौगढ़ देखेंगे। मैं यहां से 2003 में चुनाव लड़ा था। मैंने तब सोचा था कि यह मुख्यमंत्री का क्षेत्र है विकास तो बहुत हुआ होगा। लेकिन यहां आकर देखा तो न सडक़ें थी न लाईट थी। सडक़ में गढ्डे नहीं थे, गढ्डों में सड़क थी। लाड़ली बहनाओं तुमने आरती उतारी है तुम्हारे शिवराज भाई का संकल्प है कि तुम्हारी जिंदगी में कभी अंधेरा नहीं होने देगा। सभा के दौरान मुख्यमंत्री पद का फैसला होने से पहले शिवराज आत्मविश्वास से लबरेज नजर आए। इसके पूर्व मुख्यमंत्री हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक रोड शो करते हुए पहुंचे। राघौगढ़ वालों आपने फूल वर्षा कर स्वागत किया है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं राघौगढ़ के विकास में कोई कांटा नहीं रहने दिया जाएगा। बंटी बना के नेतृत्व में राघौगढ़ के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राघौगढ़ को जो लोग जागीर मानते हैं और जिन्होंने कई सीटों पर जीत दिलाने का ठेका लिया था वहां भाजपा कहीं 50 हजार तो कहीं 60 हजार वोटों से प्रचंड जीत दर्ज की है।

### हम हार कर प्रसन्न हैं, वह जीत कर भी सदमे में हैं : बंटी बना

स्वागत भाषण देते हुए राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी रहे हीरेन्द्र सिंह बंटी बना ने राघौगढ़ की जनता जर्नादन का झुककर आभार जताया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेरे पास मुख्यमंत्री का फोन आया कि मैं राघौगढ़ का आभार जताना चाहता हूं इसलिए कल ही आऊंगा। ऐसे संवेदनशील मुख्यमंत्री का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। श्री बना ने कहा कि हम धन्यवाद देने इसलिए आएं हैं क्योंकि यहां हम हारे नहीं जीते हैं। हमने तो राघौगढ़ का इतिहास बदल दिया। यहां लोगों को धमकाया जाता था कि झंडे मत लगाना। हमने कहा ठीक है भैया झंडा तुम लगा लो, लेकिन वोट मामा जी को ही देना। श्री बना ने विधायक जयवर्धन सिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम हार कर भी प्रसन्न हैं वह जीतकर भी सदमे में हैं। मैं मतगणना में नहीं आया। मुझे कार्यकर्ताओं पर विश्वास था। जब हम हारकर भी मतगणना स्थल पर पहुंचे तो हमारा स्वागत जीत जैसा हुआ। इस मौके पर श्री बना ने कहा कि चांचौड़ा और गुना विधायक को जीत की बधाई देते हुए कहा कि चांचौड़ा में भी बहन प्रियंका मीना ने इतिहास कायम कर दिया और कईयों का अंहकार चूर कर दिया।

## दिल्ली में हुआ कांग्रेस की हार के कारणों पर हुआ मंथन

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में मिली हार के कारणों को जानने के लिए शुक्रवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक हार के कारणों पर मंथन तो किया गया, लेकिन किसी को हार का जिम्मेदार नहीं ठहराया गया, न ही किसी से इस्तीफा मांगा गया, बल्कि प्रदेश कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को प्रदेश में लोकसभा चुनाव लड़ाने की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। कमलनाथ ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी का खाका पेश किया। प्रदेश के नेताओं ने आलाकमान को बताया कि लोकसभा चुनाव की रणनीति के बारे में बताया।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 230 सदस्यीय सदन में 163 सीट जीतकर अपनी सत्ता बरकरार रखी है। कांग्रेस सिर्फ 66 सीट ही जीत सकी। इसी हार को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने मध्यप्रदेश इकाई के साथ मंथन किया। बैठक में नतीजों को स्वीकार करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मध्यप्रदेश के चुनावी नतीजों का गहराई से विश्लेषण किया। कांग्रेस से मध्य प्रदेश का मन जीतने में कहां कमियां रहीं, इस पर आत्ममंथन और विश्लेषण किया गया और चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और गांधी ने भविष्य को लेकर कुछ सुझाव भी दिए।

श्री सुरजेवाला ने कहा कि जनता ने यदि कांग्रेस को प्रदेश में विपक्ष की भूमिका अदा करने का आदेश दिया है। कांग्रेस एक सजग पहरेदार की तरह उसे स्वीकार करेगी ओर एक पहरेदार की तरह प्रदेश की जनता की रक्षा करेगी।

## हिमाचल में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द : सुक्खू

**शिमला, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि मंत्रिमंडल विस्तार इसी साल होगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मंत्रिमंडल में खाली पड़े पदों को भरा जाएगा। विधानसभा में पार्टी की ओर से दी गई दस गारंटियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन गारंटियां पूरी कर दी है। सरकार बनते ही सबसे पहले एनपीएस कर्मचारियों को ओपीएस लागू किया गया। प्रदेश के बेरोजगारों के लिए स्टार्टअप योजना शुरू की गई है। 680 करोड़ की स्टार्टअप योजना के तहत प्रदेश सरकार ई-टैक्सी खरीदकर देगी और सभी टैक्सियां सरकारी विभागों में सेवाएं ली जाएंगी। तीसरी गारंटी के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इंग्लिस मीडियम स्कूल खोलने को पूरा किया गया है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग जबलपुर

**अम्बेडकर भवन के सामने हाईकोर्ट चौराहे के पास जबलपुर**

पत्र क्रं. 2782 /निविदा/लेखा/ग्रा.यां.से./2023 जबलपुर, दिनांक -05.12.2023

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति क्रं.- 06/2023-24**

कार्यालय अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्रं. | सिस्टम टेन्डर नम्बर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदत्त राशि (रुपये में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | निविदा आमंत्रण की क्रम | लागू एस.ओ. आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_RES_316911_1 | रंगमंच निर्माण कार्य महावीर कालोनी गार्डन में गुप्तेश्वर वार्ड क्रमांक 10 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 2. | 2023_RES_316920_1 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य राजीव गांधी शासकीय स्कूल महेशपुर में नरसिंह वार्ड क्रमांक 14 | जबलपुर | 318000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 3. | 2023_RES_316921_1 | रंगमंच निर्माण कार्य मानव लोक सोसायटी गार्डन में मदन महल वार्ड क्र. 15 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 4. | 2023_RES_316922_1 | रंगमंच निर्माण कार्य शारदा पार्क में शहीद गुलाब सिंह वार्ड | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 5. | 2023_RES_316923_1 | रंगमंच निर्माण कार्य नब्बे क्वार्टर में गढ़ा वार्ड क्रमांक 01 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 6. | 2023_RES_316924_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य गौतम मढिया से ज्योति नगर तिराहा तक इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 06 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 7. | 2023_RES_316925_1 | रंगमच निर्माण कार्य संजीवनी नगर लाल मैदान से वीर सावरकर वार्ड क्र. 07 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 8. | 2023_RES_316926_1 | रंगमंच निर्माण कार्य छुई खदान में रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 17 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 9. | 2023_RES_316928_1 | रंगमंच निर्माण कार्य पानी की टंकी के पीछे चौधरी मोहल्ला में शंकरशाह वार्ड क्रमांक 04 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 10. | 2023_RES_316929_1 | रंगमंच निर्माण कार्य शिवराज चौहन नगर ललपुर में ग्वारीघाट वार्ड क्रमांक 08 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 11. | 2023_RES_316931_1 | रंगमंच निर्माण कार्य चंडी माता मंदिर के पास बाबूराव परांजपे वार्ड क्रमांक 09 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 12. | 2023_RES_316932_1 | रंगमंच निर्माण बेहर दाई मंदिर एवं हाउबाग स्टेशन के पास जार्ज डिसिल्वा वार्ड क्रमांक 12 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 13. | 2023_RES_316933_1 | रंगमंच निर्माण ककरैया तलैया में पं. बनारसी दास भनोट वार्ड क्रमांक 13 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 14. | 2023_RES_316934_1 | रंगमंच निर्माण सिद्धनगर में स्वामी वीरेन्द्र पुरी वार्ड क्रमांक 02 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 15. | 2023_RES_316935_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य पश्चिम नर्मदा विहार गेट से यादव जी के मकान तक त्रिपुरी वार्ड क्रमांक 03 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 16. | 2023_RES_316936_1 | रंगमंच निर्माण कार्य मांडवा बस्ती सरदार वल्लभ भाई पटैल वार्ड क्रमांक 05 | जबलपुर | 340000.00 | 8500.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 17. | 2023_RES_316937_1 | रंगमंच निर्माण कार्य गंगानगर लाल बिल्डिंग के पास महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 16 | जबलपुर | 340000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 18. | 2023_RES_316938_1 | क्षतिग्रस्त सडक के डामीरकरण कमला नेहरू वार्ड के स्नेह नगर में इन्द्रा पार्क | जबलपुर | 424000.00 | 8500.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 19. | 2023_RES_316939_1 | क्षतिग्रस्त सड़क के डामीरकरण नेपियर टाउन में विभिन्न सड़कों एवं नवीन विद्या भवन स्कूल के चारो ओर जबलपुर | जबलपुर | 424000.00 | 8500.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 20. | 2023_RES_316940_1 | भवन निर्माण कार्य विकलांग सेवा भारतीय मानसिक दिव्यागों को शैक्षणिक एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र स्नेह नगर एक्सटेंशन कमला नेहरू वार्ड | जबलपुर | 892000.00 | 18000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 21. | 2023_RES_317782_1 | धर्मशाला निर्माण कार्य झंडा चौक एवं अवधिपुरी कालोनी के बीच गणेश मंदिर के पास ग्वारीघाट वार्ड जबलपुर | जबलपुर | 403000.00 | 9500.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 22. | 2023_RES_317783_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य आनंद भवन के पास एड. रघुवर पटैल के मकान राजा ठाकुर के मकान दीवान आधार सिंह वार्ड क्र. 61 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 23. | 2023_RES_317831_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य जयराम चौक से सचिन जैन के मकान तक भीमराव अम्बेडकर वार्ड क्र. 62 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 24. | 2023_RES_317832_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य बद्री चौक से मुक्ती धाम तक शहीद भगत सिंह वार्ड क्र. 63 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 25. | 2023_RES_317833_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य बजरंग नगर हनुमान मंदिर से बबली आटा चक्की तक महर्षि सुदर्शन वार्ड क्र.64 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 26. | 2023_RES_317834_1 | रंगमंच निर्माण कार्य आमानाला में चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 69 | जबलपुर | 311200.00 | 6500.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 27. | 2023_RES_317835_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य मौर्या मासाब के घर से दुबे जी के घर तक लाल लाजपतराय वार्ड क्र.70 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 28. | 2023_RES_317836_1 | रंगमंच निर्माण कार्य भीटा के झारिया मोहल्ला में रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र.66 | जबलपुर | 311200.00 | 6500.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 29. | 2023_RES_317837_1 | रंगमंच निर्माण कार्य थाने के पीछे वार्ड क्र. 4 एवं 5 (केन्ट बोर्ड) | जबलपुर | 311200.00 | 6500.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 30. | 2023_RES_317838_1 | शेड निर्माण कार्य कंचनपुर शमशान घाट में निर्मल चंद जैन वार्ड जबलपुर | जबलपुर | 339200.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 31. | 2023_RES_317839_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य सूजी पुरा स्कूल से नन्हू सिंह अखाडा मैदान तक गोविन्द वल्लभ पंत वार्ड क्र.26 | जबलपुर | 338703.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 32. | 2023_RES_317840_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य आदर्श मुनी त्रिवेदी के मकान से बाबूलाल नामदेव के मकान तक राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्र. 37 | जबलपुर | 338703.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 33. | 2023_RES_317841_1 | रंगमंच निर्माण कार्य वेयर हाउस के पास लोकमान्य तिलक वार्ड क्र. 23 | जबलपुर | 340000.00 | 6800.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 34. | 2023_RES_317842_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य कल्लू तिवारी के मकान से कश्मीर गोदाम तक महात्मा गांधी वार्ड क्र.25 | जबलपुर | 338600.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 35. | 2023_RES_317843_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य गणेश नगर के विकास द्वार से मुख्य मार्ग तक कमला नेहरू नगर वार्ड क्र. 19 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 36. | 2023_RES_317844_1 | रंगमंच निर्माण कार्य शीतलामाता मंदिर के बाजू में चेरीताल वार्ड क्र. 27 | जबलपुर | 340000.00 | 6800.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 37. | 2023_RES_317845_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य डॉ. रवि अग्रवाल के हॉस्पिटल से टंडन हाउस चमन अपार्टमेन्ट तक सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड क्र. 32 | जबलपुर | 339790.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 38. | 2023_RES_317846_1 | बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य गीता कावडे के मकान के सामने गार्डन में जयप्रकाश नारायण वार्ड क्र. 28 | जबलपुर | 338000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 39. | 2023_RES_317847_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य त्रिमूर्ति नगर गली नं. 3 मुख्य मार्ग से महावीर किराना दुकान के पास राममनोहर लोहिया वार्ड क्र. 29 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 40. | 2023_RES_317849_1 | रंगमंच निर्माण कार्य माढोताल बस्ती में श्रीराम कॉलेज के गेट के पास पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र. 30 | जबलपुर | 340000.00 | 6800.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 41. | 2023_RES_317850_1 | रंगमंच निर्माण कार्य कृष्णा कालोनी में हनुमान मंदिर के पास राजीव गांधी वार्ड क्र. 31 | जबलपुर | 340000.00 | 6800.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 42. | 2023_RES_317851_1 | रंगमंच निर्माण कार्य वृंदावन गार्डन में महाराज अग्रसेन वार्ड क्र. 35 | जबलपुर | 340000.00 | 6800.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 43. | 2023_RES_317852_1 | रंगमंच निर्माण कार्य कठौंदा में हनुमान मंदिर के पास वार्ड क्र. 72 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 44. | 2023_RES_317853_1 | रंगमंच निर्माण कार्य शंकर नगर करमेता में वार्ड क्र. 73 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 45. | 2023_RES_317854_1 | रंगमंच निर्माण कार्य शंकर नगर सुहागी में वार्ड क्र. 74 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 46. | 2023_RES_317855_1 | रंगमंच निर्माण कार्य शिवशक्ति नगर दुर्गा मंदिर के बाजू में वार्ड क्र. 75 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 47. | 2023_RES_317856_1 | रंगमंच निर्माण कार्य मढई के शिव मंदिर के पास वार्ड क्र. 76 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 48. | 2023_RES_317857_1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य गुड्डा सेन के घर से अन्नू पटैल के घर तक वार्ड क्र. 77 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 60 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 49. | 2023_RES_317858_1 | रंगमंच निर्माण कार्य नई बस्ती शासकीय स्कूल के बाजू में वार्ड क्र. 78 | जबलपुर | 339000.00 | 7000.00 | 2000 | 90 दिवस | प्रथम | 11.04.2022 |
| 50. | 2023_RES_317861_1 | हाई एवं मिडिल स्कूल महगवां ककरतला में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य | जबलपुर | 907476.00 | 18500.00 | 2000 | 90 दिवस | द्वितीय | 11.04.2022 |

नोट :- उपरोक्त सभी निर्माण कार्यो की समयावधि वर्षाकाल सहित है।

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाम्यूमेंट) वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने, बिड सममिशन, बिड क्लोजिंग व बिड ओपनिंग का विवरण निम्नानुसार है-

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभ तिथि - 15.12.2023 प्रातः 11.00 बजे से
2. ऑनलाईन बिड सबमिशन तिथि - 15.12.2023 प्रातः 11.00 बजे से
3. ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 23.12.2023 प्रातः 17.30 बजे से तक
4. ऑनलाईन बिड खोले जाने की तिथि - 26.12.2023 प्रातः 11.00 बजे से

निविदा सूचना में किसी भी संशोधन का समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा यद्यपि उक्त वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित किया जावेगा।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

G-21263/23

**(जी.पी. कोरी) कार्यपालन यंत्री,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जबलपुर संभाग,**
**जबलपुर दूरभाष नं. (का.) - 0761-2625268**



## नाम परिवर्तन

मैं श्रीमति सहाना तबस्सुम पति शेख अनवर, उम्र 35 वर्ष, निवासी- म.नं. 752, गौर तिराहा, ग्राम- सालीवाड़ा, जबलपुर (म.प्र.), यह कि मेरा नाम मेरे शैक्षणिक रिकॉर्ड में सहाना दर्ज है किन्तु विवाह पश्चात मैंने अपना नाम सहाना तबस्सुम (SAHANA TABASSUM) कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड पर भी दर्ज हो गया है। अतः यह सूचित किया जाता है कि सहाना (SAHANA) एवं सहाना तबस्सुम (SAHANA TABASSUM) दोनों नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के हैं। अतः अब मुझे सहाना तबस्सुम (SAHANA TABASSUM) के नाम से जाना, पहचाना, पढ़ा व लिखा जाये।

**पुराना नाम- सहाना (SAHANA)**
**नया नाम- सहाना तबस्सुम (SAHANA TABASSUM)**

PARNAMI



## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Chinnavula Narayanamma पत्नि Thirumala Raddy उम्र वर्ष, निवासी-ग्राम-Yarrapalli, पोस्ट ऑफिस-Komarole, तहसील-Giddalor , जिला-Prakasam,राज्य-Andhra Pradesh, पिन कोड 523373, मेरे पुत्र का आर्मी नं.JC390169M, Rank-NB SUB, Name-Velikonda Reddy CH , है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Narayanamma एवं जन्मतिथि 10/07/1995 दर्ज है जो की गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Chinnavula Narayanamma एवं जन्मतिथि 01/01/1951 दर्ज है जो सही है दोनों नाम एवं जन्मतिथि मेरी ही है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Narayanamma एवं जन्मतिथि 10/07/1995 के स्थान पर मेरा नाम Chinnavula Narayanamma एव जन्मतिथि 01/01/1951 दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जावे।


## मुख्यमंत्री से निः शक्तजन आयुक्त ने भेंट की

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज मुख्यमंत्री निवास में निश्शक्तजन आयुक्त श्री संदीप रजक ने भेंटकर हाल ही में राष्ट्रपति से प्राप्त राष्ट्रीय अवार्ड की जानकारी दी। श्री रजक ने बताया कि मध्यप्रदेश को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, दिव्यांगजन के शिक्षण, पुनर्वास, रोजगार, स्वरोजगार, खेल और बाधा रहित वातावरण के निर्माण के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश यूडीआईडी कार्ड बनाने में भी अग्रणी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निश्शक्तजन आयुक्त एवं उनके विभागीय अमले को इस अवार्ड के लिए बधाई दी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 3 दिसम्बर को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के निश्शक्तजन आयुक्त को दिव्यांग कल्याण क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत किया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने ये पुरस्कार प्रदान किए। मध्यप्रदेश को सुगम्य भारत अभियान के क्रियान्वयन के लिए भी सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश में जिलास्तर पर चलित न्यायालय और विशेष बैठकों के साथ ही दिव्यांगजन की समस्याओं के निराकरण के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम और शिविर लगाने की गतिविधियां भी संचालित हुईं। जिसके फलस्वरूप कल्याणकारी योजनाओं से दिव्यांगजन को जोड़ने में सफलता मिली।


## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/ एम/22 दिनांक 13.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री सुभाष कोरी, पिता- स्व. श्री गरीबदास** ने मकान नं. 670, **वार्ड- लोक मान्य तिलक,** कुल क्षेत्रफल 230 व.फु., निर्मित क्षेत्रफल 230 व.फु., भूतल 230 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-12 घंटाघर**
**नगर निगम जबलपुर**



## संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 136 दिनांक 07/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्री हरिओम मिश्रा, पिता- श्री अशोक कुमार मिश्रा एवं श्री अशोक कुमार वर्मा, पिता- श्री सुखदेव प्रसाद मिश्रा** के द्वारा **वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004466295 के पंजीकृत स्वामी टेक्नोकेट डेवलपर्स एंड बिल्डर्स के नाम से दर्ज प्लाट नं. 15 का प्लाट रकवा 1250 व.फु., जिसका मौजा करमेता भूमि खसरा नं. 224 के भाग में विकसित ऋषि नगर की **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**संभाग क्रमांक 15 सुहागी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



## संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 135 दिनांक 07/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्री कमलेश खत्री, पिता- श्री वासुदेव खत्री एवं श्रीमती निकिता खत्री, पति- श्री कमलेश खत्री** के द्वारा **वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004077225 के पंजीकृत स्वामी टेक्नोकेट डेवलपर्स एंड बिल्डर्स के नाम से दर्ज प्लाट नं. 16 का प्लाट रकवा 1245 व.फु., जिसका मौजा करमेता भूमि खसरा नं. 224 के भाग में विकसित ऋषि नगर की **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**संभाग क्रमांक 15 सुहागी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



## संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 134 दिनांक 07/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि **श्री शहाबुद्दीन कुरैशी, पिता- स्व. श्री अब्दुल जब्बार कुरैशी** के द्वारा **वार्ड 75 शहीद बिरसामुण्डा वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1003062192 के पंजीकृत स्वामी मो. नदीम पिता मो. इररीस के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 108/10 का मौजा खैरी का भूमि रकवा 22894 व.फु. एम.ओ.एस. रकवा 11280 व.फु. निर्मित तल मंजिल सीमेंट /टीन रकवा 3500 व.फु. में से निर्मित तल मंजिल 700 व.फु., **विक्रय/ क्रय** की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज- **ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, संपत्ति लेजर, टैक्स रसीद, एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**संभाग क्रमांक 15 सुहागी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.07/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नित्या यादव पति श्री अनिल यादव ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांकै प्लाट नं. 439 फेस -2 पार्ट-01 चैतन्य सिटी तिलहरी संपत्ति के पिन क्रमांक-1002215750 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1500 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती प्रभा कुमारी पति श्री विनय कुमार पिता बैजनाथ का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.07/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विष्णु प्रभाकर पिता श्री नागेश्वर यादव, श्रीमती रंजीता कुमार उर्फ रंजीता यादव पति श्री विष्णु प्रभाकर ने वार्ड क्र. 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द्र बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक म.न. 394/4 टीएफ-404 मार्बल हाईट्स डिलाईट कम्पाउंड संपत्ति के पिन क्रमांक-1000400580,45103435 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. चौथा तल 835 व.फु. आर.सी.सी. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दान पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्याग पत्र, रिलीज डीड/ बटवारानामा, के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री गोपाल कृष्ण जोशी पिता श्री बी.डी. जोशी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.07/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित श्रीवास्तव पिता आर.के. श्रीवास्तव, राजमनी श्रीवास्तव पिता आर.के. श्रीवास्तव ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक खसरा न. 24/3 संपत्ति के पिन क्रमांक-1000381463, 46704792 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1100 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री आशीष महावर पिता/पति सुम्मा बाई महावर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**



## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि.07/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सूर्यजीत कुमार पिता श्री गंगा प्रसाद ने वार्ड क्र. 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक पी न. 171 राजुल सिटी बिलहरी संपत्ति के पिन क्रमांक-1000386208, 46601572 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1294 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री मोहम्मद नसरुल्ला अंसारी पिता श्री सकील मियां अंसारी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

# अभिमत

*आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है। फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा।*

## न्याय मिलने में देरी का मतलब न्याय से वंचित रखना है



जीएन बाजपेयी

भारत के लोकतंत्र के गर्भगृह के रूप में विख्यात ऐतिहासिक संसद भवन को नवीनतम सुविधाओं से लैस नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुरानी इमारत का अपना इतिहास, भावना और कहानी है। जैसा कि मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा- 'यहां तक कि उस इमारत की ईंटों और दीवारों में ब्रिटिश काल से लेकर आजादी के बाद भारत के 15 प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल तक की कहानियां और किस्से थे। पुरानी संसद लोकतंत्र की सर्वोच्च सीट के केंद्र के रूप में उभरी यह इमारत आने वाले समय के लिए अमर रहेगी।' इस जगह का नाम 'संविधान भवन' रखा गया है क्योंकि आखिरकार स्वतंत्र भारत का संविधान यहां पेश किया गया था, बहस की गई थी और उसे अपनाया गया था। जब हम बदलते हैं, अधिक आधुनिक बनते हैं, उपयोग और उपभोग करने के लिए रिक्त स्थान का विस्तार करते हैं, शाब्दिक रूप से बिल्डिंग शिफ्ट के मामले में और रूपक रूप से हमारे दृष्टिकोण और विचारों के संदर्भ में तो गंभीर वादों पर फिर से विचार करना उचित है। संविधान की प्रस्तावना में अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रतिष्ठापित किया गया है, हम भारत के लोग, सत्यनिष्ठा से संकल्प कर रहे हैं..., अपने सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए।'

4 अप्रैल 2023 को जारी तीसरी भारतीय न्याय रिपोर्ट में दर्ज किया गया कि दिसंबर 2020 तक उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में कुल 490 लाख मामले लंबित रहे। इनमें से 190,000 मामले 30 वर्षों से लंबित थे और 56 लाख मामले10 से अधिक वर्षों से लंबित हैं। इसके अलावा जेल में बंद कैदियों में से 77 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं जिन्हें मुकदमों की प्रतीक्षा में हिरासत में रखा गया है। 2021 में हिरासत में बंद 88,725 विचाराधीन कैदियों ने औसतन 1-3 साल का समय हिरासत में गुजारा था। 24,033 से अधिक विचाराधीन कैदियों ने पांच साल और 11,049 ने पांच साल से अधिक समय हिरासत में बिताया। 2 अगस्त, 2022 तक सुप्रीम कोर्ट में कुल 71,411 (56,365 सिविल और 15,076 आपराधिक) मामले लंबित थे।

ये आंकड़े न्याय नहीं मिलने की एक खतरनाक तस्वीर पेश करते हैं। इसे कहने का सबसे आसान तरीका है कि 'न्याय में देरी न्याय से वंचित रखना है'। मैग्ना कार्टा की धारा 40 में कहा गया है- 'किसी को भी हम न्याय के अधिकार से इनकार या देने में देरी नहीं करेंगे।' 1948 में अपनाई गई मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा भी न्याय के अधिकार की गारंटी देती है। अत्यधिक देरी अपरिवर्तनीय दीर्घकालिक परिणाम देती है। न्याय प्रणाली में भरोसे को यह लगातार और धीरे-धीरे, चुपके से मार देता है।

देश की विभिन्न सरकारों ने फास्ट ट्रैक अदालतों, विशेष न्यायाधिकरणों, उपभोक्ता अदालतों, लोक अदालतों आदि की स्थापना जैसे कदम उठाए हैं। देरी के कारणों की भी पहचान की गई है- जैसे कि सरकार सबसे बड़ी वादी है, न्याय प्रणाली के लिए अपर्याप्त बजट, जनसंख्या के लिहाज से न्यायाधीशों का कम अनुपात, क्षमता और प्रतिबद्धता की कमी, मानदंड के रूप में स्थगन, लंबी न्यायिक प्रक्रिया, कार्य संस्कृति आदि।

शीघ्र न्याय प्रदान करने के लिए एक विशेष बुनियादी ढांचा निगम, न्याय प्रशासन की निगरानी और प्रशासनिक सुधार करने के लिए एक अलग प्राधिकरण की स्थापना, प्रशासनिक और न्यायिक कार्यों को अलग करने, सरकार के साथ सहयोग और समन्वय आदि जैसे सुझाव दिए गए हैं।

हालांकि आम वादी को न्याय भ्रामक और आर्थिक नजरिए से अवहनीय लगता है। मुकदमे के लिए पांच साल से अधिक समय से इंतजार कर रहे किसी भी व्यक्ति से मिलें तो उसके चेहरे पर जीवन और स्वतंत्रता पर अपरिवर्तनीय परिणामों का दर्द स्पष्ट दिखाई देगा। न्याय में देरी से पीड़ित लोगों की एक बड़ी संख्या प्रकारांतर से गरीब और वंचित है।

फिर भी न्याय प्रणाली में देरी कुछ लोगों के लिए आर्थिक अर्थ रखती है। उदाहरण के लिए, मुकदमे में देरी से कुछ वकीलों को लाभ होगा। इसे देखते हुए इस क्षेत्र में पुनर्विचार की तत्काल आवश्यकता है।

कहा जाता है कि आज सरकार प्राथमिकताओं के शीघ्र निष्पादन के लिए खड़ी है और 'मिशन मोड' में लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की बात करती है। इसका एक उदाहरण सभी के लिए नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने या सरकार का 'नल से जल' कार्यक्रम है।

इसी तरह न्याय प्रदान करना भी एक मिशन होना चाहिए। इस तरह के मिशन की यात्रा इस पहचान के साथ शुरू होनी चाहिए कि मामलों के निपटान में कौन, कैसे और क्या देरी करता है। देरी से निपटने के लिए, विशेष रूप से अनियमित मामलों में, अपरंपरागत तरीकों पर विचार किया जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो कानूनों, संहिताओं, नियमों, विनियमों, प्रक्रियाओं में संशोधन पर विचार किया जाना चाहिए। यह संभव है। जैसा कि 'महिला आरक्षण विधेयक' के मामले में हुआ जिसे संसद के दोनों सदनों ने बिना किसी देरी के पारित कर दिया।

निपटान में तेजी लाने के लिए मामलों को श्रेणियों में अलग करना भी संभव होना चाहिए। इस तरह के वर्गीकरण के आधार पर मामलों के निपटान के लिए एक समय सीमा तय की जानी और लागू की जानी चाहिए। विभिन्न प्रक्रियाओं में विलंब के लिए जवाबदेही निर्धारित की जानी चाहिए और तेजी से कार्रवाई की जानी चाहिए। न्यायपालिका को भी इस जवाबदेही के अधीन किया जाना चाहिए।

हर जिले में कम से कम एक दर्जन मॉनिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। उन्हें सीमित प्रशासनिक कर्मियों की मदद से कम्प्यूटरीकरण, वर्गीकरण और सुनवाई की करीबी निगरानी, साक्ष्य एकत्र करने/प्रस्तुतिकरण, तर्क और अंतिम आदेश के लेखन और वितरण के लिए सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए।

एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है। सरकार को अपने विवादों के निपटारे के लिए न्यायिक प्रणाली को बंद करने के बजाय वैकल्पिक तंत्र पर विचार करना चाहिए।

आने वाले वर्षों में बड़े पैमाने पर भर्ती, प्रशिक्षण, बुनियादी ढांचे के निर्माण आदि की आवश्यकता हो सकती है और तभी मामलों के निपटान की कवायद को आगे बढ़ाया जा सकता है। समय पर तथा कम खर्च पर न्याय प्रदान करने के साथ-साथ वास्तविकताओं और वादियों के दर्द को समझने के लिए विशेष रूप से वरिष्ठ अधिवक्ताओं से सेवा आमंत्रित की जानी चाहिए।

सुधारों का विरोध होना तय है लेकिन पूरी प्रक्रिया के लिए खुले दिमाग की जरूरत, विश्वास निर्माण के लिए सर्वदलीय सहमति, सुझावों को स्वीकार करने की इच्छा और निष्पक्षता व पारदर्शिता के हित में दिशा बदलने की आवश्यकता होगी।

जब न्याय देने की बात आती है तो अब आधे-अधूरे प्रयासों या पारंपरिक तरीकों का समय बीत चुका है। ऐसी कार्रवाई की जरूरत है जो बड़ी संख्या में पीड़ित लोगों के हित में सावधानीपूर्वक, साहसिक, त्वरित लेकिन निष्पक्ष हो लेकिन ये कानूनी प्रक्रिया को किसी भी तरह से शॉर्ट सर्किट किए बिना किए जाने चाहिए। यह किसी और काम की तरह का एक कठिन कार्य होगा, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे अवश्य ही किया जाना चाहिए।

***( लेखक सेबी और एलआईसी के पूर्व चेयरमैन हैं। सिंडिकेट : द बिलियन प्रेस )***

**मामलों की प्रगति को उच्चतम स्तर पर ट्रैक किया जाना चाहिए और हर छह महीने में संसद में पेश किया जाना चाहिए। एक साल से अधिक पुराने मामलों को अलग-अलग अदालतों द्वारा निपटाया जाना चाहिए और जो एक वर्ष या उससे कम पुराने हैं, वे अलग से निपटाये जाएं। इन मामलों के लिए समय सीमा न्यूनतम होनी चाहिए जो मामले के प्रकार पर निर्भर करता है।**

## बीता सप्ताह

**2 दिसंबर**
- रायपुर में चौथा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आस्ट्रेलिया को 20 रनों से हराकर सीरीज जीता।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने सीओपी-33 की मेजबानी का प्रस्ताव रखा।
- वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में टकराव का रूप ले सकते हैं।
- रूस ने अंतरराष्ट्रीय चरमपंथी संगठन 4जीबीटी आंदोलन को प्रतिबंधित किया।

**3 दिसंबर**
- छत्तीसगढ़ राजस्थान, मध्यप्रदेश में और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों के वोटों गिनती शुरु हुई।
- केंद्र सरकार के सर्वदलीय बैठक में 23 विपक्षी दल शामिल हुए। बैठक 4 दिसंबर से शुरु हो रहे शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन के लिए आयोजित।
- चीन के हिमालय एयरलाइंस ने नेपाल की राजधानी काठमांडु से शंघाई तक नई उड़ान सेवा शुरु की।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन सीओपी-28 प्रेसीडेंसी ने 120 से अधिक देशों ने जलवायु व स्वास्थ्य घोषणा का समर्थन किया।

**4 दिसंबर**
- विधानसभा चुनावों की गिनती में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में भाजपा को बहुमत मिला। तेलंगाना में कांग्रेस जीती।
- मिजोरम विधानसभा के लिए वोटों की गिनती शुरु हुई।
- कांग्रेस की करारी हार के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया इस्तीफा।

0 फिलीपींस विश्वविद्यालय के जिम में विश्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई।

**5 दिसंबर**
- मिजोरम में राजनीतिक दल जीरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडीपीएम) ने विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की।
- हैदराबाद के पास वायुसेना का ट्रेनी विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से दो पायलटों की मौत हो गई।
- राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2022 की रिपोर्ट अनुसार दिल्ली को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर बताया गया।
- भारतीय मूल के देव शर्मा ने आस्ट्रेलिया संसद में न्यू साऊथ वेतस (एनएसडब्ल्यू) के सीनेटर के तौर पर शपथ ली।

**6 दिसंबर**
- राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगागेंडी की हत्या कर दी गई।
- छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, मिजोरम और तेलंगाना में जारी आदर्श आचार संहिता खत्म कर दी गई।
- मिचौंग तूफान आंध्र के तट से टकराया और मचाई तबाही। 12 लोगों की मौत।
- नासा के मार्स हेलीकॉप्टर ने मंगल ग्रह पर 67 उड़ानें पूरी की।

**7 दिसंबर**
- मिचौंग तूफान से चैन्नई में भारी तबाही से 20 लोगों की मौत हो गई।
- राजस्थान में करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगागेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई।
- तेलंगाना में रेवंत रेड्डी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- अमित शाह ने संसद में कहा कि जम्मू-कश्मीर में नेहरू की गलतियों की वजह से समस्याएं झेलीं।

**8 दिसंबर**
- कम दूरी की बैलिस्टिक मिलाइल अग्नि-1 का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण किया गया।
- महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक अजित पवार के एनसीपी गुट में शामिल हो गए।
- कांग्रेस समर्थित छत्तीसगढ़ पांडातराई नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज खान अविश्वास प्रस्ताव नहीं जीत पाने से कुर्सी खो दिए।
- पेरू की संवैधानिक न्यायालय ने आदेश कर पेरू के पूर्व राष्ट्रपति फुजीमोटी को जेल से रिहा कर दिया।

## चीन की अर्थव्यवस्था अभी भी कोविड सिंड्रोम से बाहर नहीं

■ अंजन रॉय

सबसे शक्तिशाली वैश्विक क्रेडिट एजेंसियों में से एक, मूडीज़ ने चीन के आर्थिक दृष्टिकोण को स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दिया है। किसी देश के वित्तीय बाज़ारों और वैश्विक निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय गंतव्य के रूप में इसका प्रमुख निहितार्थ है।

तत्काल, यह परिवर्तन चीन के निवेश या उधार को प्रभावित नहीं कर सकता है। लेकिन दृष्टिकोण का नीचे की ओर संशोधन किसी देश के लिए प्रतिष्ठा का विषय है। इसका तात्पर्य यह है कि चीनी अर्थव्यवस्था के लिए संभावनाएं बहुत उज्ज्वल नहीं हैं और इससे चीन में नये धन का प्रवाह रुक सकता है।

चीन के वित्त मंत्रालय ने मूडी के दृष्टिकोण का विरोध किया है और बताया है कि चीन के पास वित्त का भंडार है और देश की अर्थव्यवस्था को नयी गति देने के लिए सुधार शुरू किये जा सकते हैं।

माना जाता है कि मूडीज़ ने अभी तक चीन की क्रेडिट रेटिंग में कटौती नहीं की थी। इसने अपनी सॉवरेन बॉन्ड रेटिंग के लिए ए-1 रेटिंग बरकरार रखी है, जिसका अर्थ है कि ऐसे बॉन्ड अच्छे निवेश हैं और इन्हें चुकाया जा सकता है। क्रेडिट रेटिंग में बदलाव एक संकेतक है कि संबंधित इकाई अपनी उधारी चुकाने की स्थिति में नहीं हो सकती है।

मूडी, दो वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों में से एक, जिनकी बातों को निवेशकों और ऋणदाताओं द्वारा सुसमाचार सत्य के रूप में लिया जाता है, उस दर को बहुत प्रभावित करती है जिस पर एक इकाई (जो एक वाणिज्यिक निकाय है) या एक देश उधार ले सकता है। कम रेटिंग स्पष्ट रूप से उच्च ब्याज दर को आकर्षित करेगी।

मूडीज़ के लिए निकट भविष्य में चीन के दृष्टिकोण को संशोधित करने के लिए तात्कालिक उकसावे की वजह कुछ समय से देखे गये कई प्रतिकूल रुझान हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारक चीन के संपत्ति बाजार में गहरी गिरावट और देश के वित्तीय स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव है।

इस प्रकार, अर्थव्यवस्था की समग्र वृद्धि धीमी हो गई है। चीन दशकों से 8 प्रतिशत या उससे ऊपर की दर से दुनिया को पछाड़ते हुए आगे बढ़ रहा था। कथित तौर पर तेज़ गति वाले विकास ने करोड़ों लोगों को अत्यंत गरीबी से उठाकर आर्थिक कल्याण की ओर अग्रसर किया है। मध्यम वर्ग में वृद्धि हुई है और यह दुनिया में सबसे बड़े में से एक है।

हालांकि, महामारी के बाद से अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। देश के सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग के निर्देशन में लगाये गये कठोर लॉक-डाऊन ने वस्तुत: सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों का गला घोंट दिया था। इसने कई क्षेत्रों को पंगु बना दिया था और मानवीय लागत बहुत अधिक थी। विभिन्न प्रांतों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद ही शीर्ष नेताओं ने नुकसान की सीमा को देखा और कुछ सुधारात्मक कदम उठाये गये।

लेकिन फिर, बंदी की सख्ती जितनी ही अचानक और हैरान करने वाली बात रही उसे खोलना। सभी प्रतिबंधों को अचानक वापस लेने और सावधानीपूर्वक तैयार किये गये अलगाव के परिणामस्वरूप कोविड मामलों में ताजा उछाल आया। कोविड से शुरुआती मौतों के साथ-साथ प्रतिबंध खुलने के बाद हुई मौतों ने देश की अर्थव्यवस्था पर भारी कीमत चुकाई।

व्यक्तियों के कुछ मामलों की तरह, चीन भी लंबे समय से चल रहे कोविड के दुष्प्रभावों से पीड़ित है। कोविड की अधिकता से दीर्घकालिक प्रभाव के लक्षण स्पष्ट हैं। महामारी के तुरंत बाद 8 प्रतिशत और उससे अधिक की वृद्धि दर बीच में 3.5प्रतिशत से भी कम हो गई है। लेकिन अब, रुक-रुक कर ही सही, विकास फिर से शुरू हो रहा है।

मूडीज़ ने अनुमान लगाया है कि चीन 2024 और 2025 दोनों में लगभग 4 प्रतिशत और 2026 से 2030 तक प्रति वर्ष औसतन 3.8 प्रतिशत की वृद्धि करेगा। कमजोर जनसांख्यिकी सहित संरचनात्मक कारक, 2030 तक संभावित विकास में लगभग 3.5प्रतिशत की गिरावट ला सकते हैं। आधिकारिक तौर पर, चीन को चालू वर्ष के दौरान 5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

विकास में अचानक गिरावट का मतलब घरेलू मांग को झटका है। वैश्विक सुस्ती और प्रतिकूल भू-राजनीतिक माहौल के कारण निर्यात में मजबूत वृद्धि के अभाव में, चीन घरेलू खपत मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहा था और इस तरह घरेलू मांग में बढ़ोतरी होगी। अपनी नयी रणनीति में, उसे निर्यात में गिरावट की भरपाई करनी चाहिए थी। हालांकि, वास्तव में ऐसा नहीं हो रहा है। चीनी अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण क्षेत्र में मांग अचानक कम हो गई है।

रियल एस्टेट और आवास निर्माण उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का लगभग एक तिहाई हिस्सा था। अतीत में देखा गया भारी निर्माण उछाल घरेलू अर्थव्यवस्था को सीमेंट, स्टील, अन्य निर्माण सामग्री से लेकर बिजली के सामान से लेकर फर्नीचर जैसे क्षेत्रों तक हर चीज की अतिरिक्त मांग के साथ बढ़ावा दे रहा है।

वर्षों से, चीन ने देश भर में नये कस्बे और शहर बनाये हैं। वास्तव में, जब से चीनी अर्थव्यवस्था खुली है और उसने अपना महत्वाकांक्षी सुधार कार्यक्रम शुरू किया है, तब से अर्थव्यवस्था में तेजी आई है। बढ़ते शहरीकरण और घर की खरीद ने चीन के उद्योग के एक बड़े क्षेत्र के लिए स्नेहक के रूप में काम किया।

लेकिन, नये घर और व्यावसायिक संपत्ति खरीदने की एक सीमा है। नये शहरों से आवासीय मकान खाली पड़े होने की खबरें आ रही हैं। देश में चारों तरफ भुतहा शहर और खाली आवास सम्पदाएं हैं। यह एक ऐसा मामला था जहां एक ही आर्थिक विकास ट्रिगर का वर्षों से अत्यधिक दोहन किया गया है।

ऊंची उड़ान भरने वाले रियल एस्टेट और निर्माण उद्योगों की एक श्रृंखला चल पड़ी है। जैसे-जैसे रियल एस्टेट की कीमतें नीचे गिरीं अतिरिक्त आवास और वाणिज्यिक संपत्ति स्टॉक के दबाव में, सबसे बड़े डेवलपर्स दबाव में आ गये। इनमें से सबसे बड़ी कंपनी, कंट्री गार्डन में भुगतान संबंधी समस्याएं थीं और वह प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं कर सकी। कुछ अन्य ने भी इसका अनुसरण किया।

उनकी विफलताओं के परिणामस्वरूप पूरे प्रांतों में व्यापक विरोध प्रदर्शन और धरने हुए। एक तानाशाही शासन के लिए ऐसे तमाशे घृणित थे। इनमें से कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हटा दिया या सार्वजनिक प्रदर्शन से दूर कर दिया। बहरहाल, इन्होंने अपनी छाप छोड़ी और अर्थव्यवस्था में विश्वास को और बढ़ाया। आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों में संकट के कारण बड़े क्षेत्रों में व्यापक क्षति हुई।

चीन में एक विशाल गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र है, जिसे 'शैडो बेकिंग सेक्टर' कहा जाता है। ये भारत की बड़ी एनबीएफसी की तरह, कुछ हद तक अनौपचारिक प्रकृति की हैं और समग्र मिल को गति प्रदान करती हैं। वे उपभोक्ताओं के साथ-साथ अन्य कॉरपोरेट्स को भी वित्त प्रदान करते हैं।

इनमें से कई चीनी एनबीएफसी का रियल एस्टेट और हाउसिंग सेक्टर में बड़ा निवेश है। वे बड़े संपत्ति शेयरों के समग्र खरीदार होने के साथ-साथ संपत्ति क्षेत्र के कॉरपोरेट्स के धन प्रदाता भी हैं। संपत्ति कंपनियों में परेशानी का मतलब एनबीएफसी या बैंकिंग क्षेत्र के लिए परेशानी है। पिछले हफ्ते ही चीन की सबसे बड़ी एनबीएफसी डूब गई थी।

पूरी स्थिति वित्तीय क्षेत्र के संकट के निर्माण में बदल रही है। सच कहें तो वित्तीय क्षेत्र का संकट सबसे बुरा सपना है क्योंकि इन वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं का पूरी अर्थव्यवस्था में जुड़ाव है। यदि वित्तीय क्षेत्र संकट में है, तो ये वास्तविक अर्थव्यवस्था में काफी तेजी से प्रसारित होते हैं।

संकटग्रस्त आवास और रियल एस्टेट क्षेत्रों ने चीनी स्थानीय सरकारों और नगर पालिकाओं से नयी ज़मीनें खरीदना बंद कर दिया है। ये निकाय इन बिल्डरों और नयी टाऊनशिप के प्रमोटरों को भूमि स्टॉक की बिक्री पर बहुत अधिक निर्भर थे। एक बार जब नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए भूमि की बिक्री से धन का स्रोत समाप्त हो गया, तो उनका वित्त अवरुद्ध हो गया है।

केंद्र सरकार ने संकटग्रस्त रियल एस्टेट कंपनियों के साथ-साथ स्थानीय सरकारों को संकट से उबारने के लिए कई बचाव उपाय प्रस्तावित किये हैं। इसका मतलब है कि सरकार की राजकोषीय स्थिति और अधिक सुदृढ़ हो सकती है।

वास्तव में, मूडीज़ द्वारा आर्थिक दृष्टिकोण को डाऊनग्रेड करने के लिए उद्धृत कारणों में से एक चीनी संघीय सरकार की राजकोषीय स्थिति के लिए संभावित खतरा है। लेकिन फिर, जैसा कि चीनी वित्त मंत्रालय ने दावा किया है, उसके पास एक विशाल खजाना है। यह मौजूदा संकट से निपटने के लिए नये सुधार लाने और रियल एस्टेट कंपनियों को भारी मात्रा में धनराशि जारी करने का वायदा कर रहा है। हो सकता है, ये सच हो।

लेकिन क्षमता के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

**क्षमता के कृत्रिम निर्माण के माध्यम से अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए बढ़ावा देने के इन चीनी अधिकारियों के मौलिक दृष्टिकोण के किसी न किसी समय समस्या में पड़ना तय है। यही कारण है कि चीन की उच्च विकास अवधि फिलहाल खत्म हो गई है, लेकिन भारत से काफी ऊपर अपना स्थान बरकरार रखते हुए दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।**

## पांच राज्यों के चुनाव परिणाम : नतीजों के निहितार्थ

■ कुमार प्रशांत

कभी जादूगर का खेल देखा है? राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जादूगर के बेटे हैं, लेकिन जादू दिखा कोई दूसरा रहा है। पांच राज्यों में हुआ चुनाव ऐसी जादूगरी का नमूना है। अब जब चुनावी धूल बैठ चुकी है, घायल अपने घावों की साज-संभाल में लगे हैं, विजेता अपनी जीती कुर्सियां झाड़-पोंछ रहे हैं, हम जादू के पीछे का हाल देखने-समझने की कोशिश करें।

मोदी-शाह ने जिस नई चुनावी-शैली की नींव 2014 से डाली है उसकी विशेषता यह है कि न उसका आदि है, न अंत ! यह सतत चलती है। चुनाव की तारीख घोषित होने पर चुनावी-मुद्रा में आना, चुनाव की तारीख तक चुनाव लड़ना और फिर जीत-हार के मुताबिक अपना-अपना काम करना-ऐसी आरामवाली राजनीति का अभ्यस्त रहा है यह देश, इसके राजनीतिक दल ! मोदी-शाह मार्का राजनीति इसके ठीक विपरीत चलती है। वह तारीखें देखकर नहीं चलती, नई तारीखें गढ़ती है। चुनावी सफलता की तराजू पर तौलकर वह अपना हर काम करती है।

उनके लिए चुनाव वसंत नहीं है कि जिसका एक मौसम आता है; यह बारहमासी झड़ी है। उनके लिए विदेश-नीति भी चुनाव है, यूक्रेन-फिलीस्तीन-गजा-इजरायल भी और पाकिस्तान भी चुनाव है; जी-20 भी चुनाव है; खेल व खिलाड़ी भी चुनाव हैं; चंद्रयान भी चुनाव है; सरकारी तंत्र व धन भी चुनाव के लिए है। उनके लिए जनता भी एक नहीं, कई हैं जिनका अलग-अलग चुनावी इस्तेमाल है।

मार्च 2018 में प्रधानमंत्री ने जनता का एक नया वर्ग पैदा किया था : विकास के लिए प्रतिबद्ध जिले ! 112 जिलों की सूची बनी। ये जिले ऐसे थे जिनके विकास की तरफ कभी विशेष ध्यान नहीं दिया गया था। जो बड़े राजनीतिक पहलवान हैं वे अपने व अपने आसपास के चुनाव क्षेत्रों के लिए सारे संसाधन बटोरने में मग्न रहते हैं। नये चुनाव क्षेत्रों का सर्जन किसी के ध्यान में भी नहीं आता। मोदीजी ने अपनी रणनीति में इसे शामिल किया और 112 जिलों की सूची बना दी।

किसी ने नहीं समझा कि यह चुनाव की नई कांस्टीट्यूएंसी तैयार करने की योजना है। इन जिलों में से 26 जिले ऐसे थे जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा तेलंगाना के 81 चुनाव-क्षेत्रों में फैले थे। ये सभी अधिकांशत: आदिवासी व अन्य पिछड़े समुदायों के इलाके थे। पहली बार इन इलाकों को लगा कि कोई है जो इनका अस्तित्व मानता ही नहीं, बल्कि उन्हें आगे भी लाना चाहता है।यहां विकास की क्या कोशिशें हुईं उनकी समीक्षा का यह मौका नहीं है। मौका है यह समझने का कि इन 81 चुनाव क्षेत्रों में भाजपा ने इस बार कांग्रेस को कड़ी टक्कर लगाई। 2018 में जहां इन क्षेत्रों में भाजपा ने बमुश्किल 23 सीटें जीतीं थीं, 2023 में उसने यहां 52 सीटें जीती हैं- पिछले के मुकाबले दोगुने से ज्यादा। यह अपने लिए नये चुनावी आधार गढ़ने की योजना का एक हिस्सा था। 'स्मार्ट सिटी योजना,' अलग-अलग समूहों को नकद सहायता की लगातार घोषणा आदि सब चुनाव के नये कारक हैं जिनके जनक मोदीजी हैं।

इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी।

जब एक जादूगर अपने हैट से नये-नये खरगोश निकालकर दिखा रहा हो तब मजमा उस नट को कैसे देखता रह सकता है जिसे तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधने का एक ही खेल आता है? और वह भी ऐसा कि संतुलन बार-बार डगमगाता भी रहता है ! कांग्रेस राष्ट्रीय दल है तो सही, लेकिन उसके पास राष्ट्रीय सत्ता नहीं है; जो सत्ता है उसे भी वह संभाल नहीं पा रही है। उसके पास राष्ट्रीय पहचान व कद का एक ही नेता है जिसका नाम है- राहुल गांधी !

राहुल गांधी की जानी-अनजानी बहुत सारी विशेषताएं होंगी, लेकिन देश जो देख पा रहा है वह यह है कि वे अब तक राजनीतिक भाषा का ककहरा भी नहीं सीख पाए हैं; उनके पास वह राजनीतिक नजर भी नहीं है जो चुनावी विमर्श के मुद्दे खोज लाती है। कांग्रेस में दूसरा कोई पंचायत स्तर का नेता भी नहीं है। कांग्रेस के पास उसका कोई शाह, कोई योगी, कोई शिवराज, कोई हेमंता नहीं है; वह किसी को बनने भी नहीं देती।

दूसरी तरफ भाजपा है। उसके पास भी एक ही 'राहुल' है- नरेंद्र मोदी ! उनके पास हर मौसम की भाषा है, गिद्ध-सी वह राजनीतिक नजर है जो हर मुद्दे को अपने हित में इस्तेमाल करने की चातुरी रखती है। उनका कद इतना बड़ा 'बनाया' गया है कि उसे कोई छू नहीं सकता। फिर नीचे कई नेता है जिनका अपना आभा मंडल है। इन सबके साथ है, एक परिपूर्ण प्रचार-तंत्र, एक परिपूर्ण धन-तंत्र तथा एक परिपूर्ण मीडिया-तंत्र। कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता कांग्रेसियों की नजर में भी पर्याप्त नहीं है; भाजपा का नेता भाजपाइयों की नजर में राजनीतिक नेता ही नहीं, अवतार भी है। दोनों का मुकाबला बहुत बेमेल हो जाता है।

'इंडिया' के घटक जानते हैं कि कांग्रेस के कारण ही वे 'इंडिया' हैं, लेकिन वे जो जानते हैं, वह मानते नहीं हैं। इसलिए कोई बंगाल को तो कोई उत्तरप्रदेश को तो कोई तमिलनाडु को तो कोई 'बिहार' को 'इंडिया' मानकर चलता है। इस तरह सब बिखरी मानसिकता से एक होने की कोशिश करते हैं। यह असंभव की हद तक कठिन काम है। 2014 से लेकर अब तक भाजपा की रणनीति यह रही है कि वह अपना राजनीतिक आधार बनाने व बढ़ाने के लिए वक्ती नफा-नुकसान का हिसाब नहीं करती।

राजनीति संभव संभावनाओं का खेल है। 2023 फिर से बताता है कि संभव संभावनाओं में असंभव संभावना छिपी होती है। भाजपा वैसी संभावनाओं को पकड़ने की हर संभव कोशिश कर, असंभव को साधती आ रही है। दूसरे संभव को असंभव बनाने के खेल से बाहर ही नहीं आ पाते। क्या 2024 इसी कहानी को दोहराएगा? देखना है कि कौन नये खरगोश बना व दिखा पाता है।

***( लेखक गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष हैं। )***

**इस बार पांच राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी।**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्रहितग्राहियों को लाभ दिलायेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश में हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के लिये प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हो रही है। यह यात्रा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में से गुजरेगी और केन्द्रीय योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करवायेगी। मध्यप्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की यात्रा में अहम भूमिका रहेगी।

केन्द्रीय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच बनाना जो किन्हीं कारणों से इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं। केन्द्र की योजनाओं के संबंध में जानकारी का प्रसार करना तथा नागरिकों और लाभार्थिहयों से योजनाओं के संबंध उनके अनुभव जानना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रतिदिन दो ग्राम पंचायतों पर पहुंचेगी यदि कहीं ग्राम पंचायतों की संख्या अधिक है तो दो से अधिक ग्राम पंचायतों पर भी यात्रा की गतिविधियां संपन्न कराने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके लिये ग्राम पंचायत स्तर पर भी जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की जायेगी जिसमें जागरूकता, सामुदायिक, सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं। इसके अलावा सूचना-शिक्षा-संचार वेन, आईटी प्लेटफार्म, और मोबाइल एप्लीकेशन भी उपयोग में लाये जायेंगे। राज्य सरकार, जिला, ग्राम पांचायत और स्थानीय शासन की समिति और केन्द्र सरकार के संगठन और संस्थाओं से प्लानिंग, समन्वय और निगरानी की जायेगी।

ग्रामीण इलाकों के लिये प्रमुख योजनाओं में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टियलाइजर शामिल हैं। साथ ही जनजातीय परिवारों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में सिकल सेल एनीमिया निवारण मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विदयालयों में प्रवेश, स्कॉलरशिप, वन अधिकार, वन-धन विकास केन्द्र शामिल हैं।

शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान शहरी योजनाओं में प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एण्ड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजना शामिल हैं। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जायेगा।

शहरी क्षेत्रों में मोबाइल वेन उक्त स्थानों पर जायेगी। मोबाइल वेन में एलईडी स्क्रीन, ऑडियो विजुअल सामग्री ब्रोशर, बुकलेट से सज्जिगत होगी। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नोडल अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारियों की समिति बनाई गई है, जिसमें केन्द्रीय संगठन और संस्थानों के दो प्रतिनिधि रहेंगे। यह समिति सभी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करेगी। राज्य स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेगा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयति सिंह ने आज सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने यात्रा के लिये रूट चार्ट बनाने तथा केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभांवित करने के निर्देश दिये। श्रीमती सिंह ने यात्रा के प्रत्येक पड़ाव स्थल पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन की बात कही।

उन्होंने सभी एसडीएमको उनके क्षेत्र में यात्रा के कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा यात्रा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये। इस दौरान वर्चुअली रूप से एसडीएम सहित अनुभाग स्तर के सभी अधिकारी जुड़े थे। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि यह यात्रा 15 नवम्बर से चालू है जो 26 जनवरी तक चलेगा चूंकि मध्यप्रदेश में चुनाव होने के कारण यह 9 दिसंबर से शुरू हो रही है। बैठक में यात्रा के उद्देश्य के साथ संपूर्ण कार्य योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देकर नोडल अधिकारी तथा सेक्टर स्तर पर प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिये हैं।

# मदन महल, बीना एवं सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशनों पर जनऔषधि केंद्र स्थापित होंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशनों पर रेल यात्रियों को सस्ती एवं उपयोगी दवाइयाँ रेल्वे स्टेशन पर ही उपलब्ध करने हेतु भारतीय रेल ने कुछ रेलवे स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया और कॉनकोर्स में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) स्थापित करने के लिए एक नीतिगत ढाँचा तैयार किया है, जिनका संचालन लाइसेंसधारक करेंगे। रेल मंत्रालय ने पायलट परियोजना के तहत 50 रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र स्थापित करेगा। जिसमें पश्चिम मध्य रेल के अंतर्गत आने वाले प्रदेश के रतलाम, मदन महल, बीना, नैनपुर और राजस्थान के सवाई माधोपुर, भगत की कोठी रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इस तरह पमरे के जबलपुर मण्डल में मदन महल, भोपाल मण्डल में बीना एवं कोटा मण्डल में सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशनों पर जल्द ही प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र (पीएमबीजेके) प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में औषधि व्यवसाय के कार्य में संलग्न व्यवसायियो को समुचित जानकारी देने हेतु तीनों मंडल कार्यालय में प्री-बिड मीटिंग का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड की नयी नीति के अनुसार अब रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए जेनरिक दवाओ की बिक्री प्रारंभ की जा रही है। इसे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में बुकिंग ऑफिस के पास प्रारंभ किया जायेगा इसके संचालन हेतु रेलवे द्वारा ई ऑक्शन मोड्यूल (लीजिंग) के माध्यम से तीन वर्ष की अवधि हेतु ऑन लाइन प्रस्ताव आमंत्रित किये जायेगे। जनऔषधि केंद्र के लिए स्टॉल रेलवे द्वारा ही बनाकर दिया जाएगा। इस संबंध में इच्छुक व्यक्ति रेलवे कार्य दिवस में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के वाणिज्य विभाग में संपर्क करके विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

रेलवे स्टेशनों पर पीएमबीजेके स्थापित करने का उद्देश्य सभी को किफायती मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ और जनऔषधि उत्पाद को बढ़ावा देना है।

रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों/आगुन्तकों को जनऔषधि उत्पादों का आसानी से उपयोग करने में सक्षम बनाना, रोज़गार के अवसर पैदा करना और उघमियों के लिए अवसर जुटाना है।

# वंदे भारत ट्रेन के सवार होने के पहले ही बंद हो जाते है गेट

**जबलपुर, देशबन्धु।** वंदे भारत ट्रेन में स्टापेज का समय कम होने से यात्रियों को कई तरह की असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में कई ट्रेनों में वंदे भारत ट्रेनों के रुकने का समय केवल चार मिनट है और उसके बाद उनके गेट लॉक कर दिए जाते हैं। इन ट्रेनों का स्टॉपेज केवल बड़े शहरों पर है, बड़े शहरों के लिए यह समय काफी अपर्याप्त है, जहां यात्रियों की संख्या पर्याप्त रूप से अधिक है। कई यात्रियों द्वारा यह बताया गया है और कुछ शिकायत कर रहे हैं कि इस कम समय के दौरान, सभी यात्रियों के लिए उतरना और चढ़ना/अपनी-अपनी सीटों पर चढ़ना बहुत मुश्किल है बल्कि असंभव है। इस कारण कुछ यात्री ट्रेन में चढ़ने में असमर्थ हो जाते हैं, कुछ नीचे रह जाते हैं, (परिवार या समूह के मामले में), कुछ ट्रेन में गिर भी जाते हैं क्योंकि वे अपनी सीट नहीं ले पाते है।

ऐसे में ट्रेन रुकने के समय को वर्तमान दो मिनट से बढ़ाकर न्यूनतम 6 से 8 मिनट करने की आवश्यकता है ताकि सभी यात्री ट्रेन में चढ़ सकें और अपनी-अपनी सीट ले सकें, या वैकल्पिक व्यवस्था की आवश्यकता है ताकि ट्रेन रवाना हो सके बोर्डिंग/सिटिंग पूरी होने के बाद ही। वैकल्पिक व्यवस्था यह हो सकती है। सिग्नल के लिए पुश बटन का प्रावधान, डिब्बों में सेंसर होना कोई अन्य व्यवस्था जो तकनीकी रूप से उपयुक्त हो।

मामले में शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया गया है, आजकल, रेलवे लाइनों की इंटरलॉकिंग के कारण बहुत सारी ट्रेनें रद्द की जा रही हैं। इस कारण जिन यात्रियों ने पहले से टिकट बुक करा रखा है, उन्हें शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ता है। कुछ मामलों में, उन्हें वैकल्पिक बुकिंग दी जाती है, लेकिन इन वैकल्पिक ट्रेनों को भी रद्द किया जा रहा है। इन यात्रियों की परेशानी का अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है, जब उन्हें ऐन वक्त पर ट्रेन रद्द होने की सूचना मिलती है। इसमें कोई शक नहीं कि इंटरलॉकिंग का प्रावधान सिस्टम की बेहतरी के लिए है और इससे इनकार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन यात्रियों की मुश्किलों का क्या? जो यात्री यात्रा कर रहे हैं वे कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे विवाह, साक्षात्कार या इसी तरह के किसी अन्य अवसर में भाग लेने के लिए अपना टिकट बुक कराते हैं।

# पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 से 12 दिसम्बर को

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के 16 जिलों में 10 से 12 दिसम्बर, 2023 को पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जाएगा। अभियान में जीरो से 5 वर्ष आयु के लगभग 37 लाख 50 हजार बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जायेगी।

अभियान की सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने संबंधित सीएमएचओ, सिविल सर्जन और जिला टीकाकरण अधिकारियों को एमडी एनएचएम प्रियंका दास ने निर्देश दिए हैं।डायरेक्टर एनएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला ने बताया कि महिला-बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन, वन, पंचायत, आदिम जाति कल्याण, आयुष, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और डब्ल्यू.एच.ओ., यूनिसेफ, यूएनडीपी तथा अन्य स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पड़ोसी देश पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के केस मिलने के कारण और साथ ही पोलियो-फ्री स्टेटस को मेंटेन रखने के लिये पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जा रहा है।

प्रदेश के भिण्ड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगौन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा जिलों में अभियान संचालित होगा। इन जिलों में पोलियो दवाई पिलाने के लिये स्थानीय बूथ के साथ-साथ माइग्रेटरी पापुलेशन को कवर करने के लिये मोबाइल टीम भी गठित की जायेगी।

# उच्च न्यायालय से लेकर तालुका न्यायालयों तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रदेश में शनिवार 9 दिसम्बर को उच्च न्यायालय स्तर से लेकर जिला न्यायालयों, तालुका न्यायालयों, श्रम न्यायालयों एवं कुटुम्ब न्यायालयों तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण हेतु रखे जायेगें।




प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अतिरिक्त सचिव मनोज सिंह के अनुसार नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के लंबित प्रकरणों में निम्नदाव श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारित आदेश जारी तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्ति पश्चात 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी । इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारित आदेश जारी तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्ति पश्चात बाद 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

नेशनल लोक अदालत में मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर एवं जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में बकाया राशि अनुसार अधिभार में शर्तों के अधीन 25 से 100 प्रतिशत तक की छूट घोषित की गई हैं। यह छूट 9 दिसम्बर की लोक अदालत के लिये ही दी गई है।

# प्रकाश और उद्यान विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर महापौर ने कार्यो की ली प्रगति



**जबलपुर, देशबन्धु।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा प्रकाश एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों की बैठक कर कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में उनके द्वारा वर्तमान में लाइट फिटिंग एवं मेन्टनेंश सामग्री की स्थिति, ट्रांसफार्मर एवं पोल शिफ्टिंग की सम्पूर्ण जानकारी, मुख्य सड़कें जिनके कार्य पोल शिफ्टिंग के कारण प्रभावित हैं आदि की प्रगति की जानकारी ली गयी। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी 16 संभागों में प्रात: 10 बजे से शाम 05 बजे तक सजग रहकर बिजली सुधार के कार्य हेतु टीम भ्रमण करेगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि 24 घंटे जहाँ लाइटें जलती रहती है वहाँ पर कंट्रोल सिस्टम लगाकर आवश्यकतानुसार ही लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करें, हाई मास्क की सूची तैयार की जाये।

उन्होंने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकाश संबंधी समस्याओं का सामना पब्लिक को न करना पड़े इसकी चिन्ता सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ करें और शहर भर में प्रकाश की व्यवस्था उत्तम रहे इसके लिए मुख्यालय सहित संभागीय कार्यालयों में तैनात टीम के सदस्यों को कड़ाई से कार्य करने अधिकारी स्वयं निर्देशित करें। इन कार्यो में किसी प्रकार की कोई कोताही अधिकारी न बरते अन्यथा कार्यवाही की लिए तैयार रहें।

इसी प्रकार महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने उद्यान विभाग के कार्यो की समीक्षा की और शहर में अभी तक कहाँ-कहाँ कितनी कितनी लागत से उद्यानों का निर्माण हो चुके हैं और किन-किन स्थानों पर कार्य प्रारंभ है एवं कब तक पूर्ण हो जायेगें की समीक्षा के साथ भारत माता मंदिर, और प्रदेश का सबसे ऊँचा राष्ट्र ध्वज की स्थापना तथा ओपन जिम स्थापित करने संबंधी कार्यो की जानकारी ली गयी। समीक्षा के दौरान एम.आई.सी. सदस्य एवं विभाग प्रभारी शेखर सोनी, और दिनेश तामसेतवार के साथ-साथ उद्यान विभाग के कार्यपालन यंत्री आदित्य शुक्ला आदि उपस्थित रहे।




## विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए निगमायुक्त द्वारा टीम गठित

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में 8 दिसम्बर को निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा फेज-3 के लिए टीम गठित की गयी है, टीम विधानसभावार गठित की गई है, जिसके नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त वेदप्रकाश चौधरी, एवं केन्ट विधानसभा के लिए उपायुक्त मनोज श्रीवास्तव, पूर्व विधानसभा के लिए सहायक आयुक्त वेदप्रकाश चौधरी, मध्य विधानसभा के लिए सहायक आयुक्त रचयिता अवस्थी, एवं पश्चिम विधानसभा के लिए सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन को जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में निगमायुक्त श्री वानखड़े ने बताया कि 14 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराये जाने विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यात्रा के सुनियोजित एवं सफल संचालन के लिए नगर निगम की सम्पूर्ण विधान सभाओं के लिए सहायक आयुक्त चौधरी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह संकल्प यात्रा नगरीय क्षेत्र के सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरेगी इसके लिए संबंधितों को निर्देश जारी किये गए हैं।



## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम द्वारा आज 9 दिसम्बर शनिवार को मुख्यालय सहित सभी 16 संभागीय कार्यालयों में आयोजित की गयी है। इस संबंध में राजस्व विभाग के उपायुक्त पी.एन. सनखेरे एवं सहायक आयुक्त संभव अयाची ने बताया कि लोक अदालत में 25 से 100 प्रतिशत तक अधिभार में करदाताओं को छूट मिलेगी। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने सभी करदाताओं से भी अपील की है कि बकाया करों की राशि में छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है, इसलिए आप सभी करदाताओं से अपील है, कि अधिक संख्या में नेशनल लोक अदालत में पहुँचकर छूट का लाभ लें।

# मंगलायतन विश्वविद्यालय, जबलपुर ने वैश्विक स्तर पर 448वीं रैंक हासिल की

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंगलायतन विश्वविद्यालय, जबलपुर, गर्व से यूआई ग्रीन मेट्रिक वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में अपनी असाधारण वैश्विक मान्यता की घोषणा करता है। वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली 448 वां स्थान हासिल करके, मंगलायतन विश्वविद्यालय वातावरणीय स्थायिता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी, और हरित कैंपस पहलों के लिए मान्यता प्राप्त करता है।

यूआई ग्रीन मेट्रिक वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, एक प्रतिष्ठित वैश्विक पहल है जो परिसर में पर्यावरणीय स्थिरता और हरित अमलों को बढ़ावा देने में उनकी प्रतिबद्धता और प्रदर्शन के आधार पर दुनिया भर के विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन करती है। रैंकिंग छह श्रेणियों में उनके प्रयासों के आधार पर विचार करती है- हरित नीतियों की स्थापना और कार्यान्वयन, बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और परिवहन। इस प्रक्रिया को उपरोक्त 6 मानदंडों में 39 संकेतकों के माध्यम से संसाधित किया जाता है , और यह विश्व रैंकिंग विश्वविद्यालयों की पर्यावरणीय प्रतिबद्धता और पहल को विवेकपूर्ण ढंग से निर्धारित करती है। रैंकिंग में मंगलायतन विश्वविद्यालय का असाधारण प्रदर्शन इसकी व्यापक स्थिरता पहल का प्रमाण है, जिसमें प्रथाओं और कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। मंगलायतन विश्वविद्यालय की 448 वीं वैश्विक रैंक की उपलब्धि पर्यावरण के प्रति जागरूक परिसर बनाने और अपने छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देने के प्रति इसके समर्पण को रेखांकित करती है।

इस उपलब्धि के मौके पर विश्व विद्यालय के कुलपति, उप कुलपति, कुलसचिव,डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, समन्वयक, विद्यार्थी और सभी अन्य विश्वविद्यालय के कर्मचारी सदस्यों ने अपनी खुशी व्यक्त की और विश्वविद्यालय को और भी अधिक उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामनाएँ दीं।

# एयर कनेक्टिविटी बेहतर करने उड्डयन मंत्री से मिले पूर्व सांसद एवं विधायक राकेश सिंह



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में फ्लायर्स की बढ़ती संख्या के अनुपात में विमानों की संख्या कम है और इसे बेहतर करने के लिए देश के प्रमुख शहरों के लिए नई विमान सेवाओ को प्रारम्भ किया जाए, इस मांग के साथ पूर्व सांसद एवं नवनिर्वाचित विधायक राकेश सिंह ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से दिल्ली मे भेंट की। इस अवसर पर दोनों ने एक दूसरे को बधाई दी।

सिंह ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से चर्चा करते हुए कहा जबलपुर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्य शीघ्र पूरा हो, साथ ही जबलपुर से पूर्व की तरह प्रमुख शहरों के लिए विमानों की संख्या बढ़ाई जाए इसके लिए एयरलाइंस कंपनियों से आपके माध्यम से बात की जाए। श्री सिंह से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा जबलपुर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्य को शीघ्र पूरा किया जाएगा साथ ही जबलपुर में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एयरलाइंस कंपनियों से भी बात करते हुए नई वायुसेवा प्रारम्भ की जाएगी। श्री सिंह ने कहा जबलपुर में बेहतर कनेक्टिविटी हो और फ्लाइट की संख्या में बढ़ोतरी हो इसके लिये लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

# स्वेटर पाकर बच्चों ने कहा- रोज स्कूल आएंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बिदाम बाई कन्या विद्यालय, राइट टाउन में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए। स्वर्गीय श्रीमती पुष्पल अग्रवाल की पुण्यस्मृति में आयोजित निशुल्क स्वेटर वितरण में प्रायोजक पूर्व अध्यक्ष रोटे. आरपी अग्रवाल ने उपस्थित बच्चों से मॉ को भगवान से भी ऊंचा दर्जा देते हुए उनकी सब बात मानने की नसीहत दी साथ ही पर्यावरण के प्रति सचेत करते हुए उन्होंने पौधा लगाने के साथ-साथ उसके संरक्षण को भी प्रमुख बताया। निर्वाचित प्रांतपाल अखिल मिश्र ने बच्चों से स्वच्छता अभियान के महत्व को बताते हुए सदैव स्वच्छ रहने तथा खाने के पहले एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोने को जरूरी बताया साथ ही स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर बनते हुए बच्चों से स्वयं के घर, मोहल्ले तथा कॉलोनी में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का आग्रह किया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत पेश किए गए आदिवासी नृत्य की उपस्थित जनों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। क्लब अध्यक्ष रवि वैश्य ने रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा किए जा रहे सेवा प्रकल्पों में शैक्षणिक उत्थान के कार्यों को प्रमुख बताया तथा क्लब द्वारा 10 तारीख को आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की जानकारी देते हुए लाभ लेने का की अपील की। कार्यक्रम में क्लब सचिव सोनम केशरवानी, पूर्व अध्यक्ष अरुण कांत अग्रवाल, सारंग भिड़े, नरेंद्र बत्रा, रोहित माटा, रोमेश डेंगरा, शाला प्राचार्य डॉ शशी बाला, मैडम अर्चना आदि गुरुजन उपस्थित थे।

# केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते रविवार को आयेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय ईस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का रविवार 10 दिसंबर को दोपहर 3 बजे मण्डला जिले के काल्पी से कार द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। श्री कुलस्ते दोपहर 3.40 बजे डुमना विमानतल से वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।



## हिन्दुत्व और सनातन की रक्षा के पूरे प्रयास होना चाहिए : शंकराचार्य सदानंद महाराज

**जबलपुर, देशबन्धु।** सब कुछ परिणामी है, जो पैदा हुआ है वो संसार से मुक्त होगा, और जिसने पैदा किया है वह भी। संसार से विरक्त होना चाहिए, लौकिक सुख बाजार से प्राप्त हो सकते हैं, लेकिन अलौकिक सुख बिना साध्य साधन के प्राप्त होते है, यदि ये प्राप्त करना है तो आप अपने माता-पिता की सेवा करें। हिन्दू, हिन्दुत्व एवं सनातन की रक्षा के लिए पूरे प्रयास होना चाहिए और हमें सावधान रहना चाहिए। हमारे पाठ्यक्रम में गीता का पाठ शामिल होना चाहिए, इससे ही सनातन की जाग्रति होगी।

माता-पिता ईश्वर के समान है, अपने ईष्ट की ऐसी कृपा प्राप्त करनी है, कि दोबारा शरीर के प्रपंच में जन्म न लेना पड़े। आप जितने संबंध बढ़ाएंगे, उतने ही दुख के खूटे बढ़ाएंगे। इसका मतलब ये है कि रिश्तेदारी का निर्वहन करना है, और परामात्मा से भी प्रेम करना है। इस आशय के उद्गार भटौली ग्राम स्थित कालीघाट कालीधाम गौरीघाट में महामृत्युंजय महायज्ञ के चौथे दिन शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने व्यासपीठ से व्यक्त किए। यज्ञ एवं मां काली का पूजन के बाद हवन-पूजन पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती महाराज, स्वामी प्यारेनंद, डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज द्वारा सम्पन्न कराया गया। साथ ही 28 बटुक विप्रों का जनेऊ संस्कार भी कराया गया।

इस अवसर पर अन्नू तिवारी, आकाश पांडे, नितिन पांडे, लक्ष्मी प्रसाद पांडे, देवेन्द्र खम्परिया, शिव कुमार कौरव, कृष्ण कुमार कौरव, वीरेन्द्र दुबे, दुर्गेश श्रीधर, राम फल, आशा राम, दीपक नेमा, संजय तिवारी, रीतेश अवस्थी, श्याम, संतोष दुबे द्वारा हवन व पादुका पूजन किया गया। विशिष्ट अतिथि ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद महाराज, जगत गुरु घनश्यामाचार्य प्रयागराज, चैत्यानंद महाराज बगलामुखी, डॉ. हितेश अग्रवाल, डीओपी रॉव, विवेक अवस्थी मनीष अग्रवाल, पंडित विवेक शास्त्री, पंडित चितरंजन, संतोष शास्त्री, सूरज त्रिपाठी, राम कुमार विश्वकर्मा, राजू दुबे अनुष्ठान में शामिल हुए। कथा स्थल में शिष्य प्रदीप चौहान, संदीप जैन, बंटी महाराज, श्रीराम खत्री व मीडिया प्रभारी अनिल उसरेटे के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी कथा श्रवण के लिए पहुंचे।

## ग्वारीघाट परशुराम धाम में महाआरती संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** सम्पूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन का आयोजन आगामी वर्ष जनवरी में आयोजित किया जायेगा। मंच के द्वारा आयोजन की तारीख और स्थान शीघ्र ही निर्धारित कर समाजिक बंधुओं को जानकारी दी जायेगी। उपनयन संस्कार एवं परिचय सम्मेलन कार्यक्रम पूर्णत: निशुल्क होगा। धनंजय बाजपेई ने कहा कि सेवा कर्म धर्म संस्कृति के लिए सदैव सामाजिक एकता के साथ कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर के साधु संत एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा की जायेगी। इस तरह की जानकारी ग्वारीघाट स्थित परशुराम धाम में महाआरती के दौरान दी गई। आरती के दौरान पंडित राजकुमार दुबे, धनंजय बाजपेई, रावेन्द् तिवारी, सुधाकर मिश्रा, डॉ.अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, चंद्रशेखर शर्मा, मीरा दुबे, पुष्पा तिवारी, सुनीता गिरीश पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# इंस्टाग्राम रील्स एंड वेब सीरीज ने बढ़ाई डेटा कंज्यूमिंग

## इंटरनेट खपत का दायरा डेली 5 जीबी तक पहुंचा



**जबलपुर, देशबन्धु।** इंटरनेट अब लोगों की दुनिया का हिस्सा बन चुका है। साल दर साल यूजर्स में इंटरनेट की उपयोगिता बढ़ रही है। कोई डेली लिमिट के प्लान सेट कर चुका है, तो कोई अनलिमिटेड इंटरनेट का यूज कर रहा है। डेटा कंजम्पशन की बात करें तो यूजर्स सबसे ज्यादा टाइम इंस्टाग्राम रील्स और वेब सीरीज पर बिता रहे हैं। इसके चलते पहले जहां लोगों के डेली डेटा प्लान लिमिट 1.3 जीबी से 2 जीबी तक कंज्यूम हो रहा था, वहीं अब 4 से 5 जीबी तक का डेटा लग रहा है।

**3 से 5 जीबी डाटा के प्लान**-सिटी यूथ का कहना है कि वे अब 3 से 5 जीबी तक के प्लान चुन रहे हैं। उनका कहना है कि इंस्टाग्राम रील्स देखने, बनाने और अपलोड, डाउनलोड करने तक एक जीबी तक डेटा आसानी से लग जाता है। वहीं वेब सीरीज के एपिसोड्स में भी डेटा का सबसे ज्यादा उपयोग हो रहा है।

**एचडी क्वॉलिटी फिल्म**- सिटी यूथ में सबसे ज्याद वेबसीरीज वॉचिंग का ट्रेंड है। जिसे वे एचडी क्वॉलिटी में देखना और डाउनलोड करना पसंद कर रहे है। एक फिल्म और एपिसोड की डाउनलोडिंग में कम से कम 2 से 3 जीबी डेटा लग जाता है। इस चक्कर में कम्पनीज के चलाए गए ऑफर्स भी युवाओं को अट्रैक्ट कर रहे हैं।

### इसलिए बढ़ा डेटा यूज

- वेब सीरीज वॉचिंग
- हमेशा डाटा ऑन रहना
- इंस्टाग्राम और एफबी पर रील्स
- 2 से 3 जीबी की फिल्मों को डाऊनलोड करना
- लगातार चीजों की शेयरिंग करना

### इनका कहना है

– मुझे मूवीज वॉचिंग पसंद है। इसलिए कई प्लेटफॉर्म पर मूवीज वॉचिंग के साथ डाउनलोडिंग भी हो जाती है। इसमें 3 से 5 जीबी तक डेटा कंजम्पशन हो। **- दीपक यादव**

– इंस्टाग्राम पर रील्स वॉचिंग में सबसे ज्यादा इंटरनेट की खपत होती है। रील्स को लेकर इतने एडिक्टेड हैं कि फ्री टाइम में सिर्फ यही देखना पसंद आता है। **-काजल गुप्ता**



## ऑसम से मौसम में हर दिन पिकनिक का माहौल

### हर रोज आउटिंग पर निकल रहे शहरवासी, न्यू स्पॉट्स पर हो रही विजिटिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहरवासियों को घूमने के बहाने चाहिए। रूटीन से समय निकाल कर वे आउटिंग के लिए अलग-अलग प्लेसेज पर निकल पड़ते हैं। नए साल से शुरू होने वाला पिकनिक का दौर पूरे दिसम्बर और जनवरी तक चलेगा। वहीं हर दिन बदल रहे मौसम के कारण जबलपुरियन यूथ रोजाना आउटिंग के प्लान बना रहे है। उनके कॉन्सेप्ट में अब सिर्फ वीकेंड ही नहीं, बल्कि हर दिन आउटिंग शामिल हो रहा है। आउटिंग के लिए सिटी स्पॉट्स के साथ-साथ आसपास बसे न्यू स्पॉट्स पर लोगों की भीड़ बढ़ रही है।

**लॉन्ग ड्राइव का ट्रेंड**-पिछले कुछ दिनों में विंटर में मानसून जैसा सीजन होने के कारण लोगों में लॉन्ग ड्राइव भी बढ़ी है। शहर में भेड़ाघाट, डुमना, तिलवारा, धनवंतरि, तेवर और अन्य जगहों पर लोग लॉन्ग ड्राइव के लिए निकलना पसंद कर रहे हैं। **सैर-सपाटे का मौसम**-लोग सैर-सपाटे के क्रेजी हैं। पहले जहां लोग आउटिंग के लिए सिर्फ वीकेंड का इंतजार करते थे, वहीं अब वे दिन के हिसाब से प्लान बना रहे हैं। बदलते मौसम के अकॉर्डिंग कॉलेज स्टूडेंट्स के ग्रुप आउटिंग पर जा रहे हैं।

**न्यू स्पॉट की सर्चिंग**-सिटी यूथ का कहना है कि वे आउटिंग के लिए अब न्यू स्पॉट्स पर जाना अधिक पसंद करते हैं। इन जगहों में एंजॉयमेंट के साथ-साथ हिडन प्लेसेज की जानकारी भी मिलती है। नीशू खत्री बताती हैं कि उनकी फ्रेंड्स का ग्रुप हमेशा ऐसी ही जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जो न्यू हो। इसके लिए शहर के 70 से 90 किमी तक की आउटिंग भी एक दिन में की जा रही है।

## बैंड पर हुआ बुजुर्गों का स्वागत, सुनाए पुराने किस्से

### सीओडी में रीयूनियन समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंच पर बुजुर्गों को गीत, संगीत और कला से जुड़े हुनर दिखाने का अवसर मिला। इस बीच किसी ने डिपो से जुड़ी पुराने यादों को साझा किया, तो किसी ने दोस्तों के लिए गीत गाया। शुक्रवार को मध्य भारत एरिया के अंतर्गत सीओडी में पुनर्मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डिपो के 273 रिटायर्ड कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य रिटायर्ड कर्मचारियों को केन्द्र सरकार की नई नीतियों और लाभों से अवगत करवाना था। सभी कर्मचारियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बैंड की मोहक धुन पर देशभक्ति गीतों के तराने छिड़े।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा**-कार्यक्रम में रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। रिटायर्ड कर्मचारियों ने स्वयं भी मंच पर अपनी कला का हुनर दिखाया। मंच पर बोलने का अवसर मिला तो बुजुर्गों ने सहकर्मियों से जुड़े किस्से सुनाए। समारोह में 99 वर्षीय क्षीरसागर ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर जीओसी एमबी एरिया, लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास मौजूद रहे।



## दैनिक राशिफल

**शनिवार 09 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन कृष्णपक्ष की द्वादशी। नक्षत्र-चित्रा।**

**मेष**
स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे।

**वृषभ**
आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा।

**मिथुन**
नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा।

**कर्क**
गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी।

**सिंह**
आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**
आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा।

क.

**तुला**
आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना- जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज गृहस्थजीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे।

**धनु**
आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरुरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन चिंता में रहेंगे। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है।

**मकर**
नकारात्मक विचार हावी न होने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। भागीदारों के साथ संबंध खराब होगा।

**कुंभ**
आपका आज का दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी।

**मीन**
मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका काम सफल बनाएंगे। परिवार में सुख- शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

मा.

## महाकौशल क्षेत्र से हो मुख्यमंत्री, केवल मंत्री बनाने से ही दूर नहीं होगा पिछड़ापन

### नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजकर की मांग

**जबलपुर,देशबन्धु।** पिछले वर्षों के अनुभवों से साबित हो गया कि केवल मंत्री मंडल में प्रतिनिधि देने से महाकौशल के विकास में गति नहीं आयेगी। महत्वपूर्ण तथा अहम कदम यही है कि इस समूचे क्षेत्र में प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के तुलना में आया पिछड़ापन दूर करने के लिए महाकौशल क्षेत्र का ही विधायक मुख्यमंत्री बने। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, पैंशनर समाज, सीनियर सिटीजन एसोसिएशन, अभिभावक संघ आदि ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पत्र भेजकर मांग की है। मध्यप्रदेश की पिछली भाजपा सरकार ने तो मंत्री मंडल में जबलपुर से ही मंत्री नहीं बनाया था इसके बावजूद भी जबलपुर ने 8 विधानसभा में सीटों से 7 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को विजयी बनाया है। अब इसकी भरपाई होगी, यही नागरिकों की उम्मीद है। बैठक में डॉ. पीजी नाजपांडे, एड वेदप्रकाश अधौलिया, डी.के सिंह, सुभाष चन्द्रा, डी आर लखेरा, मनीष शर्मा, अर्जुन, प्रफ्फुल सक्सेना, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## नाट्य समारोह : तृतीय दिवस पर मजनू लाऊंसमेंट नाटक का मंचन



**जबलपुर, देशबन्धु।** नाट्योत्सव के तीसरी दिन भोपाल की संस्था द राइजिंग सोसाइटी ऑफ़ आर्ट एंड कल्चर द्वारा कुलदीप कुणाल के लेखन और निर्देशन में मजनू लाऊंसमेंट नाटक का मंचन किया गया। मजनूं लाउंसमेंट नाटक की कहानी एक मुनादी करने वाली की कहानी और मज़दूर वर्ग से जुड़े तबके की कहानी के साथ बदलते परिदृश्य, बदलते समाज व बदलते दौर आज़ादी के पूर्व व आज के वर्तमान स्वरूप को मजनू लाउंसमेंट में दिखाया गया है।

मजनू उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है, जो आज भी हमारे आस पास बड़ी संख्या में मौजूद देशवासी है। ये वर्ग ईमानदारी से अपना काम करता रहा है, जिसने किसी से कुछ नहीं मांगता, उम्र के अंतिम पड़ाव में उसे सहारे की आवश्यकता है, जैसे हर व्यक्ति को जीवन के अंत में पड़ती ही है। लेकिन डटे रहते हैं, अपनी शक्ति से हर मुश्किल का सामना करने के लिए, नाटक केवल व्यक्ति विशेष या किसी समाज की बात नहीं करता, बल्कि पूरी मानव जाति की विचारधारा की बात करता है, कि कैसे इंसान के बूढ़े होने पर उसे भुला दिया जाता है, क्या ये हर वर्ग, हर समाज, हर ओर नहीं दिखाई दे रहा, ज़रूरत है हम सबको इस ओर सोचने की, क्योंकि बुढ़ापा सबके जीवन में आना है, और एक वक्त हम वैसे नहीं रह जाते जैसे पहले थे। गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत पांच दिवसीय नाट्य समारोह के तीसरी दिन मजनू लाऊंसमेंट नाटक का मंचन किया गया।

## एमबी एरिया हेडक्वार्टर में वीर जवानों के बच्चों को मिलेगी सुविधाएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमबी एरिया के अंतर्गत जैक आरआरसी में पुनर्निमित राजन्दिर स्टेशन चिल्ड्रन हॉस्टल का लोकार्पण किया गया। चिल्ड्रन हॉस्टल में उन बहादुर बच्चों के कल्याण के लिए काम किया जाता है, जिनके परिजनों ने देश की सेवा करने के लिए प्राण गंवाएं है। इसकी शुरुआत 19 अप्रैल 1982 जैक आरआरसी के बैरक से हुई थी। वर्तमान में हॉस्टल उन्नत सुविधाओं से परिपूर्ण है। हेडक्वॉर्टर एमबी एरिया का यह हॉस्टल देश के बड़े हॉस्टल में शुमार है।



## सीनियर सिटीजन समाज का संस्कारित दर्पण

### 14 वां स्थापना दिवस पर सेम सीनियर सिटीजन्स के गीतों, नृत्यों ने मन मोहा

**जबलपुर,देशबन्धु।** सीनियर सिटीजन के अनुभव न केवल वर्तमान पीढ़ी में दिशा निर्देशक है। अपितु समाज को संस्कारित करने में अपनी महती भूमिका अदा कर रहे है। इस आशय के उदगार साउथ एवेन्यु माल में सेम सीनियर सिटीजन्स के अपनी स्थापना दिवस के 14 वर्ष पूर्ण होने पर समाजसेवी बाबू विश्वमोहन, उद्योगपति राजेश माहेश्वरी, 6वीं बटालियन कमांडेंड साकेत पांडे, संभागीय सह आयुक्त अरविंद यादव, शिक्षाविद डॉ.हरिशंकर दुबे ने अतिथि के रूप में अपनी शुभकामनायें व्यक्त की।

संस्थापक जादूगर एसके निगम ने 650 सोमवारों से अविरल और गतिमान चलने वाले सेम सीनियर सिटीजन्स की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर प्रकाश डाला। स्वागत के पश्चात विंग कमांडर चंदन शर्मा, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, निर्मला श्रीवास्तव, जसबीर चौपड़ा, राजकुमारी, रश्मि श्रीवास्तव, मि. मिसेज लक्ष्मण सिंह चौहान, अजय पुष्पा श्रीवास्तव, शांती चतुर्वेदी, राजू बेन, लता सिखारिया रेल्वे के सेवा निवृत्त मुख्य अभियंता मसूद भाई, महिला उद्योगपति सपना भसीन, प्रभा नायडू, श्रीमति नीरज शुक्ला, के एकल अभिनय प्रहसन और जीवन के पड़ाव के 60 वर्ष की आयु के बाद भी नृत्य और गीतों से तालियों की गड़गड़ाहट के बीच धमाल मचा दिया। प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत सरदार डीएस दुग्गल, रमेश पुरूषवानी ने किया। इस अवसर पर क्लब के 10 नये सदस्यों को क्लब के मोती एवं 4 कपल्स को डायमंड कपल्स अवार्ड से सम्मानित किया इस अवसर पर सेवानिवृत्त जज पुरूषोत्तम भट्ट एवं मीना भट्ट एवं अतिथि प्रिया एवं तृप्ति निगम, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल, राजीव गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में साहित्यिक, सांस्कृतिकजगत के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन बच्चन श्रीवास्तव ने किया।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री मुख्तियार सिंह फरवाहा-** वर्मा कम्पाउंड नेपियर टाउन निवासी श्री मुख्तियार सिंह फरवाहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आशीष कुमार गुप्ता-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री आशीष कुमार गुप्ता (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पारसमणि दाहिया-** सेठ गोविंददास वार्ड लालमाटी निवासी श्री पारसमणि दाहिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रफुल्ल कुमार रैकवार-** गढ़ा लाल स्कूल के पास निवासी श्री परमानंद रैकवार के पुत्र श्री प्रफुल्ल कुमार रैकवार (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जसविन्दर कौर मठारू-** गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री गुरूदर्शन सिंह मठारू की धर्मपत्नी श्रीमती जसविन्दर कौर मठारू का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रणजीत लखेरा-** शीतलामाई घमापुर निवासी श्री रणजीत लखेरा (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विशाल कोल-** नई बस्ती कांचघर निवासी श्री राजू कोल के पुत्र श्री विशाल कोल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नन्हें सिंह ठाकुर-** उपरैनगंज चेरीताल निवासी श्री नन्हें सिंह ठाकुर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## ईव्हीएम मुद्दे को लेकर कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी कांग्रेस

**जबलपुर,देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद विवेक तंखा का बड़ा बयान सामने आया है। जबलपुर में उन्होंने चुनावी नतीजों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा है कि ईव्हीएम मुद्दे को लेकर कांग्रेस के पास अदालत का दरवाजा खटखटाने का रास्ता खुला हुआ है। चुनाव में पारदर्शिता के मुद्दे को लेकर संसद, कोर्ट, चुनाव और जनता के बीच जाने के लिए कांग्रेस के पास रास्ते खुले हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि चुनाव में जो प्रदर्शिता होनी चाहिए वह नहीं दिखी। चुनाव के पहले ग्राउंड में



बदलाव का माहौल था लेकिन चुनावी नतीजों के बाद लोगों में आक्रोश नजर आ रहा है। वे पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चुनावी नतीजों के बाद ईव्हीएम मुद्दे को लेकर चल रही अटकलबाजी के बीच कांग्रेस चुनाव में पारदर्शिता को भी अहम मुद्दा बनाने जा रही है।

राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा ने कहा है कि चुनाव में पारदर्शिता का मुद्दा ईव्हीएम्र गठबंधन का अहम विषय रहने वाला है। उन्होंने कहा है कि विपक्ष के अस्तित्व के लिए जरूरी है कि सब मिलकर लड़ाई लड़ें। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को मिले भारी बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री के फैसले पर आखिरी निर्णय लिए जाने पर विवेक तंखा ने कहा है कि यह भाजपा का अंदरूनी विषय है।




## बिजली के खंबे में लगी आग, लोगों ने पानी डालकर बुझाया

**जबलपुर देशबंधु।** प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाहियां किसी से छुपी नहीं है बिजली समस्याओं के लिए फोन लगाने के बाद भी बिजली कर्मचारी नहीं आने की समस्याओं से लोग परेशान है जिसकी बानगी देर रात मंडी मदार टेकरी स्थित काली रोड सेन डॉक्टर के सामने देखने को मिली। यहां एक बिजली के खंबे में अचानक स्पार्क हुआ और चिंगारी निकली जिससे खंबे के नीचे लगा प्लास्टिक का डब्बा जल गया। यह डब्बा किसी निजी कंपनी के इंटरनेट का बॉक्स बताया जा रहा है। चिंगारी से आग भड़कने के बाद लोगो ने विद्युत कर्मियों को घटना की सूचना दी लेकिन कर्मी समय पर पहुंचे। जिससे आग भड़क गई और डब्बा जलकर राख हो गया। लोगो ने खुद ही खंबे में लगी आग बुझाई।

## रेलवे मजिस्ट्रेट एवं अधिकारियो के साथ रेलवे ने चलाया औचक विशेष जांच अभियान

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में रेलवे मजिस्ट्रेट, वाणिज्य एवं आरपीएफ अधिकारियों की स्पेशल टीम द्वारा जबलपुर स्टेशन पर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान एक दर्जन यात्री गाडियों के 14 यात्रियों को पड़कर उनसे लगभग एक लाख रुपए की राशि बतौर जुर्माना वसूल की गई। इन दिनों वैवाहिक समारोहों में शामिल होने, यात्री गाड़ियों में अनियमित टिकट लेकर तथा अनाधिकृत रूप से स्लीपर कोच में यात्रा करने वालों एवं स्टेशन पर आवारा घुमने वालो की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा उक्त एक दिवसीय औचक विशेष जांच अभियान चलाया गया।

इस टिकट जांच अभियान में रेलवे मजिस्ट्रेट समीर कुमार मिश्र एवं सीनियर डीसीएम राजेश शर्मा भी उपस्थित थे। स्टेशन पर चल टिकट निरीक्षकों की टीम ने अप डाउन करने वाले अनियमित यात्रियों, बिना प्लेटफार्म टिकिट के स्टेशन में प्रवेश करते लोगो को पकड़ा। पकड़े गए इन यात्रियों से रेलवे के दस्ते ने उक्त जुर्माना राशि वसूल की। इस जांच कार्यवाही में चल टिकट निरीक्षक ए. के. रावत, संदीप मुदलियार,डॉ.एस.एम.एच.आबदी, के के पचौरी,आर.के वर्मा,इन्द्रावर सिंह,अजय भालेराव,सर्वेश चौबे,प्रमोद साहू, मो. मोईन उददीन, राम नरेश,अमन पिपरा, नितिन, सिकंदर,संकल्प,पंकज, ओम नाथ, संदीप भारतीय,चंद्रहास आदि की सरहनीय भूमिका रही। इस जांच के दौरान विभिन्न यात्री गाड़ियों को चेक करने के साथ ही अवैध वेंडरो,प्लेटफार्म पर आने वाले ऑटो चालक, बिना प्लेटफॉर्म टिकट लिए प्लेटफार्म पर घूमने वाले लोगों के साथ ही प्लेटफॉर्म में गंदगी करने वाले लोगों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की भी जांच की गई। रेलवे द्वारा प्रारंभ किया गया यह जांच अभियान और आगामी दिनों में भी निरंतर चलेगा।

## चोरी की रेत डम्फ में लोड कर परिवहन करने वाला चालक गिरफ्तार

### डम्फर चोरी की रेत सहित जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना प्रभारी तिलवारा सरिता बर्मन ने बताया कि दोपहर में मुखबिर से सूचना मिली कि डम्फर क्रमांक एमपी 20 जीए 3879 दद्दा घाट तरफसे अवैध रेत लोड कर आ रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां दद्दाघाट से घाना तरफ डम्फर आते दिखा, पुलिस को देखकर डम्फर चालक डम्फर खड़ा कर



भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया डम्फर को चैक करने पर रेत लोड होना पाई गयी, डम्फर चालक ने नाम पता पूछने पर अपना नाम संजय काछी उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम घाना बताया एवं रेत के संबंध में पूछने पर डम्फर क्रमांक एमपी 20 जीए 3879 यादव जी का होना बताते हुये डम्फर की रायल्टी नहीं होना बताया, आरोपी संजय काछी से डम्फर मय रेत के जप्त करते हुये धारा 379, 414 भादवि तथा 4(क), 53(1)गौण खनिज अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## केंद्रीय जीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क के अधिकारियों ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गो को बाटे गर्म कपड़े

**जबलपुर,देशबन्धु।** केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क , जबलपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वयं के स्वेच्छापूर्वक अंशदान एवं सहभागिता से 8 दिसंबर को सीजीएसटी आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रास सोसायटी , जबलपुर द्वारा संचालित निराश्रित वृद्ध आश्रम में पहुंचकर एक लघु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्ध आश्रम में उपस्थित सभी वृद्ध महिला पुरुषों को कपड़े ,ऊनीवस्त्र , थर्मलवियर, नी-कैप, शॉल इत्यादि का निशुल्क वितरण किया गया।

इस अवसर पर आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे द्वारा अपने संबोधन में यह कहा गया कि वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्ग भी हमारे लिए हमारे माता-पिता तुल्य है और इन्होंने अपना जीवन समाज के लिए समर्पित किया है अत: अब हमारा यह कर्तव्य है कि




जीवन के इस पड़ाव में हम उनकी सेवा और सहायता करें। सीजीएसटी जबलपुर परिवार द्वारा यह एक पहल है और हम इसे आगे भी निरंतर जारी रखेंगे। इस अवसर पर कार्यालय से सुदर्शन मीणा , उपायुक्त, अधीक्षक श्री के.एस. भाटिया एवं राकेश जोशी और निरीक्षक शिशिर सिन्हा एवं शिवानी शर्मा उपस्थित थे।

## बरखेड़ा-बुदनी के मध्य होगा तीव्र गति से स्पीड ट्रायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बरखेड़ा-बुदनी स्टेशनों के बीच तीसरी लाइन पर 09 दिसंबर से लगातार रेलवे द्वारा तीव्र गति से स्पीड ट्रायल किया जायेगा, जिसके उपरांत नियमित रेल यातायात प्रारंभ हो जाएगा। कृपया ध्यान रहे कि रेलवे भूमि के अन्दर, खुले हुए समपार फाटक के अलावा, अनाधिकृत रूप से प्रवेश करना इंडियन रेलवे एक्ट की धारा 147 के तहत गैर कानूनी है, जिसमे 6 माह की जेल अथवा रूपये 1000/- अथवा दोनों दण्डों का प्रावधान है। सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समपार फाटक से पार करते समय भी सभी नियमों का पालन करें एवं ऐसा तभी करें जब पार करना सुरक्षित हो और दोनों दिशाओं से ट्रेन नहीं आ रही हो।

## केंद्रीय जेल में बंदियों के बीच एचआईवी एड्स की जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर,देशबन्धु।** मुख्य अतिथि जिला विधिक सहायता केंद्र से सचिव उमाशंकर अग्रवाल ,डॉ राजेश झरिया ,प्रोफेसर भारती शुक्ला द्वारा एचआईवी एड्स के संबंध में व्यापक जानकारी दी गई और सभी बंदियों को मौलिक अधिकारों और कुछ नागरिक अधिकारों की जानकारी देते हुए एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक रहने और एक अच्छा नागरिक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में केंद्रीय जेल के बंदियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें देशभक्ति गीत संगीत प्रस्तुति जेल में बंद कैदियों द्वारा दी गई। जागृति युवा मंच समिति द्वारा तैयार किया गया एक नुक्कड़ नाटक जिसमें कि एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया यह नुक्कड़ नाटक जेल सभा कक्ष में ही सभी बंदियों के सामने प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी बंदियों को यह बताया गया कि एचआईवी संक्रमण किस वजह से होता है और इसके रोकथाम हम किस प्रकार से कर सकते हैं इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति संक्रमण से ग्रस्त है तो वह कैसे इसका उपचार लेते हुए बेहतर जीवन जी सकता है इसके साथ ही एचआईवी एड्स की जांच कहां होती है किस प्रकार होती है इसकी जानकारी दी गई एवं परामर्श हेतु टोल फ्री नंबर की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेल इन्वेंशन प्रोग्राम से नितेश लखेरा का सहयोग रहा।

## चोर घर के सामने खड़ी स्कार्पियो चुरा ले गया

**जबलहपुर,देशबन्धु।** थाना गोसलपुर में मुकेश मोटवानी उम्र 42 वर्ष निवासी शर्मा कालोनी गोसलपुर ने बताया कि उसकी बस स्टेण्ड गोसलपुर में मोबाइल शॉप है रोज की तरह दिनांक 6-12-23 को सुवह लगभग 9 बजे अपनी मोबाइल दुकान पर आ गया था रात लगभग 9-30 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था उसकी स्कार्पियो क्रमांक एमपी 51 सीए 9090 घर के सामने खड़ी कर दिया था रात लगभग 11 बजे खाना खाकर बाहर देखा तो उसकी गाड़ी खड़ी थी दिनांक 7-12-23 की सुवह लगभग 6 बजे सोकर उठा देखा तो उसके घर के सामने खड़ी स्कार्पियो गायब थी । कोई अज्ञात चोर उसकी स्कार्पियो चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर धारा 379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## थानों के मालखाना को स्वच्छ और सुरक्षित रखने मे सहयोग करें: एसपी

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस कप्तान ने कहा है कि थानों के मालखाना को साफ और सुरक्षित रखने में सहयोग करें। पुलिस कन्ट्रोलरूम में पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर दक्षिण) कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (उत्तर/यातायात) प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सोनाली दुबे, की उपस्थिति में थानों में पदस्थ मालखाना मुंशियों की एक की बैठक ली गयी।

बैठक में उपस्थित सभी मालखाना मुंशियों से परिचय प्राप्त करते हुये समस्यायें जानी एवं कहा कि थाना हमारा घर है, क्योंकि जीवन का लगभग 60 प्रतिशत समय आपका थाने में कटता है, अत: जिस प्रकार आप अपने घर को साफसुथरा रखते हैं उसी प्रकार आपका थाना, आपका मालखाना भी साफ सुथरा होना चाहिये।

इसके साथ ही जप्ती माल के निराकरण के सम्बंध में सभी को निर्देशित करते हुये कहा कि, थानो मे जप्तशुदा वाहन एवं माल की एक सूची तैयार करते हुये वर्तमान में उक्त जप्तशुदा वाहन एवं माल के अपराध की क्या अद्यतन स्थिति है, मान्नीय सम्बंधित न्यायालय से पतासाजी कर निराकरण करायें।

थाने में विस्फोटक सामग्री जैसे गैस सिलेण्डर, पैट्रोल, डीजल , पटाखें आदि रखे हो तो तत्काल मान्नीय न्यायालय से अनुरोध कर विस्फोटक सामग्री को जैसे गैस सिलेण्डर को गैस एजेन्सी एवं पटाखों को मैग्जीन या पटाखा व्यवसायी के पास सुरक्षित रखवायें या नियमानुार डिस्ट्राय करें। थाने के रिकार्ड का नष्टीकरण नियमाानुसार करायें, थाने मे कोई भी जप्तशुदा माल अकारण रखा नहीं होना चाहिये। थाने का जप्तीमाल रजिस्टर अपडेट रखें। मालखाना साफसुथरा हो सुनिश्चित करें। थाने के आर्म्स एम्युनेशन की समय- समय पर साफसफाई होती रखे सुनिश्चित करें।

पी.ओ.एस. मशीन द्वारा जारी पेंडिंग ई चालान का ि आयोजित नेशनल लोक अदालत में निराकरण करवाते हुये, लें अतिरिक्त भार से छूट का लाभ शनिवार को माननीय जिला न्यायालय जबलपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आम नागरिक/वाहन चालक/मालिक जिनका पीओएस मशीन के माध्यम से पेंडिंग ई चालान हुआ है एवं उनके द्वारा आज दिनांक तक चालान की राशि जमा नही की गई है वे सभी लोक अदालत (माननीय जिला न्यायालय गेट नम्बर 02) में उपस्थित होकर अपने पैंडिंग ई-चालान का निराकरण अनिवार्य रूप से करवायें एवं नेशनल लोक अदालत में अतिरिक्त भार से छूट का लाभ लेवें।

## मामूली विवाद पर महिला के मारपीट

**जबलपुर, देशबन्धु।** महिला के साथ मामूली बात पर मारपीट का मामला सामने आया है। थाना कटंगी में दोपहर में विनीता चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बघौड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुवह लगभग 11 बजे वह घर पर थी, जेठानी सुलेखा उसके घर पर आयी और पुरानी घरेलू विवाद को लेकर उसे गाली गलौज करने लगी, आवाज सुनकर दूसरी जेठानी वंदना चौधरी और देवरानी अराधना चौधरी भी आ गई और तीनों मिलकर उसे पुरानी घरेलू बातों को लेकर विवाद कर गाली गलौज करने लगीं, उसने गालियां देने से मना किया तो जेठानी सुलेखा ने उसे पकड़कर जमीन पर पटक दिया दूसरी जेठानी वंदना एवं देवरानी आरधना ने हाथ मुक्कों से मारपीट की जिससे उसे पेट पैर में चोट आयी, शाम को पति प्रदीप चौधरी काम से वापस आये जिन्हें घटना की बात बतायी तो पति भी उसके साथ गाली गलौज करने लगे, शादी के बाद से पति एवं जेठानी सुलेखा उसे घरेलू बातों को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे जो आज भी करते हैं आज सुवह लगभग 8 बजे उसके पति कल की बात को लेकर उसके साथ मारपीट किये तथा सभी मिलकर जान से मारने की धमकी दिये।

## शराब पीने से मना करने पर विवाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना विजयनगर में रात लगभग अतुल कुमार लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम दिनारी खम्हरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई किरात लगभग 8-50 बजे वह मझिया मोहल्ला से अपने घर जा रहा था, पप्पू पटैल के घर के पास पहुँचा उसी समय पप्पू पटेल ,विजय पटैल तथा रामेश्वर लोधी तीनों उसके साथ अकारण ही शराब के नशे में गाली गलौज करने लगे, उसने तीनों को गालियां देने से मना किया तो पप्पू पटेल ने हाथ में पत्थर से मारकर सिर में तथा विजय पटेल एवं रामेश्वर पटैल ने उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर उसे कंधा में चोट पहुँचा दी तथा तीनों जान से मारने की धमकी दिये।रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।


वहीं थाना गढ़ा मे कमलेश बेन उम्र 43 बर्ष निवासी ग्राम पोला थाना मझौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई की वह मजदूरी करता उसकी ससुराल वाले उसकी पत्नी को भेज नही रहे है, आज दोपहर लगभग 1 बजे अपनी पत्नी को लेने अपनी ससुराल नेहरू नगर गया था जहॉ ससुर सुनील बेन, साला राहुल बेन, पत्नी राखी बेन गालियाँ देने लगे , उसने गाली देने से मना किया तो साला राहुल बेन लाठी से हमलाकर सिर मे चोट पहुंचा दी, ससुर सुनील बेन डंडा से हमलाकर दायीं आंख के बाजू मे चोट पहुंचा दिया है पत्नी राखी बेन ने हाथ घूंसो से मारपीट तथा तीनों जान से मारने की धमकी दिये। रिपोर्ट पर धारा 294,324,506,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बोर्ड क्लास में बेटी के होने पर पिता के तबादले पर अंतरिम रोक

### हाईकोर्ट ने अनावेदकों से मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट से मप्र आजीविका मिशन में कार्यरत् सहायक जिला प्रबंधक को राहत मिली है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने दायर अपील पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता की बेटी के दसवीं बोर्ड क्लास में होने को मद्देनजर रखते हुए उनके तबादले पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह मामला आशुतोष शुक्ला की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि वे मप्र राज्य आजीविका मिशन में सहायक जिला प्रबंधक के पद पर सतना में पदस्थ है। तीन जुलाई को उनका तबादला छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा तहसील कर दिया गया था। जिस पर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी। एकलपीठ ने पूर्व में उनके तबादले पर रोक लगा दी थी, इसके बाद उनकी याचिका निरस्त कर दी। जिस पर यह अपील दायर की गई है। मामले में अपीलार्थी की




ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा व कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि आवेदक की बेटी कक्षा दसवीं बोर्ड क्लास में अध्यनरत् है। ऐसे में यदि उनका तबादला दूसरे स्थान किया जाता है तो उसकी पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होगी। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अंतरिम आदेश से तबादले पर रोक लगाते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## तलवार लेकर आतंक मचाने वाले दो साल की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत ने बेलखेड़ा क्षेत्र में तलवार लेकर आतंक मचाने वाले आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी दुर्गेश सिंह लोधी को दो साल के सश्रम कारावास व पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि बेलखेड़ा पुलिस ने 22 सितंबर 2023 को खेरमाईं मोहल्ले में दबिश दी थी। जहां से पुलिस ने गोलू उर्फ दुर्गेश तलवार लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से लोहे की तलवार जप्त की थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाही की थी। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं भगवानदास पटेल ने पक्ष रखा।



## दिव्यांगों का हुआ डेन्टल चेकअप

### 127 बच्चों का हुआ परीक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** विकलांग सेवा भारती स्नेह नगर में इनरव्हील क्लब जबलपुर साऊथ द्वारा नि:शुल्क दंत परीक्षण दिव्यांगों छात्र - छात्राओं का किया गया कार्यक्रम में हितकारिणी डेन्टल कालेज का सराहनीय सहयोग रहा। उन्होंने मानसिक मंद छात्र-छात्राओं को परीक्षण के दौरान बताया आप लोग दांतों को सुबह -शाम ब्रश से साफ करें और रात में अवश्य रूप से दांतों की सफाई करें जिससे आप रोग से पीड़ित नही होंगे दांत भी साफ रहेंगे। आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। इसमें समेकित शिक्षा के तहत चौधरी मदर केयर स्कूल के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. अविनाश बोस, डॉ. अनुशा अग्रवाल, डॉ. चैतन्य दुबे, डॉ. मानसी पंजवानी, डॉ. मिती मिश्रा, श्रीमती नंदनी अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, पुष्पा ठाकुर, नीतू चौधरी सहित समस्त सदस्य और स्टाफ मौजूद रहा।

# समर्थन मूल्य पर धान बेचने भटक रहे किसान

## विपणन संघ के ढुलमुल रवैये से किसान परेशान

**पाटन, देशबन्धु।** जिले में धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 दिसंबर से होना प्रस्तावित थी लेकिन 9 दिन बीत जाने के बाद भी पाटन ब्लॉक में धान की खरीदी उक्त केंद्रों पर आज तक शुरू नहीं की गई है जिससे तहसील का किसान बहुत परेशान है। किसान रवि सिंह ने बताया कि पाटन तहसील की 11 समितियों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अनुमति शासन से मिली है इन समितियों के द्वारा तहसील में 19 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें तहसील का किसान अपनी धान की उपज बेचेगा। परंतु आज दिन तक इन केंद्रों पर धान की खरीदी नहीं की जा रही हैं।

किसान विनय चौबे ने बताया कि धान की फसल करीब एक माह से कटकर किसानों के खेतों में रखी है। वही बेमौसम बारिश से किसानों की धान की फसल गीली हो गई है और बहुत से किसानों की धान की फसल में नमी मिलने के कारण उकरा फूट आए



हैं। और कुछ किसानों की धान की फसल गीली होने की उपज से धान काली पड़ने लगी है। जिससे तहसील का किसान बहुत परेशान हैं। समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से किसान कम रेट पर बाजार में धान की फसल बेचने मजबूर हैं।

किसान संदीप पटेल ने बताया कि शासन स्तर पर अभी तक समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू नहीं हुई है जिससे किसान अपनी धान की फसल पाटन कृषि उपज मंडी में व्यापारियों को कम दाम पर बेचने मजबूर है जिसका फायदा पाटन के गल्ला व्यापारी उठा रहे है। यदि धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर शुरू हो जाएगी तो किसान पाटन मंडी में अपनी फसल बेचने नहीं लाएगा वह खरीदी केंद्रों पर ही अपनी उपज बेचने जाएगा।

### किसानों पर पड़ी दोहरी मार

एक तरफ शासन स्तर पर धान की फसल,समर्थन मूल्य पर नही खरीदी जा रही है वही दूसरी ओर बेमौसम बरसात ने किसान की तैयार धान की फसल को खराब कर दिया है। किसान जयदीप साहू ने बताया कि शासन इसलिए धान की फसल को समर्थन मूल्य पर अभी नहीं खरीद रहा है क्योंकि बारिश में यदि धान की फसल खराब होती हैं तो सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इसलिए जिम्मेदार अधिकारी भी मौसम के खुलने का इंतजार कर रहे है।

# 3200 रुपए समर्थन मूल्य पर हो धान खरीदी

## भारत कृषक समाज ने सौंपा पाटन एसडीएम को ज्ञापन

**पाटन, देशबन्धु।** भारत कृषक समाज जो कृषकों का गैर राजनैतिक सगठन है जो किसानों के हित में लगातार कई वर्ष से पाटन तहसील में कार्य कर रहा है। भारत कृषक समाज के अध्यक्ष संजय जैन के नेतृत्व में तहसील के सैकड़ों किसानों की मौजूदगी में पाटन एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की गई कि शासन स्तर पर धान की खरीदी 25 नवम्बर से तहसील में शुरू होना थी लेकिन आज दिनाक 08/12/2023 तक भी शुरू नहीं की गई जिसके कारण तहसील का किसान बहुत परेशान है, वही बेमौसम वर्षा के कारण किसानों की तैयार धान की फसल उनके खेतों में पड़ी है जो



बारिश के पानी से खराब हो गई है,यदि समय रहते धान की खरीदी शुरू हो जाती तो किसानों को धान की फसल से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता था लेकिन शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी,कर्मचारियों की लापरवाही के चलते किसानों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है,अगर अब भी शासन प्रशासन नही चेता तो किसानों के द्वारा सोमवार को पाटन में चकाजाम किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी वही खाद विभाग की जिम्मेदार अधिकारी आभा शर्मा ने 3200 रुपए में धान की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदी की जो घोषणा की है उसे तत्काल लागू किया जाए। इसके अलावा पाटन कृषि उपज मंडी प्रांगण में मटर मंडी व्यावस्थित ना होने के कारण किसानों को मटर बेचने जबलपुर मंडी जाना पड़ता है।

इसलिए पाटन मंडी को व्यावस्थित करने के निर्देश दिए जाए जिससे पाटन का किसान अपनी मटर की फ़सल को यही बेच सके। बेमौसम बरसात के कारण किसानों का जो नुकसान हुआ है उसका सर्वे जल्द से जल्द कराया जावे एवं किसानों को उचित मुआवजा दिया जावें। ज्ञापन सौंपने के दौरान बहुजन समाज पार्टी के पाटन विधान सभा प्रत्याशी रहे तान सिंह ठाकुर, महेश प्रसाद दुबे महगंवा, हरमोहन शर्मा उड़ना,राजेन्द्र सिंह छक्का महगवा सहित बड़ी संख्या में तहसील के किसान उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जैतहरी रेलवे स्टेशन में 7 दिसम्बर की शाम ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मामले की जानकारी के अनुसार युवक शिवांशु अग्रवाल पिता पुरूषोत्तम अग्रवाल जो कि रेलवे स्टेशन जैतहरी के प्लेटफार्म क्रमांक 4 में बैठा हुआ था और रेलवे लाईन में खड़ी मालगाड़ी के चलते ही अचानक मालगाड़ी के सामने आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक कपड़ा व्यावसाई पुरूषोत्तम अग्रवाल का सबसे छोटा पुत्र था, जो कुछ दिनों से मानसिक तनाव में रह रहा था। फिलहाल जीआरपी पुलिस ने घटना की सूचना पर शव का पंचनामा तैयार कर शव को पीएम के लिये अस्पताल भेजा गया है। जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र में आने वाले टेढ़ा आम के पास एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना बुधवार रात की है। राहगीरों ने घायल को सड़क पर देखा तो 108 को सूचना दी। एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को बटियागढ़ अस्पताल ले जाया गया। यहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बटियागढ़ टीआई नेहा गोस्वामी को खबर मिली।

### लापरवाही पर नौ ग्राम सचिवों व रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**डिंडोरी, देशबन्धु।** प्राप्त जानकारी अनुसार अंतर्गतत यह कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमरपुर रामजीवन वर्मा ने 9 ग्राम सचिव और रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने ग्राम पंचायत बरसिंघा के सचिव सरजू प्रसाद और रोजगार सहायक बसंत पिपरहा, ग्राम पंचायत मनौरी के सचिव याकूब खान और रोजगार सहायक झुमुकलाल पट्टा, ग्राम पचांयत बटिया के सचिव अमर कुशराम और प्रभारी रोजगार सहायक घनश्याम सैयाम, ग्राम पंचायत घेवरी के सचिव अरविंद बघेल और रोजगार सहायक लक्ष्मी जायसवाल, ग्राम पचांयत देवरी के रोजगार सहायक शैलेस रजक को पदीय दायित्वों और कार्यों के प्रति उदासीनता बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि उक्त सभी सचिव एवं रोजगार सहायकों के द्वारा ग्राम पंचायत में आवास निर्माण कार्य सहित जॉबकार्ड धारियों को अपेक्षाकृत रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया है।

### मंदिरों में बढ़ती ठंड का असर, देवी-देवताओं का शीतकालीन शृंगार



**दमोह, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में बढ़ रही ठंड के बीच भगवान भक्तों को गर्म कपड़ों में दर्शन दे रहे हैं। प्रदेश के अलग-अलग मंदिरों में सर्दी बढ़ने के साथ ही भगवान को गर्म कपड़े पहनाए जा रहे हैं। संकट मोचन हनुमान मंदिर में सभी देवताओं की मूर्तियों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाए गए। मंदिर के पुजारी कहते हैं कि यह भक्तों की आस्था है कि जैसे हमें ठंड लगती है, वैसे भगवान को भी सर्दी लगती है, इसलिए हनुमान जी सहित सभी देवी-देवाओं को स्वेटर, शॉल सहित ऊनी कपड़े पहनाए गए हैं।

### खाद्य पदार्थ में मिलावट के दोषी पर 30 हजार रुपए का जुर्माना

**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी मीना मसराम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया द्वारा प्रस्तुत परिवाद पत्र पर कार्यवाही करते हुये दमोह जिले के दो अनावेदकों पर 35 हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने अनावेदक संदीप साहू पिता रामचरण साहू निवासी कमला नेहरू वार्ड हटा पर मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ कुंदा विक्रय करने का दोषसिद्ध होने पर 30 हजार का अर्थदण्ड की शास्ति तथा अनावेदक अस्सू यादव पिता नन्हेंभाई यादव निवासी हथनी दमोह द्वारा बिना खाद्य रजिस्ट्रेशन के दूध विक्रय करने का दोषसिद्ध होने के आरोप में 5 हजार रूपये की अर्थदण्ड शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने क्रय की गई सामग्री को अपील अवधि पश्चात विनष्टिकरण किये जाने हेतु आदेश दिये हैं। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने संबंधित को आदेशित किया है कि अधिरोपित शस्ति की राशि एमपीऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाइन चालान द्वारा जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करें।

# स्कूल के सामने छलक रहे जाम, रात में मचा रहे उत्पात

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** जिस स्थान को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है। बच्चे जहां शिक्षा ग्रहण करते हैं और अपना भविष्य गढ़ते हैं उसी स्थान के सामने आसपास की होटलों व गुमटियों मे वा कूड़ा कंजई तिराहे पर शराबियों ने अपना अड्डा बना रखा है। सुबह 5 बजे व रात में शराबी तत्व जाम छलकाते नजर आते हैं। असामाजिक तत्वों ने भी अड्डा जमाना शुरू कर दिया है। शाम 6 बजे के आसपास शराबी स्कूल कैंपस के आसपास घूमते नजर आते हैं। वही हैंडपंपों के पास शराब की बोतलें मिलती हैं।शाम होते ही शराबियों को जमावड़ा लग जाता है।गांव वालों की मानें तो पूरे इलाके में अवैध शराब का खेल जमकर चल रहा है. जगह-जगह अवैध शराब की बिक्री की जा रही है. गली, नुक्कड़ व चौराहों



पर शराबियों का डेरा लगा रहता है. ऐसा नहीं है कि जिम्मेदारों को इस स्थिति की जानकारी नहीं है, लेकिन इसे रोकने के लिये अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**पुलिस व आबकारी सुस्त-** एक ओर सरकार नशामुक्ति अभियान चल रहा है वहीं दूसरी ओर गांवों में शराब की अवैध बिक्री बढ़ती ही जा रही है। इन पर किसी का लगाम नहीं लगाए जा रहे हैं। आबकारी और पुलिस विभाग भी निष्क्रिय साबित हो रहे हैं। नतीजा यह हो रहे है कि बड़े, बुजुर्ग से लेकर विद्यार्थी भी शराब के गिरफ्त में आ रहे हैं। गांव-गांव अवैध शराब बिक्री की जा रही है।

**माफिया पहुंचा रहा शराब-**शराब की अवैध बिक्री गांधीग्राम लगातार बढ़ रही है। माफिया द्वारा गांव-गांव शराब की खेप पहुंचा रहे हैं। इन्हें न तो पुलिस विभाग का भय है और न कार्रवाई का डर। ऐसे में आबकारी और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। शाम होते ही गांधीग्राम सहित आसपास के गांवों में शराबखोरी करते आसानी से देखे जा सकते हैं।

**विद्यार्थी भी नशे की चपेट में -** शराबियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को ही अपना अड्डा बना रहा है। ऐसे में बड़े, बुजुर्गों से लेकर विद्यार्थी भी इसके गिरफ्त में आते जा रहे हैं। शाम ढलते ही स्कूल परिसर का आसपास का हिस्सा अस्थाई मयखाने में तब्दील होता जाता है।यहाँ पर आसपास गांजे की पुड़िया सप्लाई होने व विक्रय होने की जानकारी मिल रही है। सुबह जब स्कूल खुलता है, तो परिसर के आसपास शराब की बोतले, पानी पाऊज व डिस्पोजल गिलास, चिप्स रैपर बिखरे पड़े रहते हैं।

**गांजा व सट्टा पट्टी चरम पर-** लम्बे अरसे से एक भी नशे के कारोबारियों पर प्रशासनिक चाबुक नहीं चला हैं। ग्रामीण क्षेत्र में कई वर्षों से गांजे का अवैध कारोबार खुलेआम हो रहा हैं। गांव-गांव तक फैला यह व्यापार तेजी से लोगों के बीच नशा बांट रहा हैं। इस अवैध व्यापार को रोकने के लिए नारकोटिक्स एक्ट बनाया गया है, लेकिन पुलिस व आबकारी विभाग गांजे की बिक्री पर अंकुश नहीं लगा पा रहा हैं। अक्सर देखा जाता है कि नशे के आदि व्यक्ति कहीं भी चिलम सुलगाने लगते है। चाहे वह सार्वजनिक स्थान हो या फिर खुला मैदान, इतना ही नहीं इस तरह का नशा करने वाले लोग सड़क के किनारे भी बैठ कर चिलम चढ़ाने लगते हैं। जानकारी के अनुसार गांजे का कारोबार रसुखदार और इन नशे को अधिकतर युवा एवं छोटे तबके के लोग कर रहे हैं।

# 'उत्पन्ना एकादशी व्रत कथा सुनने से होती है मनोकामनाएं पूर्ण'

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** अगहन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी व्रत कथा सा महत्व बताते हुए पौराणिक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पारिवारिक सुख शांति एवं मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए तथा भगवान श्री विष्णु की कृपा के लिए उक्त व्रत रहने एवं व्रत कथा सुनते हैं पौराणिक त्रिपाठी ने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार भगवान विष्णु और मुर नामक राक्षस के बीच युद्ध हुआ।

युद्ध के दौरान जब भगवान विष्णु को थकान महसूस हुई तो वे बद्रिकाश्रम में एक गुफा में जाकर आराम करने लगे और विश्राम करते हुए उन्हें गहरी नींद आ गई। उधर भगवान विष्णु का पीछा करते हुए मुर



राक्षस भी बद्रिकाश्रम पहुंच गया। उसने देखा भी विष्णु जी तो नींद में हैं। इसके बाद उसने विष्णु जी को नींद में मारना चाहा। लेकिन अचानक भगवान विष्णु के शरीर से एक दिव्य ज्योति प्रकट हुई जिससे एक देवी प्रकट हुई और इसी देवी ने मुर का वध कर भगवान विष्णु के प्राण बचाए। भगवान विष्णु इस देवी से बहुत प्रसन्न हुए। भगवान बोले- देवी तुम्हारी उत्पत्ति मेरे शरीर से मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को हुई है।इसलिए तुम्हारा नाम 'एकादशी' होगा। आज से इस एकादशी पर मेरे साथ तुम्हारी भी पूजा होगी।इसलिए जो लोग उत्पन्ना एकादशी के दिन विधि-विधान से व्रत-पूजा करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है और धन-संपत्ति का सुख मिलता है। कथा श्रवण योगेंद्र मिश्रा, अरविन्द सिंह गौर,प्रकाश मिश्रा,राजकुमार असाटी,भानुप्रताप,आशीष त्रिपाठी,अज्जू चौरसिया ने की।

# मायके में बात करने पर पत्नी को पति ने गर्म चिमटे से जलाया

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में पत्नी द्वारा अपनी मौसी से फोन पर बात किये जाने की बात पर विवाद करते हुये पति द्वारा गुस्से में आकर अपनी पत्नी को गर्म चिमटे से जला दिया। जिसकी शिकायत पत्नी द्वारा थाने में किए जाने पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

मामले की जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महिला रुचि सेन ने पुलिस को बतलाया कि वह फोन पर अपनी बहन से बात कर रही थी। इस दौरान सास द्वारा कहा गया कि घर की हर बात अपनी मौसी से क्यों बताती हो, जिस पर उसने अपनी बहन से बात करने की बात कही गई। कुछ समय के पश्चात पति घर पहुंचा और उसने पत्नी के साथ गाली गलौज करते हुए फोन पर क्यों किसी से बात करती हो को लेकर विवाद करने लगा और गुस्से में आकर गर्म चिमटे से पत्नी के दाहिने हाथ की कलाई, गले तथा पेट में जला दिया गया। इसके साथ ही पति के द्वारा धमकी दी गई कि अगर आज के बाद फोन पर बात की तो जान से खत्म कर दूंगा। जिसकी जानकारी पत्नी द्वारा अपनी मां एवं पिता को बतलाने के पश्चात मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। जिस पर पुलिस में धारा 294 ,323 ,506 का अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# मां के प्रेमी को बेटे ने डंडे से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

## 200 मीटर दूर फेंका शव, आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** मां के अफेयर की गांव में चर्चा के बाद दोनों को साथ में देख कर बेटे ने मां के प्रेमी की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद मां बेटे ने मिल कर शव को रस्सी से घसीटकर घर से 200 मीटर दूर उप स्वास्थ्य केंद्र के पास फेंक दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को मामला का खुलासा करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।





अतरिक्त पुलिस अधिक्षक शिवकुमार सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि करनपठार थाना क्षेत्र में 12 नवंबर को एक 45 वर्षीय युवक शव गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र के पास मिला था। जिसे प्रेमिका ने अपने बेटे के साथ मिलकर उसकी हत्या की थी। अतरिक्त पुलिस अधिक्षक बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच प्रारंभ की जिसमें ज्ञात हुआ कि रामकुमार सिंह का अफेयर गांव की रहने वाली 56 वर्षीय जानकी बाई से था, जो अपने पति से अलग बड़े बेटे हीरो सिंह के साथ रहती थी। उसका पति अपने छोटे बेटे के साथ गांव के ही अलग मोहल्ले में रहता है। रामकुमार एवं जानकी बाई दोनों शहडोल में रह कर मजदूरी करते थे। रामकुमार के तीन बेटियां और 2 बेटे हैं। 12 नवंबर को शहडोल से मजदूरी कर शाम को प्रेमी प्रेमिका शहडोल से दोनों ऑटो से लमरू गांव तक आए। जिसमें गांव का एक और व्यक्ति सवार था। तीनों अपने गांव धुराधार पहुंचे। रामकुमार अपने घर ना जा कर अपनी प्रेमिका जानकी बाई के घर चला गया। रामकुमार का घर उसके प्रेमिका जानकी से 1.5 किलोमीटर दूर है। जानकी बाई के बेटे हीरो सिंह ने मां को रामकुमार के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया। इसके पूर्व मां के अफेयर के बारे में गांव चर्चा होने से हीरो सिंह गुस्से में था। दोनों को साथ में देख कर उसने रामकुमार पर डंडे से हमला कर दिया। प्रेमी को पीटता देख मां ने बेटे का साथ देते हुए दोनों ने डंडे से पीट-पीटकर रामकुमार की हत्या कर दी। इसके बाद मां बेटे ने मिल कर शव को रस्सी से घसीटकर घर से 200 मीटर दूर उप स्वास्थ्य केंद्र के पास फेंक दिया। पुलिस ने मामला का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मिले दो शव, पुलिस जांच में जुटी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव निरीक्षण करते हुए शव को पीएम के लिये भेजा है। जिसमें कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सामतपुर तालाब के किनारे सड़े गले हालत में अज्ञात शव देखा गया, तो वहीं दूसरी तरफ कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचखुरा में 42 वर्षीय युवक का शव उसके घर से डेढ़ किलो मीटर दूर स्थित खेत में मिला है, जहां मृतक की जीभ बाहर निकली हुई थी। दोनो ही मामले में पुलिस ने ाव को पीएम हेतु अस्पताल भेजा गया है।

मामले की जानकारी के अनुसार 8 दिसम्बर को कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पचखुरा में निवास करने वाले गोरेलाल पिता छोटेलाल अगरिया उम्र 42 वर्ष का शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर खेत में देखे जाने पर सूचना सुबह 9 बजे पुलिस को दी गई। जहां सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस सहित डाक स्क्वाड एवं फॉरेंसिक टीम ने



घटना स्थल सहित शव का निरीक्षण किया गया। जहां मृतक की जीभ बाहर निकली होने पर हत्या की आशंका जताई गई है। कोतमा थाना प्रभारी सुन्द्रेश मरावी ने बताया कि मृतक अपने घर में अकेला ही रहता था तथा आसपास के लोगो से पूछताछा पर पता चला कि 7 दिसम्बर की रात को वह अपने दोस्तो के साथ शराब का सेवन करने के बाद गांव में घुमते फिरते देखा गया है। जिसके बाद पंचनामा तैयार शव को पीएम के लिये भेजा गया है, जहां पीएम उपरांत ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है,वहीं दूसरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है, जहां समातपुर तालाब में 8 दिसम्बर की सुबह सड़ी गली हालत में अज्ञात शव देखे जाने पर सूचना पुलिस को दी गई। जहां सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थल निरीक्षण करते हुए आसपास के लोगो से शव की शिनाख्त कराई गई, लेकिन शव का पहचान नहीं हो सका। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार समातपुर तालाब में नहां रहे कुछ लोगों ने तालाब के किनारे शव को देखा। जिसकी सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकलवाया।

## एसटीएफ ने फर्जी सिम कार्ड, म्यूल बैंक अकाउंट रैकेट के एक और आरोपी को पकड़ा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा अपराध शाखा के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के विभिन्न जिलों के दूरदराज के इलाकों में भोले-भाले लोगों को लालच देकर फर्जी सिम कार्ड और बैंक अकाउंट खोलने में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान समीम इस्लाम के रूप में हुई है। वह पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के गुढ़िया गांव का निवासी है। एसटीएफ के अधिकारियों ने 4 दिसंबर को आईपीसी और आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक मामले के सिलसिले में इस्लाम को गिरफ्तार किया। बाद में आरोपी मुर्शिदाबाद की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर ओडिशा लाया गया। एसटीएफ ने इस साल अक्टूबर में गिरोह के तीन अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

# इजराइल ने हमास के गढ़ पर किया हमला

■ आवासीय भवनों पर भारी बमबारी में 100 से अधिक लोग मारे गए

**तेल अवीव,** (एजेंसियां)। इजराइल ने गुरुवार को कहा कि उत्तरी गाजा में जबालिया शरणार्थी शिविर हमास का गढ़ है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली मीडिया ने बताया है कि इजरायली बलों ने यहां हमास की एक मुख्य चौकी पर कब्जा कर लिया है। यहां सुरंगें और हथियार मिले हैं। बुधवार की संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट ने संकेत दिया कि जबलिया शिविर में कई आवासीय भवनों पर भारी बमबारी में 100 से अधिक लोग मारे गए, और कई अन्य घायल हो गए। 5 दिसंबर को, आईडीएफ के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि इजरायली सेना जबलिया के केंद्र में और शेजैया के क्षेत्र में लड़ रही है। उन्होंने कहा, इन सभी हमास के गढ़ में, संयुक्त रूप से भूमि और हवाई हमले किए जा रहे हैं। बुनियादी ढांचे को



नष्ट कर दिया गया है, आमने-सामने की लड़ाई में कई आतंकवादियों को मार गिराया गया है और हथियार ढूंढ लिए गए हैं।

## गाजा में इजरायली हमले में दो पत्रकारों के 30 परिजनों की मौत

गाजा। गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में दो पत्रकारों के 30 परिजनों की मौत हो गयी है। इनमें से एक पत्रकार अल जजीरा और एक सीएनएन का है। हमले में अल जजीरा के संवाददाता मोइमेन अल-शरीफी के पिता, मां और कई भाई-बहनों की जान चली गई। उन्होंने कहा कि एक विस्फोटक बैरल उनके घर पर गिरा, जिससे एक गहरा छेद हो गया। उन्होंने अल जजीरा को बताया, हमें अपने प्रियजनों को अलविदा कहने से रोका जाता है और उन्हें उचित तरीके से दफनाने से भी वंचित किया जाता है। विनाशकारी हमले के परिणामस्वरूप अल-शरीफ़ी के परिवार के कम से कम 21 सदस्यों की मृत्यु हो गई, जिनमें उनकी भतीजी और भतीजे भी शामिल थे। एक बयान में, अल जज़ीरा मीडिया नेटवर्क ने इजरायली हमले की निंदा की और कहा कि वह इस अपराध के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को जवाबदेह ठहराने के लिए सभी कानूनी कदम उठाएगा। नेटवर्क ने कहा, यह भयावह घटना बुधवार को जबालिया कैंप में सामने आई, जहां मोआमेन के परिवार ने शरण ली, जिससे उसके पिता, मां, तीन भाई-बहनों और उनके बच्चों की हत्या हो गई। बयान में कहा गया, अल जज़ीरा अंतरराष्ट्रीय समुदाय और प्रेस स्वतंत्रता संगठनों से इन नरसंहारों को तुरंत समाप्त करने और शहीदों के परिवारों और निर्दोष पीड़ितों के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए काम करने का आह्वान करता है।

## वेनेजुएला की सीमा पर सैनिकों को तैनात कर रहा है ब्राजील

**ब्राजिलिया,** (एजेंसियां)। ब्राजील ,वेनेजुएला से लगी अपनी सीमा पर सैनिकों की तैनाती कर रहा है। ब्राज़ील ने कहा है कि वेनेजुएला सरकार की ओर गुयाना द्वारा नियंत्रित क्षेत्र को अपने क्षेत्र में शामिल करने की योजना की घोषणा के बाद वेनेजुएला से लगी अपनी सीमा पर सैनिकों को तैनात किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि तेल से समृद्ध एस्सेकिबो क्षेत्र 19वीं सदी से विवादित इलाका है। उस समय जब गुयाना एक ब्रिटिश उपनिवेश था। कुछ साल पहले अपतटीय तेल और गैस भंडार की खोज के बाद वेनेजुएला ने अपने भूमि दावों को नवीनीकृत किया। इसके बाद वेनेजुएला में रविवार को जनमत संग्रह के बाद से तनाव बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि वेनेजुएला के 95 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने एस्सेक्विबो पर सरकार के दावे का समर्थन किया है।

**19वीं सदी से विवादित इलाका है एस्सेकिबो क्षेत्र**

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने सरकारी तेल कंपनी से वहां निष्कर्षण लाइसेंस जारी करने के लिए कहा है और प्रस्तावित किया है कि नेशनल असेंबली इस क्षेत्र को वेनेजुएला का हिस्सा बनाने के लिए एक विधेयक पारित करे। इसी वजह से इस क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है और गुयाना ने अपने सैनिक हाई अलर्ट पर रखा हैं। ब्राज़ीलियाई सेना ने कहा है कि वह रोराइमा राज्य की राजधानी, सीमावर्ती शहर बोआ विस्टा में और अधिक सैनिकों को भेज रही है।

साथ ही अधिक सशस्त्र वाहन भी लिए जा रहे हैं। बीबीसी के अनुसार ब्राज़ील की सेना ने कहा है कि वह क्षेत्र में हिंसा के प्रयासों के तहत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक गुयाना सेना का एक हेलीकॉप्टर बुधवार को वेनेजुएला सीमा के पास लापता हो गया, जिसमें सात लोग सवार थे। गुयाना के चीफ ऑफ स्टाफ उमर खान ने हालांकि कहा, इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि वेनेजुएला इसमें शामिल था।

## आज का इतिहास

1484 –महान कवि एवं संत सूरदास का जन्म।
1625 –हालैंड और इंग्लैंड के बीच सैन्य संधि पर हस्ताक्षर।
1761 –शिवाजी की पुत्री ताराबाई का पुणे में निधन।
1762 –ब्रिटिश संसद ने पेरिस संधि को स्वीकार किया।
1825... सिपाही विद्रोह के एक प्रमुख नायक राव तुला राम का हरियाणा के रेवाड़ी जिले में जन्म।
1870 –डा. आई एस श्रुधर का वेल्लोर के अस्पताल में जन्म।
1898 –बेलूर मठ की स्थापना।
1910 –फ्रांसीसी सेनाओं ने मोरक्को के बंदरगाह शहर अगादीर पर कब्जा किया।
1917 –जनरल अलेनबाय के नेतृत्व में ब्रिटिश सेना ने यरुशलम पर कब्जा किया।
1924 –हालैंड और हंगरी के बीच व्यापार संधि पर हस्ताक्षर।
1931 –जापानी सेना ने चीन के जेहोल प्रांत पर हमला किया।

## सुडोकू 6400

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### नीतीश कुमार पहुंचे जदयू कार्यालय, लौटने के क्रम में जाम में फंस गए

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी गुरुवार को पटना की सड़कों पर जाम से रूबरू होना पड़ा। उनके सुरक्षाकर्मी बड़ी मशक्कत के बाद जाम से मुख्यमंत्री के वाहन को बाहर निकाल सके। दरअसल, पिछले कई दिनों से मुख्यमंत्री की तबियत खराब थी। स्वस्थ होने के बाद नीतीश कुमार गुरुवार को अचानक जदयू कार्यालय पहुंच गए। उन्होंने इस दौरान पूरे कार्यालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री उपस्थित कार्यकर्ताओं से भी मिले और बात की। पार्टी कार्यालय में 10 से 15 मिनट तक रहने के बाद जब नीतीश का काफिला वापस लौटने लगा तब उनकी गाड़ी जाम में फंस गई। जदयू कार्यालय के समीप एक मैदान में भाजपा का 'अंबेडकर समागम' कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश भर के लोग शिरकत करने पहुंचे हैं।

### भाजपा ने तेलंगाना सीएम के बयान को लेकर सोनिया, राहुल और प्रियंका से पूछा सवाल

नई दिल्ली। भाजपा ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के तौर पर गुरुवार को शपथ लेने वाले ए रेवंत रेड्डी के बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सवाल पूछा है कि कांग्रेस पार्टी खुद को प्रासंगिक बनाने के लिए किस सीमा तक गिरेगी। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने से पहले सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने उनका बयान वापस क्यों नहीं कराया। भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए पार्टी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के नेतागण भारत को विभाजित करने की अजीब योजना चला रहे हैं।


## जापान के प्रधानमंत्री गुट के नेता पद छोड़ेंगे

**टोक्यो,** (एजेंसियां)। जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा पार्टी फंड में घोटाले के आरोपो के बीच सत्तारुढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में अपने गुट के प्रमुख का पद छोड़ देंगे। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को यह खबर दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी क्योदो ने मामले से जुड़े सूत्रों का हवाला देते हुए बताया, श्री किशिदा,एलडीपी के चौथे सबसे बड़े गुट कोच्चिकाई के नेता के पद से अपने इस्तीफे की घोषणा करने के लिए तैयार हैं।

कोच्चिकाई उन पांच एलडीपी गुटों में से एक है, जिन्होंने कथित तौर पर राजनीतिक धन उगाहने वाले दलों से अपने राजस्व को कम बताया है। जिससे अतिरिक्त आय उनके कुछ सांसदों को रिश्वत के रूप में वापस कर दी गई होगी। दिवंगत पूर्व प्रधान मंत्री शिंजो आबे के नेतृत्व वाला सबसे बड़ा एलडीपी गुट, सेइवाकेन या सेइवा नीति अध्ययन समूह पर पिछले पांच वर्षों में 2022 तक कम से कम लगभग दस करोड़ येन (लगभग 679,000 अमेरिकी डॉलर) की गुप्त धनराशि जमा करने का संदेह है। नवीनतम मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि आबे गुट में कम से कम एलडीपी के 10 सांसदों को रिश्वत मिली। हालाँकि कई प्रधान मंत्री पद पर रहते हुए अपने गुट से दूरी बनाए रखते हैं।


## रिपब्लिकन ने सीनेट में यूक्रेन के लिए सहायता विधेयक पर लगाई रोक

■ एक सौ 10 अरब पैकेज में यूक्रेन के 61 अरब डॉलर के साथ ही इजरायल के लिए धन व गाजा के लिए शामिल थी सहायता



**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों ने यूक्रेन के लिए एक सहायता विधेयक को पारित होने से रोक दिया है। बीबीसी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक सौ 10 अरब पैकेज में यूक्रेन के 61 अरब डॉलर, साथ ही इजरायल के लिए धन और गाजा के लिए सहायता शामिल थी। व्हाइट हाउस ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन के लिए अमेरिकी फंड जल्द ही खत्म हो सकता है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी और सहायता प्राप्त करने में विफलता से आशंका उत्पन्न होती है कि युक्रेन रूस से युद्ध हार जाएगा। रिपब्लिकन सदस्य आम तौर पर यूक्रेन को सहायता देने के पक्ष में हैं, जबकि कुछ ने इसे अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर बढ़ती घरेलू चिंताओं को दूर करने के लिए उपयोग में लाने की मांग की है।सीनेटरों- जिसमें सभी रिपब्लिकन शामिल हैं- ने विधेयक पारित करने के खिलाफ 49 के मुकाबले 51 वोट दिए जबकि 60 मतों की जरूरत थी। इस मतदान ने भविष्य में यूक्रेन की सहायता की अनिश्चितता उत्पन्न कर दी है और सांसदों को बातचीत की मेज पर वापस बुलाया गया है, जब तक कि कांग्रेस शीतकालीन अवकाश घोषित नहीं किया है। रिपब्लिकन इस बात पर बल दे रहे हैं कि यूक्रेन को दी जाने वाली कोई भी सहायता व्यापक अमेरिकी आव्रजन और शरण सुधारों से जुड़ी होनी चाहिए। बिडेन प्रशासन ने बुधवार को यूक्रेन के लिए 17.5 करोड़ डॉलर की नई सुरक्षा सहायता की घोषणा की, जिसे पहले ही मंजूरी दी जा चुकी है।

## वर्ग पहेली 6400



**बायें से दायें:-**
१. अतृप्त, अप्रसन्न
३. कोषागा, खजाना
५. पागल, विक्षिप्त
६. किसी वस्तु के बनाने में होने वाला खर्च
७. क्षतिपूर्ति, क्षतिपूर्ति की राशि (उर्दू)
९. अंजन
१०. वह कल्पित पर्वत जिसके पीछे सूर्य का डूबना माना जाता है
१२. किसी गीत के मुखड़े के अन्य अतिरिक्त पद,
१३. प्रारब्ध, भाग्य
१४. किसी व्यक्ति या संस्था को दिया जाने वाला राजकीय पत्र (चार्टर)
१६. अंतःकरण, चित्त
१८. कांटा
२०. रामचंद्र
२१. पत्र प्रसिद्ध रूसी उपन्यास लेखक तथा समाज सुधारक
२३. सोने का कमरा

**ऊपर से नीचे:-**
१. मुनाफाखोरी
२. फौरन
३. शोरगुल
४. बोलने का ढंग, बोलचाल (उर्दू)
५. बचपन
८. जिसकी कामनाएं पूरी न हुई हो (उर्दू)
१०. बड़ा भाई
११. आचरण, स्वभाव, शील
१२. आखिरी
१३. बिलकुल, पूरी तरह
१४. जिसका शासनकाल सुखमय और खुशहाली का हो (उपमा)
१५. दूसरे के अधीन, पराधीन
१७. जिसकी नाक कटी हुई हो
१८. स्त्रियों के हाथ में पहनने का एक गहना
१९. व्यंग्य, ताना
२२. अगर

## दुनिया को जानें

### इंडोनेशिया का इबू ज्वालामुखी फटा, 1,200 मीटर तक उठी राख

**जकार्ता,** 7 दिसम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत उत्तरी मालुकु में हल्माहेरा द्वीप पर इबू ज्वालामुखी गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे लिए फट गया, जिससे 1,200 मीटर ऊपर तक राख फैल गई। ज्वालामुखी की निगरानी चौकी के एक अधिकारी एफ्रिता सारागिह ने कहा, राख दक्षिण-पूर्व की ओर घनी तीव्रता के साथ भूरे रंग की देखी गई। समुद्र तल से लगभग 1,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, इबू ज्वालामुखी को खतरे के उच्चतम स्तर से नीचे वर्गीकृत किया गया है। इस साल की शुरुआत से अब तक ज्वालामुखी 60 बार फट चुका है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जनता से क्रेटर से 3.5 किमी के दायरे में न जाने के लिए कहा गया है। जो लोग बाहरी गतिविधियां करते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि ज्वालामुखी की राख गिरने पर नाक, मुंह और आंखों के लिए सुरक्षात्मक उपकरण पहनें। पेसिफिक रिंग ऑफ फायर पर स्थित, इंडोनेशिया दुनिया के सबसे अधिक ज्वालामुखी वाले देशों में से एक है।

## मोदी लाल किले में सांस्कृतिक उत्सव बिएननेल का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वेनिस, सिडनी और अन्य शहरों में आयोजित किए जाने वाले विश्व के प्रसिद्ध सांस्कृतिक उत्सवों की तरह भारत में भी लाल किले पर प्रथम भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन बिएननेल (आईएएडीबी) 2023 का उद्घाटन करेंगे। यह उत्सव लोगों के लिए 09-15 दिसंबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय की गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उद्घाटन समारोह शाम होगा और इस दौरान प्रधानमंत्री लाल किले पर आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिजाइन और विद्यार्थी बिएननेल (समुन्नति) का भी उद्घाटन करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लाल किला बिएननेल वेनिस, साओ पाउलो, सिंगापुर, सिडनी और शारजाह आदि में आयोजित किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय बिएननेल की तरह भारत में भी एक वैश्विक सांस्कृतिक उत्सव को संस्थागत रूप देने के प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुरूप है। इस सोच के अनुरूप संग्रहालयों को रीइन?वेंट, रीब्रांड, नवीनीकृत और पुन= स्थापित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है।




बयान में कहा गया है कि भारत के पांच शहरों कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद और वाराणसी में सांस्कृतिक स्थलों के विकास की भी घोषणा की गई है। बयान के अनुसार भारतीय कला, वास्तुकला और डिजाइन बिएननेल (आईएएडीबी) दिल्ली में सांस्कृतिक स्थल के प्रारंभ के रूप में काम करेगा। आईएएडीबी कलाकारों, वास्तुकारों, डिजाइनरों, फोटोग्राफरों, संग्राहकों, कला पेशेवरों और जनता के बीच समग्र वार्तालाप शुरू करने और सांस्कृतिक संवाद को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उभरती अर्थव्यवस्था के हिस्से के रूप में कला, वास्तुकला और डिजाइन के रचयिताओं के साथ विस्तार और सहयोग करने के मार्ग और अवसर भी प्रदान करेगा।

## अमेरिका में निजी क्षेत्र ने नवंबर में एक लाख 30 हजार नौकरियां जोड़ीं

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां)। अमेरिका में सुस्त पड़े श्रम बाजार में निजी कंपनियों ने नवंबर में 103,000 नौकरियां जोड़ीं जो नौकरी की धीमी वृद्धि का संकेत है। पेरोल डेटा कंपनी ऑटोमैटिक डेटा प्रोसेसिंग (एडीपी) ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एडीपी की मुख्य अर्थशास्त्री नेला रिचर्डसन ने कहा, महामारी से उबरने के दौरान रेस्तरां और होटल सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता थे। लेकिन वह बढ़ावा हमारे पीछे है। रिचर्डसन ने कहा, अवकाश और आतिथ्य की प्रवृत्ति में वापसी से पता चलता है कि 2024 में समग्र रूप से अर्थव्यवस्था में अधिक मध्यम भर्ती और वेतन वृद्धि देखी जाएगी। नवंबर माह में विनिर्माण क्षेत्र में 15,000 नौकरियों की गिरावट के साथ, माल-उत्पादक क्षेत्र में 14,000 नौकरियां चली गईं। रिपोर्ट में दिखाया गया है कि सेवा प्रदान करने वाले क्षेत्र में 117,000 नौकरियाँ जोड़ी गयी। जबकि पेशेवर/व्यावसायिक सेवाओं पांच हजार और अवकाश/आतिथ्य में सात हजार की गिरावट आई। रिपोर्ट से पता चलता है कि अक्टूबर में निजी क्षेत्र में नौकरी की वृद्धि घटकर 106,000 रह गई।

## वर्ग पहेली-6399



परेशानी

### इस साल अभी तक 2 हजार से अधिक घटनाएं हुई

# आगजनी की घटनाओं से कश्मीर को नहीं मिल रही मुक्ति

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर वादी आग लगने की घटनाओं से जूझ रही है। उसे इससे मुक्ति मिलने की कोई उम्मीद इसलिए भी नहीं दिख रही है क्योंकि अधिकारियों का आरोप है कि लोग सुरक्षा उपायों के प्रति लापरवाह हैं। आज भी एक आग लगने की घटना में अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार सुबह श्रीनगर के जम्पा कदल में कम से कम छह दुकानें और दो आवासीय कमरे क्षतिग्रस्त हो गए।

दरअसल कश्मीर में सर्दियों के मौसम की शुरुआत के साथ, जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में आग की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है, जहां नवंबर 2023 के महीने में 53 घटनाएं दर्ज की गई हैं। अग्निशमन और आपातकालीन सेवा (एफ एंड ईएस) विभाग द्वारा तैयार किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नवंबर महीने में श्रीनगर भर में 53 आग की घटनाएं दर्ज की गई हैं।

21 नवंबर को सबसे अधिक आग लगने की घटनाएं दर्ज की गईं, जिसमें कहा गया कि विशेष तिथि पर यहां गोजवारा चौक, एसकेआईएमएस सौरा, पोलो व्यू, बक्शीपोरा पालपोरा और वजीर बाग में पांच घटनाएं दर्ज की गईं। प्रासंगिक रूप से, कश्मीर में सर्दियों के दौरान आग की घटनाओं की संख्या हमेशा बढ़ जाती है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि संबंधित विभाग द्वारा लोगों को उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए घाटी



भर में जागरूकता कार्यक्रम और कार्यक्रम आयोजित करने के बाद पिछले वर्षों की तुलना में घटनाओं की संख्या में गिरावट आई है।

अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर घाटी में अक्टूबर के अंत तक 2000 आग की घटनाएं और सात संबंधित मौतें दर्ज की गईं, जिनमें से कुल घटनाओं में से 25 प्रतिशत जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में दर्ज की गईं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में लोग मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की उपेक्षा करते हैं, खासकर जब न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से नीचे चला जाता है, और यही घाटी में सर्दियों के महीनों के दौरान आग की घटनाओं का मूल कारण रहा है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर के अंत तक कश्मीर घाटी में आग लगने की 2000 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि संबंधित घटनाओं में सात लोगों की मौत भी हुई। कश्मीर में सर्दियों के दौरान आग लगने की सबसे ज्यादा घटनाएं देखने को मिलती हैं। सहायक निदेशक फायर एंड इमरजेंसी सर्विस (एफएईएस) कश्मीर आकिब हुसैन मीर ने बताया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं के प्रति लोगों की अवमानना ही नरक का प्राथमिक कारण है, जिसके परिणामस्वरूप कभी-कभी दुखद आग की घटनाएं होती हैं, जिससे जीवन और संपत्ति दोनों को नुकसान होता है।

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## बीबीएल में ग्लेन मैक्सवेल चोटिल होकर अगले मुकाबले से हुए बाहर

**मेलबर्न।** मेलबर्न स्टार्स को बिग बैश लीग (बीबीएल) में खराब शुरुआत से वापसी करने की उनकी उम्मीदों को उस समय बड़ा झटका लगा उसके बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल बांह में चोट लगने के कारण पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ होने वाले अगले मैच से बाहर हो गए हैं। प्रतियोगिता की शुरूआती रात में ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय मैक्सवेल को अपनी बांह में चोट लग गई। इस दौरान मैक्सवेल ने 14 गेंदों में 23 रन बनाये थे। इस मुकाबले में स्टार्स को 103 रनों की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मैक्सवेल की अनुपस्थिति से मार्कस स्टोइनिस पर बल्लेबाजी लाइन-अप का नेतृत्व करने की अधिक जिम्मेदारी होगी। स्टार्स का अगला मुकाबला बुधवार को एमसीजी में स्कॉर्चर्स से होगा। फिर उनके अगले मैच तक 10 दिन का अंतराल होगा, 23 दिसंबर को एल्बरी में सिडनी थंडर से मुकाबला है। इस दौरान मैक्सवेल को ठीक होने का समय मिल जायेगा और उन्हें केवल एक मैच से बाहर रहना पड़ेगा।



# खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे सुरेश रैना और हरभजन

**सूरत।** 21 दिनों की तमाम आतिशबाजी के बाद, लीजेंड्स लीग क्रिकेट सूरत में अंतिम मुकाबले में पहुंच गया है, क्योंकि नवोदित अर्बनराइजर्स हैदराबाद और मणिपाल टाइगर्स फाइनल में पहुंच गए हैं। कप्तान सुरेश रैना और हरभजन सिंह आज फाइनल से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में काफी सहज दिखे और उन्होंने ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और फाइनल के लिए अपनी राह पर चर्चा की। दोनों कप्तानों ने इस बारे में बात की कि अपने पहले सीज़न में लीजेंड्स लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने और फाइनल में पहुंचने का टीम के लिए क्या मतलब है, जैसा कि उन्होंने कई बार किया है, यहां तक ??कि भारतीय क्रिकेट टीम में टीम के साथी के रूप में और अन्य लीग में अपनी-अपनी टीमों के साथ। दोनों टीमों के लिए फाइनल की राह लीग चरण और क्वालीफायर में विस्फोटक क्रिकेट से भरी थी क्योंकि अर्बनराइजर्स हैदराबाद फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम थी क्योंकि उन्होंने क्वालीफायर 1 में मणिपाल को हराया था। मणिपाल को कड़ी मेहनत से गुजरना पड़ा और इंतजार करना पड़ा इंडिया कैपिटल्स के खिलाफ सेमीफाइनल में उनकी बारी एक करीबी जीत की थी, जिससे फाइनल में अर्बनराइजर्स के खिलाफ मुकाबला तय हो गया। फाइनल से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुरेश रैना ने कहा, लीजेंड्स लीग क्रिकेट हमारे द्वारा खेले गए किसी भी क्रिकेट की तरह ही प्रतिस्पर्धी रहा है और हम फाइनल में भी उतने ही अच्छे क्रिकेट मैच की उम्मीद कर रहे हैं। हम दोनों ने एक साथ और एक-दूसरे के खिलाफ कई फाइनल खेले हैं और मुझे पता है कि यह अनुभव भी दूसरों की तरह ही अच्छा होगा।

हरभजन सिंह ने कहा, फाइनल के लिए यह एक अच्छी राह थी और हम अपने पदार्पण में भी इसे बनाकर बहुत खुश हैं। लीजेंड्स लीग क्रिकेट एक बहुत ही मजेदार अनुभव रहा है और इसमें समान रूप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट भी देखा गया है। रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और अंतत: अब सूरत सहित चार शहरों में खेलना इन शहरों में खेल को बढ़ावा देने के लिए बहुत अच्छा रहा है, जहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पारंपरिक रूप से नहीं खेला गया है और हम हर जगह खेल की स्थिति से भी बहुत खुश हैं।



लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सीईओ रमन रहेजा ने कहा, हम उन सभी को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने लीजेंड्स लीग क्रिकेट को देखा, समर्थन किया और आनंद लिया। हर शहर के लोगों ने हमारी लीग का स्वागत किया है और अपने पसंदीदा क्रिकेटरों और क्रिकेट जगत के दिग्गजों को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्टेडियम आए हैं। हम शनिवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में फाइनल का इंतजार कर रहे हैं। फाइनल 9 दिसंबर को सूरत के लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में मणिपाल टाइगर्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा और इसमें हरभजन सिंह, सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, मोहम्मद कैफ सहित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। अन्य दिग्गजों में प्रवीण कुमार और असगर अघन शामिल हैं।दोनों कप्तानों ने कहा, कल जो भी जीतेगा, हम जानते हैं कि इस लीग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अंत में क्रिकेट और क्रिकेट प्रेमी जीतें।

## श्रीसंत के खिलाफ एलएलसी ने जारी किया नोटिस : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को एलिमिनेटर मैच के दौरान मैदान पर गौतम गंभीर के साथ हुई बहस के बाद लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) कमिश्नर ने कैफ को बयानबाजी करने के लिए कानूनी नोटिस भेजा है। बुधवार को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच एलएलसी सीज़न 2 एलिमिनेटर मैच के दौरान गंभीर और श्रीसंत के बीच तीखी नोकझोंक हुई जिसके बाद अंपायरों को स्थिति पर काबू पाने के लिए बीच-बचाव करना पड़ा। मैच के अगले दिन श्रीसंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लाइव हुए और गंभीर पर अभद्र शब्द कहने का आरोप लगाया। केरल के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा कि गंभीर ने 2013 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) स्पॉट फिक्सिंग कांड का जिक्र करते हुए उन्हें फिक्सर कहा था। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, एलसीसी के कानूनी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि श्रीसंत टी20 टूर्नामेंट में खेलते समय अपने अनुबंध का उल्लंघन करने के दोषी थे। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि तेज गेंदबाज के साथ बातचीत तभी शुरू की जाएगी जब वह लीग के पूर्वावलोकन के दौरान खिलाड़ी की आलोचना करने वाले वीडियो हटा देंगे। इससे पहले, एलसीसी ने एक बयान जारी कर कहा था कि वह भारत के पूर्व साथियों गंभीर और श्रीसंत से जुड़ी घटना में आचार संहिता के उल्लंघन की आंतरिक जांच करेगी। एलसीसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, यह घटना जो क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय रही है। आचार संहिता का उल्लंघन है और लीग की आचार संहिता और आचार समिति द्वारा बताए गए स्पष्ट नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भारत ने अफगानिस्तान को सात विकेट से हराया

अंडर-19 एशियाकप



**दुबई** 8 दिसंबर (एजेंसियां)। अर्शिन कुलकर्णी की नाबाद 70 रन की अर्धशतकीय पारी और मुशीर खान के 48 रनों की धैर्य पूर्ण पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां अंडर 19 एशियाकप के पहले मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से हरा कर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने अपना पहला विकेट तीसरे ओवर में आदर्श सिंह 14 रन के रूप में गंवा दिया था। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये रूद्र पटेल भी पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान उदय सहारन भी अधिक देर तक नहीं टिक सके और बीसवें ओवर में 20 रन पर जदरान की गेंद पर नुमान शाह को कैच थमा बैठे। लेकिन कुलकर्णी एक छोर पर डटे रहे और उन्होंने मुशीर खान के साथ विजयी साझेदारी की। मुशीद 48 और कुलकर्णी 70 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों बल्लेबाजों के संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए 37.3 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। अफगानिस्तान की ओर से बशीर अहमद, वहीदुल्लाह जादरान और खलील अहमद को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले राज लिम्बानी और अर्शिन कुलकर्णी के तीन-तीन विकेटों की घातक गेंदबाजों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान को 173 रनों पर ढ़ेर कर दिया था। भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगनिस्तान शुरुआत खराब रही और उसने चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर वफीउल्लाह तराखिल 15 रन का विकेट खो दिया। तराखिल को लिम्बानी ने बोल्ड आउट किया। जमशेद जदरान और सोहिल खान ने संभल कर खेलते हुए टीम के स्कोर को 75 रन तक पहुंचा। लेकिन 19 ओवर में सोहिल खान 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उसके बाद जदरान 43 रन को 23वें ओवर में अभिषेक ने बोल्ड कर अफगानिस्तान को तीसरा झटका दिया। अकरम मोहम्मदजई 20 रन, नुमान शाह 25 रन, मोहम्मद यूनुस ने 26 रन बनाये। कप्तान नसीर खान मारूफखिल पांच रन ही बना सके और खलील अहमद नौ रन बनाकर नाबाद रहे। रहीमुल्लाह जुर्मती, वहीदुल्लाह जादरान और बशीर अहमद शून्य पर आउट हुये। अफगानिस्तान की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 173 के स्कोर पर ऑलआउट हो गयी।

भारत की ओर से राज लिम्बनी और अर्शिन कुलकर्णी ने तीन-तीन विकेट चटकाये। नमन तिवारी ने दो बल्लेबाजों को आउट किया तथा मुरुगन अभिषेक और मुशीर खान को एक-एक विकेट मिला।

# भारत दौरे के लिए तैयार हैं एलिसा हीली

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली का मानना है कि वह भारत दौरे से पहले प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी को लेकर आश्वस्त हैं, जो 21 दिसंबर से मुंबई में एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगा। एलिसा की आखिरी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट उपस्थिति इस साल अक्टूबर में महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में हुई थी। इससे पहले वह अपने पालतु कुत्तों के बीच लड़ाई को रोकने की कोशिश करते समय चोटिल हो गई थी जिसके बाद उन्हें बाकी टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।



आईसीसी ने कायो समर ऑफ क्रिकेट में एलिसा के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि मैं वहां मुंबई में पहले टेस्ट के लिए रहूंगी। उन्हें मुझे वहां जाने और पहली गेंद पकड़ने से रोकने के लिए बहुत कुछ करना होगा। सब कुछ सचमुच बहुत अच्छा चल रहा है। मैंने पिछले डेढ़ सप्ताह से नेट्स पर वापसी शुरू कर दी है, इसलिए मैं बुधवार को एक बड़ी श्रृंखला के लिए भारत जाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

मेग लैनिंग के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के बाद एलिसा का ऑस्ट्रेलिया का नया कप्तान बनना लगभग तय हो गया है। एलिसा पिछले डेढ़ साल से मेग की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी कर रही थीं, जिसमें इस साल इंग्लैंड में एशेज भी शामिल थी।

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चार दिवसीय टेस्ट मैच पहला टेस्ट होगा जो ऑस्ट्रेलिया 1984 के बाद भारत में खेलेगा। उसी स्थान पर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और नवी मुम्बई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला होगी।

# लांस मॉरिस काफी हद तक युवा पैट कमिंस की याद दिलाते हैं : ब्रेट ली

**सिडनी** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि युवा तेज गेंदबाज लांस मॉरिस उन्हें उस समय की याद दिलाते हैं जब ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा कप्तान पैट कमिंस युवा थे। पिछले साल, मॉरिस ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कारों में ब्रैडमैन यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता था और अब उन्हें 14 दिसंबर से पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वह वास्तव में काफी हद तक युवा पैट कमिंस की याद दिलाता है। यह एक बहुत बड़ा रैप है क्योंकि कम्मो पहली बार तब सामने आया जब वह लगभग 17 साल का था, पेनरिथ के बड़ी नीली आंखों वाले लड़के के रूप में जो तेज गेंदबाजी करने के लिए उत्साहित था। वह एक स्पंज की तरह था। वास्तव में सीमित समय में मुझे लांस से बात करने का मौका मिला, यह सिर्फ इतना है कि वह क्रिकेट को लेकर उत्साहित है, वह अपने खेल को समझता है। मैं जोड़ सकता हूं कि उसका दिमाग बहुत सक्रिय है, जैसा कि अधिकांश तेज गेंदबाजों का होता है। ली ने फॉक्स क्रिकेट के सीज़न लॉन्च इवेंट में कहा, मैं बहुत प्रभावित हूं, उसके सामने एक बड़ा करियर है। हालाँकि इस साल क्या होने वाला है? मुझे यकीन नहीं है, क्योंकि उससे आगे तीन लोग हैं जो बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हालांकि मॉरिस बेहद प्रतिभाशाली हैं, लेकिन ली को लगता है कि उन्हें अपना समय बर्बाद करना होगा क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में आगामी अंतरराष्ट्रीय पुरुष समर में मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्डस के लिए कमिंस,



जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क पहली पसंद के तेज गेंदबाज हैं।

पेस एक ऐसी चीज़ है जिसे मैं इन छोटे बच्चों के साथ देखना पसंद करता हूँ। लेकिन निश्चित रूप से, जब आप उस 140 किमी/घंटा की बाधा को पार कर लेते हैं, तो उसके एक्शन, उसके स्वभाव, उसकी तकनीक का कोई कारण नहीं होता है, वह युवा है और वह उत्साहित है कि वह उस 150 किमी/घंटा की सीमा तक नहीं जा सकता है। उसे बस विकेट लेते रहने की जरूरत है। सिक्के के दूसरी तरफ हालांकि आपको स्टार्क, कमिंस और हेज़लवुड के रूप में तीन अनुभवी प्रचारक मिले हैं जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए लम्बे समय से खेला है। आपको अपने समय का इंतजार करना होगा. यह ऐसा था जैसे जब मैं ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रहा था, तो आपको विकेट लेने होते थे और तेज गेंदबाजी करनी होती थी। यह युवावस्था का विषय है, लेकिन अनुभव भी बहुत महत्वपूर्ण है। मिचेल स्टार्क - जब वह चालू होता है, तो वह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ होता है और वह गेंद को वापस स्विंग कराता है। पैट कमिंस डेविड बेकहम की तरह सुनहरे बच्चे हैं, उनके हाथ में गेंद है और वह मौके बनाते हैं। फिर हेज़लवुड मैकग्रा की तरह है, वह मानव मेट्रोनोम। ली ने निष्कर्ष निकाला, तीन लोग हैं जो शीर्ष पर हैं और उन्हें पछाड़ना काफी कठिन होगा।

# दिल्ली कैपिटल्स टीम की गहराई में सुधार करना चाहती है : जोनाथन बैटी

मुंबई। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शनिवार को मुंबई में होने वाली नीलामी से पहले दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा कि टीम की रणनीति टीम की गहराई में सुधार करने की होगी। दिल्ली, जो डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में उपविजेता रही थी, अब उनके पास 2.25 करोड़ रुपये का पर्स उपलब्ध है और उसे भरने के लिए तीन स्लॉट हैं। उन्होंने जसिया अख्तर, अपर्णा मंडल और यूएसए की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस को रिलीज़ कर दिया जिन्होंने टूर्नामेंट में पहली बार पांच विकेट लिए थे।

फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में जोनाथन बैटी ने कहा, हम टीम की गहराई में सुधार करना चाहते हैं। हमने पिछले साल की नीलामी में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था और 18 खिलाड़ियों की एक अच्छी टीम तैयार की थी। हम आगामी नीलामी में अपनी वर्तमान टीम को थोड़ा बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। हम जो टीम चाहते हैं



उस पर कुछ चर्चाएं हुई हैं और हम नीलामी में जाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल मार्च में आयोजित डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र ने दुनिया के अन्य सभी टी20 फ्रेंचाइजी महिला टूर्नामेंटों के लिए मानक स्थापित किया है।

हमने महिला प्रीमियर लीग के पिछले संस्करण में क्रिकेट की बेहतरीन गुणवत्ता देखी। टूर्नामेंट में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थीं। हमने कुछ बेहतरीन मैच और स्कोर देखे। यह टूर्नामेंट दुनिया के अन्य सभी महिला टूर्नामेंटों के लिए बेंचमार्क है। सोशल मीडिया के जरिए पता चला कि डब्ल्यूपीएल का उद्घाटन सीज़न समाप्त होने के बाद दिल्ली ने अपने खिलाड़ियों के लिए शहर और बेंगलुरु में ऑफ-सीज़न कैंप लगाए थे।

डब्ल्यूपीएल के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, भारत की पूर्व महिला मुख्य चयनकर्ता, सहायक कोच हेमलता काला ने कहा, महिला प्रीमियर लीग के आगमन के बाद महिला क्रिकेटरों में बहुत उत्साह है। सभी खिलाड़ी टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहती हैं। डब्ल्यूपीएल के पहले सीज़न का महिला क्रिकेट पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। हम देख सकते हैं कि भारतीय टीम ने हाल के महीनों में टी20 में अच्छा प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन में सुधार किया है।

# 'अगर आप एक महान खिलाड़ी के रूप में याद किया जाना चाहते हैं तो टेस्ट क्रिकेट खेलें'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के दिग्गज वसीम अकरम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से बाहर होने के पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ के फैसले पर चिंता व्यक्त की और तेज गेंदबाज को चेतावनी दी कि अगर उनका लक्ष्य खुद को आधुनिक समय के महान खिलाड़ियों के रूप में स्थापित करना है, तो उन्हें खेल के सबसे लंबे प्रारूप की मांगों को अपनाना होगा। रऊफ ने तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए नामित टीम से नाम वापस ले लिया, जिसके परिणामस्वरूप 18 सदस्यीय दल में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों-- बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज सईम अयूब, तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद और ऑलराउंडर आमिर जमाल-को शामिल किया गया। . अकरम ने एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, यह उनका फैसला है। वह एक अनुबंधित खिलाड़ी हैं, इसलिए घर पर बहुत सारे विवाद हैं। तो यह उसकी कॉल है। रऊफ ने 2022 में रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। पाकिस्तान की सफेद गेंद वाली टीम, खासकर टी20 में लगातार उपस्थिति के बावजूद, उन्होंने अब तक केवल एक टेस्ट मैच में भाग लिया है। उनकी सीमित भागीदारी - पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ मैच में केवल 13 ओवर फेंकना - तब से लंबे प्रारूप में खेलने के प्रति उनके झुकाव की कमी को दर्शाता है। अकरम ने कहा, दिन के अंत में टेस्ट एक बड़ा खेल है। आपको आठ ओवर के स्पैल फेंकने होते हैं। टी20 में आप चार ओवर फेंकते हैं और फाइन लेग पर खड़े होते हैं।

# कैबरे व रफी के दो-दो गोल से स्पेन ने भारत को हरा जू. हॉकी पुरुष हॉकी विश्व कप में लगातार दूसरी जीत दर्ज की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। स्ट्राइकर वेरदिल पॉल कैबरे और कप्तान आंद्रियाज रफी के दो-दो गोल तथा गोलरक्षक गोलरक्षक जन कैपलडेस के पेनल्टी कॉर्नर के लगभग आधा दर्जन बेहतरीन बचाव बदौलत स्पेन ने भारत को क्वालालंपुर में 13 वें जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पूल सी के मैच में 4-1 से हरा कर लगातार दूसरी जीत के साथ क्वॉर्टर फाइनल में अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया। स्पेन ने अपने चार में दो गोल पेनल्टी कॉर्नर, एक पेनल्टी स्ट्रोक पर तथा एक मैदानी गोल किया। भारत के लिए अकेला गोल रोहित ने तीसरे क्वॉर्टर के शुरू में पेनल्टी कॉर्नर पर दागा। भारत की दो मैचों में पहले हार रही। भारत को अंतिम आठ में पहुंचने के लिए अब कनाडा से अपना पूल मैच जीतने के साथ यह भी उम्मीद करनी होगी कि स्पेन अपने अंतिम पूल में दक्षिण कोरिया को शिकस्त दी । स्पेन को मैच में आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले और उसने दो गोल में बदला

■ स्पेन के गोलरक्षक कैपलडेस ने आधा दर्जन बचाव कर भारत को बराबरी से रोका

जबकि भारत अपने साथ में मात्र एक को ही गोल में बदल पाया। भारत ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पांच मिनट बाद पहले मैच पर अपनी पकड़ जरूर बनाई लेकिन मैन ऑफ द' मैच स्पेन के गोलरक्षक गोलरक्षक जन कैपलडेस ने दूसरे क्वॉर्टर के ठीक पहले सुदीप चिरिमाको और चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में बॉबी सिंह धामी के खतरनाक शॉट को रोका ही पेनल्टी ड्रैग फ्लिकर के रोहित के तीन फ्लिक को रोक कर भारत को बराबरी पाने से रोक अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई। भारत के बॉबी सिंह धामी ने बेवजह चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के पाचवें मिनट में बेवजह रफ टैकल कर पीला कार्ड होकर पांच मिनट के लिए मैदान से बाहर जाना महंगा पड़ा। इससे भारत को गोल उतारने के लिए आक्रामक की बजाए अपने



ही गोल की हिफाजत करने पर लगाना पड़ा। भारत के गोलरक्षक मोहित के बेवजह स्ट्राइकर वेरदिल पॉल कैबरे को खतरनाक ढंग से रोका और इस पर मिले पेनल्टी स्ट्रोक को कप्तान रफी ने गोल में स्पेन को 4-1 से जीत दिलाई।

वेरदिल पॉल कैबरे के मैच के पहले ही मिनट में बाएं से डी में पहुंच दागे बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत स्पेन ने 1-0 की बढ़त हासिल की। कप्तान आंद्रियाज रफी के दूसरे क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोली कर स्पेन को 2-0 से आगे कर दिया। तेज तर्रार स्ट्राइकर सुदीप चिरिमाको ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले रिवर्स हिट से लगाई लेकिन स्पेन के गोलरक्षक जन कैपलडेस ने बेहतरीन बचाव कर भारत को बढ़त कम करने से रोक दिया। अग्रिम पंक्ति सुदीप चिरिमाको , विष्णुकांत सिंह और कप्तान उत्तम सिंह ने तीसरे क्वॉर्टर के शुरू में बेहतर तालमेल दिखाते हुए स्पेन के गोल पर दबाव शुरू के पांच मिनट में भारत को तीन पेनल्टी कॉर्नर दिलाए। भारत के ड्रैग फ्लिकर रोहित ने तीसरे पेनल्टी पर अचूक जमीनी ड्रैग फ्लिक से गोल कर स्कोर 1-2 दिया। वेरदिल पॉल कैबरे ने तीसरा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से मैच का अपना दूसरा गोल कर स्पेन को 3-1 से आगे कर दिया। विष्णुकांत के बेहतरीन प्रयास पर मिले मैच के चौथै पेनल्टी कॉर्नर पर रोहित के तेज ड्रैग फ्लिक पर स्पेन के गोलरक्षक जन कैपलडेस ने दूसरा बेहतरीन बचाव कर भारत को दूसरा गोल करने से रोका।

## सार संक्षेप

### जमशेदपुर एफसी और चेन्नईयिन एफसी के बीच मुकाबला ड्रा रहा

**जमशेदपुर।** पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद जमशेदपुर एफसी ने मुकाबले में वापसी करते हुए चेन्नईयिन एफसी को 2-2 से ड्रा पर रोक दिया। गुरुवार रात यहां जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गये इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मुकाबले के नौवें मिनट में फारुख चौधरी ने पहला और उसके बाद निन्थोइंगनबा मीतेई ने 40वें मिनट में दूसरा गोलकर चेन्नईयिन एफसी की बढ़त दोगुनी कर दिया। वहीं जमशेदपुर एफसी के लिए पचुआउ लालडिनपुइया ने 45वें मिनट और डेनियल चीमा ने 90वें मिनट में एक-एक गोल दागकर मुकाबले को 2-2 से बराबरी पर लाकर ड्रा करा दिया। चेन्नईयिन एफसी बुधवार को घरेलू मैदान पर बेंगलुरु एफसी से भिड़ेगी तथा शनिवार को जमशेदपुर एफसी का भी बेंगलुरु एफसी से मुकाबला होगा।

### स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट के लिये भारतीय टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** स्पेन के वालेंसिया में 15 दिसंबर से खेली जाने वाली पांच देशों की प्रतियोगिता के लिये सविता के नेतृत्व में भारतीय टीम की घोषणा शुक्रवार को कर दी गयी। भारत के अलावा टूर्नामेंट में आयरलैंड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम की टीमें हिस्सा लेंगी। अगले साल 13 जनवरी से शुरु होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 से पहले यह टूर्नामेंट तैयारी के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। वंदना कटारिया को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में गोलकीपर के रूप में सविता के साथ बिचू देवी खारीबाम को शामिल किया गया है, जबकि बैकलाइन में गुरजीत कौर के साथ-साथ डिफेंडरों की सूची में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और अक्षता अबासो ढेकाले की वापसी होगी।

## सुडोकू 6400 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 |


देशबन्धु

SENSEX BSE 69825.60 ▲ 303.91 | 20969.40 ▲ 68.25 | MCX Gold 62106 ▼ 360 | silver 73558 ▼ 755

# अर्थ जगत

## रुपया दो पैसे गिरकर 83.38 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के नीति दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने के फैसले के बीच रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे टूटकर 83.38 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.35 पर खुला और अंत में 83.38 (अस्थायी) पर बंद हुआ। इस तरह रुपये में पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की गिरावट हुई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे टूटकर 83.36 पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने हालांकि कहा कि आरबीआई गवर्नर के सकारात्मक रुख और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी से रुपये को समर्थन मिल सकता है।





## प्याज निर्यात पर प्रतिबंध 31 मार्च तक

**नई दिल्ली।** कई दिनों से प्याज और टमाटर की बढ़ती कीमत के कारण थाली की कीमत पर भी असर पड़ा है। इससे आम जनता के घर का बजट भी गड़बड़ा गया है। आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। अक्टूबर के महीने में प्याज की कीमत 100 का आंकड़ा पार कर गई थी। इसके बाद सरकार ने प्याज की कीमत को कम करने के उद्देश्य से बड़ा कदम उठाया है। बाजार में प्याज की कीमत 70 से 80 रुपये प्रति किलो के दर पर मिल रही है। सरकार ने प्याज के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। सरकार का ये फैसला 31 मार्च 2024 तक लागू रहने वाला है। मोदी सरकार ने प्याज की कीमत पर काबू पाने के लिए ये फैसला किया है। सरकार ने प्याज की कीमत को कम करने के लिए प्याज के निर्यात पर अगले साल मार्च तक प्रतिबंध लगाया है।

इस संबंध में विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना में कहा गया है कि प्याज के निर्यात की नीति को 31 मार्च, 2024 तक मुक्त से प्रतिबंधित श्रेणी में डाला गया है।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200, एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-62650 चांदी रिफाइन - 75300

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-62650 चांदी रिफाइन - 75300


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.38 |
| एक यूरो | 89.54 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104.38 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54.73 |
| एक जापानी येन | 00.57 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 80 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 120 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।


## मॉनेटरी पॉलिसी के ऐलान के बाद सेंसेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

### निफ्टी 21 हजार के पार



*__मुबंई।__ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को पेश मौद्रिक समीक्षा में रीपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने के फैसले से स्थानीय शेयर बाजारों में जोरदार उछाल आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी दोपहर के कारोबार में जहां 21,000 अंक के स्तर को पार कर गया, वहीं सेंसेक्स दिन में कारोबार के उच्चस्तर 69,888.33 अंक पर पहुंच गया।*

दोपहर के कारोबार में निफ्टी 21,006.10 अंक पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी में 25 शेयर लाभ में और 24 नुकसान में कारोबार कर रहा था। वहीं सेंसेक्स के 19 शेयर लाभ में और 11 नुकसान में थे। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि शेयर बाजारों ने रीपो दर के मोर्चे पर यथास्थिति का स्वागत किया है।

हालांकि, कारोबार बंद होने पर सेंसेक्स 303.91 अंक चढ़कर 69,825.60 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं निफ्टी में भी 68.25 अंकों की तेजी रही, ये 20,969.40 के स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट रही. सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में एचयूएल टेक और जेएसडबलू स्टील रहे. गिरावट वाले शेयरों में महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, बजाज फाइनेंस और टाटा मोटर्स रहे.

एचसीएल टेक, एलटीआई माइंड-ट्री, जेएसडब्लू स्टील, एलटी, एचडीएफसी बैंक, टाइटन और इंफोसिस समेत निफ्टी-50 के 20 शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है. वहीं अडाणी पोर्ट्स, अडाणी एंटरप्राइजेज, हीरो मोटकॉर्प, डिविस लैब, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, वीपीसीएल, सिप्ला और ओएनजीसी समेत निफ्टी के 30 शेयरों में गिरावट है.सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेस, आईटी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टरों में तेजी देखने को मिल रही है. वहीं ऑटो, एफएमसीजी, मेटल, फार्मा, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टरों में गिरावट है.


## अब अस्पताल में इलाज, कॉलेज में दाखिले के लिए यूपीआई से कर सकेंगे 5 लाख रुपये तक का भुगतान




*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक ने लोगों को राहत देते हुए शुक्रवार को अस्पतालों में इलाज और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले के लिए लोकप्रिय भुगतान मंच यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा एक बार में एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी है।*

इस पहल का मकसद चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में भुगतान को लेकर यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ाना है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए शुक्रवार को कहा, '' अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा को मौजूदा के एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने का निर्णय किया गया है।''केंद्रीय बैंक के अनुसार, इस बारे में जल्दी ही अलग से निर्देश जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कुछ श्रेणियों को छोड़कर यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा एक लाख रुपये निर्धारित है। जिन श्रेणियों को पहले से छूट है, उसमें पूंजी बाजार, क्रेडिट कार्ड भुगतान, कर्ज वापसी, ईएमआई, बीमा आदि शामिल हैं। इन मामलों में यूपीआई के जरिये भुगतान की सीमा दो लाख रुपये है।

### ब्याज दरों में कटौती की योजना नहीं, मुद्रास्फीति हमारी उच्च प्राथमिकता : शक्तिकांत दास



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि नीतिगत दरें कम करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है क्योंकि केंद्रीय बैंक के लिए मुद्रास्फीति अभी भी उच्च प्राथमिकता बनी हुई है। दास ने यहां आरबीआई मुख्यालय में मौद्रिक नीति की द्विमासिक समीक्षा के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि रीपो दर को लगातार पांचवीं बार स्थिर रखने की घोषणा करते समय उनके बयान में शामिल 'अत्यधिक सख्ती' का कुछ और मतलब नहीं समझा जाना चाहिए। दास ने कहा कि आरबीआई की रीपो दर में कटौती की फिलहाल कोई योजना नहीं है। दास ने कहा कि मुद्रास्फीति पर नियंत्रण केंद्रीय बैंक की शीर्ष वरीयता है। पिछले कुछ महीनों में मुद्रास्फीति के आंकड़े संतोषजनक रहे हैं। अक्टूबर में कुल मुद्रास्फीति दर गिरकर 4.87 प्रतिशत आ गई। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने कहा कि पहली छमाही में आर्थिक वृद्धि और अक्टूबर एवं नवंबर के उच्च आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का सात प्रतिशत की दर से बढ़ना एक 'रुढ़िवादी अनुमान' ही है।

## आरबीआई ने म्युचुअल फंड, क्रेडिट कार्ड भुगतान के लिए ऑटोमेटिक पेमेंट लिमिट को बढ़ाकर किया 1 लाख रुपये

*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यापारियों को वस्तुओं और सेवाओं के एवज में ग्राहकों की अनुमति से उनके खाते से निश्चित अवधि पर (आवर्ती भुगतान) स्वत: पैसा काटने की सीमा कुछ मामलों में मौजूदा 15,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये करने की अनुमति दी है। यह सीमा म्यूचुअल फंड, बीमा प्रीमियम जैसी कुछ श्रेणियों के लिए बढ़ायी गयी है।*

इस व्यवस्था में सत्यापन की अतिरिक्त व्यवस्था के बिना ग्राहकों के खाते से सीधे पैसा लेने की सीमा वर्तमान में 15,000 रुपये है। इससे ऊपर के भुगतान के लिये सत्यापन की अतिरिक्त व्यवस्था की जरूरत पड़ती है। केंद्रीय बैंक ने इस प्रकार के लेन-देन की बढ़ती संख्या और व्यवस्था सुचारू होने को देखते हुए यह निर्णय किया है। आरबीआई के अनुसार, इस प्रकार की पंजीकृत स्वत: अनुमति फिलहाल 8.5 करोड़ है। इसके तहत हर महीने 2,800 करोड़ रुपये के लेन-देन हो रहे




हैं। विभिन्न तबकों ने म्यूचुअल फंड, बीमा प्रीमियम का भुगतान और क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान जैसी श्रेणियों में सीमा बढ़ाने की जरूरत बताई है। इसको देखते हुए केंद्रीय बैंक ने यह कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए कहा, ''म्यूचुअल फंड, बीमा प्रीमियम और क्रेडिट कार्ड बिलों के भुगतान के लिए एक लाख रुपये तक के लेनदेन के लिए एएफए की आवश्यकता से छूट देने का प्रस्ताव किया गया है।''उन्होंने कहा कि अन्य मौजूदा आवश्यकताएं जैसे लेनदेन से पहले और बाद की सूचनाएं, उपयोगकर्ता के लिए उससे बाहर निकलने की सुविधा आदि इन लेनदेन पर लागू होंगी। इस बारे में संशोधित परिपत्र शीघ्र ही जारी किया जाएगा। एक अन्य निर्णय में आरबीआई ने वित्तीय प्रौद्योगिकी परिवेश में विकास की बेहतर समझ और क्षेत्र का समर्थन करने के लिए 'फिनटेक रिपॉजिटरी' स्थापित करने की भी घोषणा की। दास ने कहा, ''इसे अप्रैल, 2024 या उससे पहले रिजर्व बैंक इनोवेशन हब चालू करेगा। फिनटेक को इस 'रिपॉजिटरी' के जरिये स्वेच्छा से प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।''भारत में बैंक और एनबीएफसी जैसी वित्तीय संस्थाएं तेजी से फिनटेक के साथ साझेदारी कर रही हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार चार माह में पहली बार 600 अरब डॉलर के पार


*__नई दिल्ली।__ भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक दिसंबर को बढ़कर 604 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। चार माह में पहली बार विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के पार हुआ है। इससे पहले इस साल 11 अगस्त को विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर से ऊपर था।*

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को दिसंबर की द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा, ''भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक दिसंबर, 2023 को 604 अरब डॉलर था। इससे हम अपनी बाहरी वित्तपोषण जरूरतों को सुगमता से पूरा कर सकते हैं।''इससे पहले 24 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 597.93 अरब डॉलर था। अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। इसके बाद पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से रुपये को दबाव से बचाने के लिए केंद्रीय बैंक ने इस भंडार का इस्तेमाल किया, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आई।

## सरकार ने जमोखोरी रोकने, कीमतों पर काबू के लिए गेहूं भंडारण सीमा घटाई

*__नई दिल्ली।__ केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि व्यापारियों एवं थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं भंडारण की सीमा 2,000 टन से घटाकर 1,000 टन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खुदरा विक्रेता के लिए भंडारण सीमा 10 टन के बजाय पांच टन, बड़े खुदरा विक्रेताओं के प्रत्येक डिपो के लिए पांच टन और उनके सभी डिपो के लिए यह सीमा कुल मिलाकर 1,000 टन होगी।*

उन्होंने कहा कि गेहूं का प्रसंस्करण करने वालीं कंपनी वित्त वर्ष 2023-24 के बाकी महीनों के अनुपात में मासिक स्थापित क्षमता का 70 प्रतिशत रख सकती हैं। चोपड़ा ने कहा, ''गेहूं के कृत्रिम अभाव की स्थिति को रोकने और जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए ऐसा किया गया है। संशोधित स्टॉक



सीमा तत्काल प्रभाव से लागू होगी।'' उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अपना स्टॉक संशोधित सीमा तक कम करने के लिए 30 दिन का समय दिया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, गेहूं भंडारण करने वाली सभी फर्मों को गेहूं स्टॉक सीमा संबंधी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा और हर शुक्रवार को अपने स्टॉक के बारे में जानकारी देनी होगी। पोर्टल पर पंजीकृत न कराई गई या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करने वाली फर्म के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा छह और सात के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य मंत्रालय ने 12 जून को अनाज कारोबारियों पर मार्च, 2024 तक स्टॉक रखने की सीमा लगा दी थी। इसके बाद 14 सितंबर को इस सीमा को और भी कम करके व्यापारियों एवं थोक विक्रेताओं और उनके सभी डिपो में बड़े खुदरा विक्रेताओं के लिए 2,000 टन कर दिया गया था। सरकार ने मई, 2022 से ही गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके साथ मुक्त बाजार बिक्री योजना के तहत थोक उपयोगकर्ताओं को रियायती दर पर गेहूं बेचा जा रहा है।

### सरकार जनवरी-मार्च में मुक्त बाजार बिक्री योजना के तहत 25 लाख टन अतिरिक्त गेहूं बेच सकती है : खाद्य सचिव

सरकार गेहूं की घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और कीमतों पर नियंत्रण के लिए मुक्त बाजार बिक्री योजना के तहत जनवरी-मार्च, 2024 में भारतीय खाद्य निगम का 25 लाख टन अतिरिक्त गेहूं बेचने को तैयार है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने शुक्रवार को यह बात कही। अनाज खरीद और वितरण के लिए सरकार की नोडल एजेंसी एफसीआई को इसी साल मई में गेहूं उत्पादक राज्यों में खरीद अवधि को छोड़कर पूरे वित्त वर्ष में ओएमएसएस के तहत ई-नीलामी के जरिये केंद्रीय पूल से थोक उपभोक्ताओं को गेहूं बेचने का आदेश दिया गया था। खाद्य सचिव ने संवाददाताओं से कहा कि साप्ताहिक ई-नीलामी के माध्यम से एफसीआई अब तक 44.6 लाख टन गेहूं थोक उपभोक्ताओं को बेच चुका है। चोपड़ा ने कहा, इससे खुले बाजार में कम दाम पर गेहूं की उपलब्धता बढ़ी है, जिससे देशभर के आम उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है। सचिव ने कहा, जरूरत के आधार पर ओएमएसएस के अतंर्गत जनवरी-मार्च, 2024 में अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं बेचा जा सकता है। मुक्त बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के लिए एफसीआई द्वारा ई-नीलामी के माध्यम से साप्ताहिक रूप से बेचे जाने वाले गेहूं की मात्रा को तत्काल प्रभाव से तीन लाख टन से बढ़ाकर चार लाख टन कर दिया गया है।

## भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर :पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार और उद्योग के सामूहिक प्रयासों से भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ताकि पूर्ण रूप से विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सके।मंत्री ने शीर्ष व्यापार संगठन फिक्की की 96वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पहले ही मजबूत बुनियादों के साथ फ्रेजाइल 5 से निकलकर दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।

उन्होंने बताया कि देश का 600 अरब डॉलर का मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार सबसे कठिन समय में भी स्थिर रहा है, चाहे वह भू-राजनीतिक उथल-पुथल हो जैसे कि यूक्रेन में युद्ध या महामारी।

निवेशकों ने भारत में रहने और बाहर न जाने को प्राथमिकता दी है, जिससे पता चलता है कि उन्हें देश की अर्थव्यवस्था पर कितना भरोसा है। उन्होंने कहा कि विदेशी बैंकर भी भारतीय मुद्रा को दुनिया में सबसे सुरक्षित मानते हैं। गोयल ने कहा कि देश की विदेशी मुद्रा स्थिति इतनी मजबूत है कि अगले पांच से छह वर्षों तक मौजूदा चालू खाते के घाटे पर देश के आयात का ध्यान रखा जा सकता है।

## क्लैट परीक्षा रुझानों की समीक्षा व मार्गदर्शन के लिए 11 दिसंबर को एक-पर-एक परामर्श सत्र आयोजित

*__जबलपुर।__ क्लैट 2024 परीक्षा आसान से मध्यम रही, कानून के उम्मीदवारों को परीक्षा के बाद अवसरों का पता लगाने में मदद करने के लिए, लीगलएज लीगलएज बाय टॉपरैंकर्स वन टू वन काउंसलिंग सत्र क्लैट 2024 के बाद आगे क्या ला रहा है।*

जबलपुर क्लैट 2024 में 120 प्रश्नों के साथ एक अद्यतन परीक्षा पैटर्न था और संशोधित पेपर पैटर्न ने अनिश्चितता के बादल पैदा कर दिए थे, हालांकि, सभी की उम्मीदों के विपरीत क्लैट 2024 का पेपर आसान से मध्यम था। 105 से अधिक प्रयासों की एक अच्छी संख्या है और शीर्ष 3 राष्ट्रीय लॉ स्कूलों के लिए 90 से अधिक एक अच्छा स्कोर है।

अनुभागीय विश्लेषण की बात करें तो अंग्रेज़ी अनुभाग आसान था। प्रश्न साहित्य-आधारित और मुद्दे से संबंधित थे और इन्हें समाप्त करके हल किया जा सकता था। कोई शब्दावली प्रश्न नहीं थे। सामान्य ज्ञान सेक्शन आसान था और अधिकांश प्रश्न पेसेज पर आधारित थे। कुछ प्रश्न क्यों पर थे और विश्व के मामलों और राजनीतिक घटनाओं पर प्रश्न थे जैसे त्र 20, गाजा स्ट्रिप, इसरो, और जलियांवाला बाग। तार्किक तर्क अनुभाग में उत्पादन दक्षता पर थोड़े भ्रमित करने वाले अंश के साथ अनुभाग को मॉडरेट करना आसान था।

इस खंड में अनुमान, ताकत और कमजोरी पर कुछ प्रश्नों के साथ अनुच्छेदों की लंबाई आश्चर्यजनक रूप से कम थी। इच्छुक कानून छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों को क्लैट के बाद के परिदृश्य को समझने और पिछले वर्ष के परीक्षा रुझानों की समीक्षा करने के लिए मार्गदर्शन करने के लिए हम 11 दिसंबर 2023 को शाम 4 बजे क्लैट 2024 के बाद क्या होगा शीर्षक से एक-पर-एक परामर्श सत्र आयोजित करेंगे।

इसके लिए छात्र हमारा लीगलएज जबलपुर केंद्र, विजयनगर, जबलपुर में आ सकते है या 9109108170 पर कॉल करें ।

## दिसंबर के अंत तक तैयार होगा अयोध्या हवाई अड्डा : सिंधिया

**नयी दिल्ली ।** अयोध्या में बन रहे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का निर्माण कार्य दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला खंड तीन साल में शुरू होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, हम अपने पूंजीगत व्यय कार्यक्रम पर बहुत अधिक ध्यान दे रहे हैं । जहां तक हवाई अड्डों का सवाल है, हमारी 95,000 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना है। इसमें सरकार का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत और निजी क्षेत्र का 75 प्रतिशत होगा।


### कार्यालय नगरपालिका परिषद्, नरसिंहपुर, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Subhash Ward,Narsinghpur Phone: 07792-230402 E-Mail-cmonarsinghpur@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 2668, 2670, 2672/ई.टेण्डर/2023-24 नरसिंहपुर, दिनांक-6/12/2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र की मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2023_UAD_284569_5 7/12/2023 | Work of Augmentation of Water Supply of Narsingpur town under AMRUT 2.0 (5th Call) | 18 Months 861.87 Lacs | 20000.00 430933.00 | 22/12/2023 |
| 2 | 2023_UAD_305693_2 8/12/2023 | Rejuvenation of Water body under AMRUT 2.0 Scheme at Narsinghpur (2nd Call) | 06 Months 10339000.00 | 12500.00 51695.00 | 26/12/2023 |
| 3 | 2023_UAD_318543_1 7/12/2023 | DEVELOPMENT OF GREEN PARK MUSHRAN PARK AT NARSINGHPUR TOWN. DIST. NARSINGHPUR UNDER AMRUT 2.0 SCHEME | 06 Months 5421000.00 | 10000.00 40658.00 | 8/01/2024 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, नरसिंहपुर


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# चक्रवात कमजोर,एक दो दिनों में मौसम के साफ होने के आसार

## शुक्रवार को सुबह से धूप और बादलों के बीच चलती रही आंख-मिचौली



**जबलपुर,देशबन्धु।** मौसम का मिजाज अगले दो से तीन दिनों में बदल सकता है। तूफान का चक्रवात कमजोर होने लगा है, इसी के चलते आसमान साफ हो सकता है और धीरे-धीरे सूर्य की किरणे के दर्शन होने लगेंगे। हालाकि शुक्रवार को दिन में बादलों और सूर्य के बीच आंख मिचौली चलती रही। कोहरा और धुंध का असर भी बढ़ने से इंकार नहीं किया जा रहा है। अभी हवा की दिशा उत्तर से पूर्व की तरफ करीब तीन से चार किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को सुबह का तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अब तक 0.56.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अभी चंबल क्षेत्र में तापमान का ग्राफ नीचे की तरफ आने लगा है। जैसे ही आसमान में बादल की छटनी होगी उसी के साथ ही तापमान घटेगा और ठंड बढ़ने के आसार हैं।

इधर बीते दिनों से बूंदा-बांदी से लोग परेशान रहे। सुबह से रात तक कमोवेश मौसम का रूख एक सामान रहा। शहर में जगह-जगह ऐसे मार्ग जो कमजोर हैं वहां पर पानी भर गया था। इससे लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

धूप न निकलने से सबसे ज्यादा बुजुर्गो और बच्चों ने परेशानी महसूस की। लोगों के यहां कपड़े भी नहीं सूख रहे थे, चूंकि लगातार पानी का बरसने का क्रम चल रहा था और धूप गायब थी, इसलिये कई तरह की परेशानियों का सामना लोगों को करना पड़ा।

उधर मौसम के मौजूदा मिजाज से सबसे ज्यादा ग्रामीण अंचल में वे किसान परेशान रहे, जहां पर मटर की खेती की गई थी, मटर इस तरह के मौसम में खराब होने लगता है, इसी बात के चलते बीते दिनों जबलपुर की मंडियों में भारी संख्या में मटर की आवक हुई थी, गोदाम आदि में मटर रखने की जगह नहीं थी, वहीं मांग न होने पर मटर के दाम भी किसानों को नहीं मिले जिसके कारण व्यापारियों और किसानों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। हालाकि बाद में प्रशासन के हस्ताक्षेप से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया था।

फिलहाल सुबह होते ही किसान आसमान की तरफ निहारने लगते हैं और मौसम के पल-पल बदलते मिजाज पर नजर रखे हुये हैं ताकि उनकी फसल पर विपरीत असर न होने पाये। यह और बात की प्राकृतिक आपदा के सामने किसी की भी नहीं चलती है।

# नेशनल लोक अदालत आजः प्रदेश में 1333 खंडपीठ गठित



**जबलपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली के निर्देशानुसार मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आज शनिवार 9 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए संपूर्ण प्रदेश में 1333 खंडपीठों का गठन किया गया है। हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर व इंदौर-ग्वालियर बेंच में 12 खंडपीठ जबकि जिला व तहसील अदालतों में 1321 खंडपीठों के जरिए परस्पर सहमति से विवादों का निराकरण किया जाएगा। इस बार सुनवाई के लिए दो लाख 30 हजार लंबित व चार लाख 15 हजार प्रीलिटिगेशन मामले निर्धारित किये गये है।

उक्त जानकारी मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव रत्नेश चंद्र बिसेन ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में दी। इस दौरान अतिरिक्त सचिव मनोज कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों के अलावा बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के मामले निराकरण के लिए रखे जाएंगे। विद्युत अधिनियम के लंबित व प्री-लिटिगेशन प्रकरणों व मप्र नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्ति कर व जलकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को नियमानुसार विभिन्न छूट प्रदान की जाएगी।

इधर लोक अदालत को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियों को किया गया है। इसमें ज्यादा से ज्यादा पक्षकार शामिल हो, इस तरफ खास ध्यान दिया गया है। ऐसा देखने में आ रहा है कि नेशनल लोक अदालत विभिन्न शासकीय कार्यालयों और पक्षकारों के लिये लाभ दायक साबित हो रही हैं। इनमें विशेष रूप से आर्थिक और समाजिक सरोकार से जुड़े मामलों को निपटारा हो रहा है जो आज की सबसे बड़ी जरूरत है। इसी के चलते नगर निगम, राजस्व, बिजली वितरण कंपनी और बैंक आदि ने व्यापक रूप में अपने प्रकरण तैयार कर अदालत में भेजने की तैयारी पूरी कर ली है।

# नाबालिगा से छेड़छाड़ करने वाले को तीन साल की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** नाबालिगा से छेड़छाड़ करने के मामले में पाक्सों की अदालत ने आरोपी दुर्गेश बेन को दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दुर्गेश बेन को तीन साल के सश्रम कारावास व ढाई हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 2 सितंबर 2022 को पीड़िता ने रांझी थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उसने बताया था कि जब भी वह स्कूल व कोचिंग जाती तो आरोपी दुर्गेश बेन उसका पीछा करता था।

तीन माह से उसे आरोपी परेशान कर रहा है, इतना ही नहीं जब भी वह अकेली होती तो उसका हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़खानी करता है। इतना ही नहीं एक सितंबर की दोपहर जब वह घर के बाहर खेल रहीं थी, उसी समय आरोपी आया जबरदस्ती साथ में चलने को कहने लगा। उसने जब माता-पिता से बताने की बात कहीं तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी दुर्गेश को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

# .सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य को सीनियर सिलेक्शन ग्रेड का लाभ देने के दिए निर्देश

जबलपुर । हाईकोर्ट ने कहा समान स्थिति वाले व्यक्ति के साथ समान व्यवहार होना चाहिए और यदि ऐसा नहीं किया गया है, तो यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता के अधिकार) का उल्लंघन है। वस्तुतः शक्ति के उपयोग में अधिकारी को अपने विवेक का प्रयोग करना चाहिए।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने उक्त व्यवस्था देने के साथ सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर व एक अन्य अधिकारी को को सीनियर सिलेक्शन ग्रेड का लाभ देने के निर्देश दे दिए। हाई कोर्ट ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता अधिकारी पात्र हैं। नौ दिसंबर, 2012 की तिथि से उनके सेवानिवृत्ति लाभ भी पुनः सुधार कर दें। याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी विन्द्रा प्रसाद द्विवेदी और भोपाल निवासी जीपी माली की ओर से अधिवक्ता एलसी पटने और अभय पांडे ने पक्ष रखा।

**शक्ति के उपयोग में अधिकारी द्वारा विवेक का प्रयोग आवश्यक'**

उन्होंने दलील दी कि 20 अप्रैल, 2005 के आदेश से दोनों अधिकारियों को राज्य प्रशासनिक सेवा में पदस्थापना दी गई। विन्द्रा को जबलपुर में डिप्टी कलेक्टर और माली को नगर निगम भोपाल में उपायुक्त के पद पर पदस्थापना दी गई। अधिवक्ताद्वय ने सुनवाई के दौरान दलील दी कि सेवा नियम के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा में छह वर्ष पदस्थ रहने के बाद अधिकारी सीनियर सिलेक्शन ग्रेड-पे पाने का अधिकारी हो जाता है। बाद में इस नियम में बदलाव कर छह के स्थान पर चार वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर उक्त लाभ दिया जाने लगा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ताओं के समान प्रकरण वाले कई अधिकारियों को उक्त छूट का लाभ दिया गया, लेकिन याचिकाकर्ताओं को इसका लाभ नहीं दिया गया। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए याचिकाकर्ताओं को भी उक्त लाभ देने के निर्देश दिए।

# गलत इंजेक्शन लगाने से बुजुर्ग की मौत, डाक्टर ने बरगी बांध में फेंकी लाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के छिंदवाड़ा में गलत इंजेक्शन लगाने से मरीज की मौत के बाद डॉक्टर ने उसका शव रातों-रात ठिकाने लगा दिय। डॉक्टर, उसका भाई और स्टाफ शव को क्लीनिक से कार में डालकर ले गए। 250 किलोमीटर दूर जबलपुर के समीप बरगी बांध की नर्मदा नहर में शव फेंक गए।

गौरतलब है कि घटना अमरवाड़ा में 2-3 दिसंबर की दरमियानी रात की है. बुजुर्ग मरीज का शव 4 दिसंबर को जबलपुर में गोपालपुर नहर में मिला था। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने जांच की, तब डॉक्टर की करतूत सामने आई. पुलिस ने गुरुवार देर शाम मामले का खुलासा किया। पुलिस ने डॉक्टर, उसके भाई और स्टाफ को गिरफ्तार कर लिया है. अमरवाड़ा थाना प्रभारी राजेंद्र धुर्वे ने बताया कि आरोपी दीपक श्रीवास्तव बीएएमएस (आयुर्वेदिक) डॉक्टर है. शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि वह एलोपैथिक इलाज दे रहा था।

**बुजुर्ग को सांस लेने में तकलीफ थी**

लहगडुआ के रहने वाले पुसु राठौर (60) को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी. वे 2 दिसंबर की दोपहर अमरवाड़ा के वार्ड 6 में डॉ. दीपक श्रीवास्तव के क्लीनिक गए थे. यहां डॉक्टर ने उन्हें सेलाइन और इंजेक्शन लगाया. इंजेक्शन लगते ही पुसु राठौर घबराने लगे. डॉक्टर ने उन्हें क्लीनिक के पीछे वाले कमरे में ले जाकर ड्रेसिंग टेबल पर लिटा दिया।

इसके कुछ देर बाद बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया. डॉक्टर ने इसकी जानकारी मृतक के घरवालों को नहीं दी. वह रात होने का इंतजार करता रहा। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता चला कि डॉ. दीपक श्रीवास्तव ने भाई देवेंद्र श्रीवास्तव, स्टाफ के प्रदीप डहेरिया और कपिल मालवी की मदद से शव को ठिकाने लगाया. आरोपी कार (एमपी 09 सीई 5659) में पिछली सीट पर डेड बॉडी रखकर बरगी के पास निगरी से गोकलपुर जाने वाली नहर में फेंक आए।

राठौर घर से बताकर निकले थे कि वे क्लीनिक जा रहे हैं। वापस नहीं लौटे तो परिजन ने क्लीनिक जाकर देखा, फिर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई. पुलिस 3 दिसंबर को मतगणना में व्यस्त रही। इधर, परिवार लगातार पुसु की तलाश करता रहा. 4 दिसंबर को सूचना मिली कि नहर में शव मिला है।

इसके बाद परिवार ने अमरवाड़ा थाने में हंगामा कर दिया। डॉक्टर से पूछताछ करने की मांग की। पूछताछ में डॉक्टर और स्टाफ ने बुजुर्ग को गलत इंजेक्शन लगाने के बाद शव नहर में फेंकना कबूल कर लिया।

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव (64), निवासी मरकावाड़ा गांव देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव (55), निवासी मरकावाड़ा गांव (डॉक्टर का भाई)कपिल मालवी (35), निवासी अमरवाड़ा (क्लीनिक का स्टाफ) प्रदीप डहेरिया (29), निवासी बिनेकी गांव (क्लीनिक का स्टाफ) शामिल हैं।

# व्यापारियों को मिला सुरक्षा की गारंटी का आश्वासन

## मण्डी में आज से फिर शुरु होगी मटर खरीदी



**जबलपुर,देशबन्धु।** कृषि उपज मण्डी में बीते 4 दिनों से मटर खरीदी को लेकर व्यापारियों और किसानों के बीच गतिरोध बना हुआ था, जो प्रशासन और व्यापारियों के बीच हुई बातचीत के बाद सुरक्षा की गारंटी का आश्वासन मिलने पर खत्म हो गया। कृषि उपज मण्डी व्यापारी संघ के अध्यक्ष अजीत साहू ने बताया कि पिछले दिनों मण्डी में हुई घटना के बाद संघ व्यापारी किसान और मजदूरों के जान माल की सुरक्षा की गारंटी की मांग प्रशासन से कर रहा था, इस मांग के चलते करीब 4 दिनों से मण्डी में मटर की खरीदी नहीं की गई।

इस सम्बंध में जिलाध्यक्ष को भी संघ द्वारा पत्र लिखा गया था। परिणाम स्वरूप प्रशासन से जान माल की सुरक्षा की गारंटी का आश्वासन मिलने के बाद 09 दिसम्बर शनिवार से फिर से मटर की खरीदी व्यापारी द्वारा शुरू की जायेगी। उन्होंने बताया कि 4 दिसम्बर की रात लगभग 7 बजे से 5 दिसम्बर की रात तक मण्डी के अंदर 24 घंटे तक सैकड़ों व्यापारी किसान एवं मजदूरों को बंधक बनाकर रखा गया जो पूरे दिन भूखे - प्यासे रहे। किसानों द्वारा बेचा गया मटर एवं व्यापारियों द्वारा खरीदा गया सैकड़ों ट्रक मटर जिसकी

कीमत करोड़ों रूपये थी पूरा ट्रक में लदा सड़ गया। जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान के दौर से गुजरना पड़ रहा है। पूरे देश से मटर खरीदी करने आये व्यापारी उक्त घटना के बाद मटर खरीदी करने पर असमर्थता जाहिर कर रहे हैं। लिहाजा प्रशासन से सुरक्षा की मांग की गई थी।

# नवविवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिले के पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नंदरई में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। जिस पर मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

नवविवाहिता वर्षा पति दुर्गेश पटेल (22) को ससुराल पक्ष के लोग पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। जहां पर ड्यूटी डॉक्टर्स ने जांच परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर नव विवाहिता के मायके पक्ष से परिजन भी पथरिया अस्पताल पहुंचे। वर्षा के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था और मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या की आशंका जताई है।

मृतक की बहन लक्ष्मी पटेल ने बताया कि मेरी बहन की शादी करीब ढाई वर्ष पहले पथरिया के नंदरई ग्राम में दुर्गेश पटेल के साथ हुई थी। शादी के समय लगुन में एक लाख रुपये नगद एवं एक बाइक दी थी एवं दहेज में अपनी हैसियत के अनुसार सब कुछ दिया था। उसके बाद भी ससुराल पक्ष के लोग आए दिन दहेज को लेकर बहन को ताना देते थे कि तुम्हारे मायके वालों ने कुछ नहीं दिया। इसी बात को लेकर लगातार उसके साथ मारपीट की जाती थी। बहन लक्ष्मी ने कहा कि दो दिन पहले बात की थी तो वर्षा ने बताया था कि घर पर बात करने से मना करते हैं और फोन नहीं देते हैं। परिजनों ने इसकी शिकायत पुलिस में की है। पथरिया पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौपा है और मर्ग कायम कर मामले की जांच में लिया है।

इस मामले में पथरिया टीआई शुक्ला का कहना है कि 22 वर्षीय नवविवाहिता वर्षा पटेल को परिजन इलाज के लिए पथरिया स्वास्थ्य केंद्र लाए थे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर कई प्रकार के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसलिए मार्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।


**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 80 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 100 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु.110 |

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 114 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 104 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 84 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 70 |

मो.-9039925000, 9425800409


# ढाई दिन के अंदर घर बैठे बिजली का कनेक्शन मिलना अनूठी पहल : अग्रवाल



**जबलपुर,देशबन्धु।** भारत सरकार विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने प्रदेश के पॉवर सेक्टर में विद्युत उपभोक्ताओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं और विद्युत प्रणाली सुदृढ़ीकरण हेतु आरडीएसएस योजनान्तर्गत किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ढाई दिन के भीतर उपभोक्ताओं को घर बैठे नवीन कनेक्शन मिलना अनूठी पहल है। इस दौरान पंकज अग्रवाल ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय स्थित कंपनी के केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर 1912 एवं स्काडा कंट्रोल सेन्टर का अवलोकन किया। अग्रवाल ने अवलोकन के दौरान उपभोक्ताओं को प्रदाय की जा रही विद्युत आपूर्ति, ट्रिपिंग और फॉल्ट की निगरानी, रेस्टोरेशन की प्रक्रिया और मॉनीटरिंग व्यवस्था के साथ ही उपभोक्ता शिकायतों को दर्ज करने और त्वरित निराकरण की प्रक्रिया का अवलोकन किया और स्काडा कन्ट्रोल सेन्टर एवं कॉल सेन्टर की व्यवस्था की सराहना की।

इस दौरान प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा सहित मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


**आसान किस्तों में उपलब्ध** **मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है। 441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर मो. 9200000162 फोन- 2626496

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888,89

FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS

समदड़िया सिनेमा

MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)

16 seater Recliner Theatre Available for Private Screening for Families and Groups BOOK NOW. 6232124487

ANIMAL
09:00 AM 10:00 AM
11:00 AM 12:00 PM
01:00 PM 02:00 PM
03:00 PM 05:00 PM
06:00 PM 07:00 PM
09:00 PM 10:00 PM
11:00 PM

LUXARY THEATER SHOW TIME ANIMAL 11:30 AM 04:00 PM

SAMबहादुर 09:00 AM 03:45 PM 09:30 PM

हार नहीं मानूंगा 12TH FAIL 06:30 PM